CMYK



दैनिक

जयपुर,सीकर, झुंझुनूं, चुरू,नागौर एवं अलवर से एक साथ प्रकाशित

# जयपुर टाइम्स

नई सोच नई रफ्तार

jaipurtimes.org
twitter.com/JaipurTimes2
dainikjaipurtimes
youtube.com/c/JaipurTimes
instagram.com/jaipurtimesjt

वर्ष : 10 अंक : 77 ■ डाक पंजीयन संख्या : जयपुर सिटी / 007/2017-19 जयपुर, गुरूवार 10 अप्रैल, 2025 ■ RNI.No.RAJHIN/2016/70162 ■ मूल्य : 1.5 रुपए ■ पृष्ठ : 8+2


## बांग्लादेश को बड़ा झटका: भारत ने बंद की ट्रांसशिपमेंट सुविधा

जयपुर टाइम्स

नई दिल्ली(एजेंसी)।। भारत ने बांग्लादेश को दी जानी वाली माल ट्रांसफर सुविधा (ट्रांस-शिपमेंट) वापस ले ली है। इससे बांग्लादेश का भूटान, नेपाल और म्यांमार के साथ व्यापार बुरी तरह प्रभावित हो सकता है।

केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड की ओर से 8 अप्रैल को जारी सर्कुलर में इस फैसले की जानकारी दी गई। साल 2020 से जारी इस व्यवस्था के तहत बांग्लादेश से आने वाले सामान को भारत के रास्ते दूसरे देशों में भेजने की अनुमति दी गई थी। यह सामान जमीन के रास्ते भारतीय बंदरगाहों और हवाई अड्डों तक पहुंचता था। इसका मकसद यह था कि बांग्लादेश आसानी से भूटान, नेपाल और म्यांमार जैसे देशों को सामान भेज सके। अब यह सुविधा खत्म कर दी गई है। भारतीय कारोबारियों खासकर परिधान क्षेत्र के निर्यातकों ने सरकार से बांग्लादेश को दी जाने वाली यह सुविधा वापस लेने का आग्रह किया था।

ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) के प्रमुख अजय श्रीवास्तव ने कहा कि नए आदेश के बाद यह सुविधा तुरंत बंद कर दी गई है। लेकिन जो सामान पहले से ही भारत में आ चुका है, उसे पुराने नियमों के अनुसार बाहर जाने दिया जाएगा। श्रीवास्तव के मुताबिक, भारत ने बांग्लादेश के सामान को अपने बाजार में बिना किसी टैरिफ के आने की अनुमति दी है। यह सुविधा वर्ष 2020 से दी जा रही है। सिर्फ शराब और सिगरेट को छोड़कर बाकी सभी सामान पर कोई टैक्स नहीं लगता।



### प्रभावित होगा बांग्लादेश का व्यापार

माल हस्तांतरण सुविधा के बंद होने से बांग्लादेश के निर्यात और आयात पर असर पड़ेगा। खासकर भूटान, नेपाल और म्यांमार के साथ व्यापार में दिक्कत आएगी। ये देश तीसरे देशों के साथ व्यापार के लिए भारतीय रास्तों पर निर्भर हैं। पहले भारत से होकर जाने वाला रास्ता आसान था। इससे समय और पैसा दोनों बचता था। अब बांग्लादेश के व्यापारियों को ज्यादा समय लगेगा, ज्यादा खर्चा आएगा और अनिश्चितता भी बढ़ेगी। नेपाल और भूटान दोनों ही जमीन से घिरे हुए देश हैं। वे बांग्लादेश के साथ व्यापार के लिए भारत के रास्ते का इस्तेमाल करते हैं।

### भारतीय कारोबारियों को होगा लाभ

व्यापार विशेषज्ञों के अनुसार, इस निर्णय से परिधान, जूते, रत्न व आभूषण जैसे कई भारतीय निर्यात क्षेत्रों को लाभ होगा।

परिधान क्षेत्र में बांग्लादेश भारत का बड़ा प्रतिस्पर्धी है। भारतीय कपड़ों के निर्यात को बढ़ावा देने वाली संस्था अपैरल एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल के अध्यक्ष सुधीर सेखरी ने कहा कि दिल्ली में हर दिन 20-30 बांग्लादेशी ट्रक आते हैं, जिससे कार्गो टर्मिनलों पर जाम लग जाता है और माल ढुलाई की लागत बढ़ जाती है। भारतीय निर्यात संगठन महासंघ (एफआईईओ) के महानिदेशक अजय सहाय ने कहा कि अब हमारे पास अपने माल के लिए अधिक हवाई क्षमता होगी।

## न्यूज इनबॉक्स



### भारत-चीन के बीच संबंध सकारात्मक दिशा में बढ़ रहे आगे

जयपुर टाइम्स

नई दिल्ली(एजेंसी)।। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बुधवार को भारत और चीन संबंधों को लेकर बात की। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के संबंध सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। हालांकि, अभी भी कुछ मुद्दे बाकी हैं, जिन पर काम किया जाना बाकी है। रिश्तों को सामान्य बनाने के लिए इन मुद्दों पर काम करने की जरूरत है। विदेश मंत्री ने एक सम्मेलन में बोलते हुए यह बात कही। गलवान घाटी में झड़पों के बाद भारत-चीन संबंध 1962 के युद्ध के बाद से अपने सबसे निचले स्तर पर पहुंच गए थे। हालांकि, कूटनीतिक और सैन्य वार्ताओं के बाद, अक्तूबर 2024 में दोनों पक्षों के बीच पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर अंतिम दो टकराव बिंदुओं- देपसांग और डेमचोक के लिए एक विघटन समझौता हुआ, जिसके चलते दोनों पक्षों ने टकराव वाले स्थानों से अपने सैनिक वापस बुला लिए।

### जयपुर में आईपीएल को लेकर तैयारियां तेज

जयपुर टाइम्स

जयपुर(कासं.)। जयपुर में होने जा रहे आईपीएल मुकाबले को लेकर एक ओर जहां क्रीड़ा परिषद ने तैयारियों में कोई कसर नहीं छोड़ने की ठानी है, वहीं दूसरी ओर आयोजन से जुड़ी कई गंभीर समस्याएं सामने आ रही हैं। सवाई मानसिंह स्टेडियम में मात्र तीन दिन बाद आईपीएल मैच होना है, लेकिन स्टेडियम में अब तक निर्माण कार्य अधूरा पड़ा है। पवेलियन अब तक पूरी तरह तैयार नहीं हो पाया है और बीसीसीआई की टीम ने स्टेडियम की मौजूदा हालत को लेकर चिंता जताई है। क्रीड़ा परिषद ने एक अहम बैठक कर सभी कर्मचारियों के अवकाश तत्काल प्रभाव से रद्द कर दिए हैं। खेल सचिव नीरज के. पवन ने निर्देश जारी करते हुए कहा कि आईपीएल जैसे बड़े आयोजन को सफल बनाने के लिए कर्मचारियों की पूर्ण उपस्थिति जरूरी है। अब मैच से पहले परिषद का दफ्तर प्रतिदिन खुलेगा और सभी अधिकारी व कर्मचारी ड्यूटी पर तैनात रहेंगे।



## कैशलेस इलाज योजना में देरी पर केंद्र को 'सुप्रीम' फटकार

जयपुर टाइम्स

नई दिल्ली(एजेंसी)।। मोटर दुर्घटना पीड़ितों के लिए कैशलेस चिकित्सा उपचार में देरी को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को फटकार लगाई है। साथ ही अदालत ने सड़क परिवहन मंत्रालय के सचिव को वीडियो-कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए स्पष्टीकरण देने के लिए तलब किया। मामले में सुनवाई के दौरान जस्टिस अभय एस ओका और उज्जल भुइयां की पीठ ने इस बात पर आपत्ति जताई कि 8 जनवरी के आदेश के बावजूद केंद्र सरकार ने इसका अनुपालन नहीं किया।

### आदेश के बावजूद योजना नहीं हुई लागू

कोर्ट ने कहा कि 8 जनवरी को दिए गए आदेश के बावजूद केंद्र ने योजना को लागू नहीं किया, जो कि एक गंभीर उल्लंघन है। सुनवाई के दौरान जस्टिस अभय एस ओका और उज्जल भुइयां की पीठ ने इस पर आपत्ति जताई। साथ ही कहा कि यह न केवल अदालत के आदेश का उल्लंघन है, बल्कि एक लाभकारी कानून को लागू करने में भी देरी हो रही है।

अदालत ने केंद्र की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल विक्रमजीत बनर्जी से कहा कि यह उनका खुद का कानून है और यदि योजना लागू नहीं की जाती तो लोग अपनी जान गंवा सकते हैं। कोर्ट ने सड़क परिवहन मंत्रालय के सचिव को 28 अप्रैल को स्पष्टीकरण देने के लिए बुलाया।

बता दें कि बीते 8 जनवरी को सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र को निर्देश दिया था कि मोटर दुर्घटना पीड़ितों के लिए कैशलेस चिकित्सा उपचार की योजना तैयार की जाए, ताकि गोल्डन ऑवर में त्वरित चिकित्सा सुविधा मिल सके। कोर्ट ने सरकार से 14 मार्च तक यह योजना उपलब्ध कराने को कहा था। गोल्डन ऑवर वह समय होता है, जब दुर्घटना के बाद एक घंटे के भीतर चिकित्सा सहायता से जान बचाई जा सकती है।

## किरोड़ी लाल मीणा बोले- सभी विभाग रहें अलर्ट, किसी भी व्यक्ति की हीट वेव से न हो मौत

जयपुर टाइम्स

जयपुर(कासं.)। राज्य के आपदा प्रबंधन मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा ने बुधवार को शासन सचिवालय में बढ़ती गर्मी, संभावित हीट वेव और अन्य मौसमी आपदाओं से निपटने के लिए की जा रही तैयारियों की विस्तार से समीक्षा की गई। इस दौरान डॉ. किरोडी लाल ने वीसी के माध्यम से विभिन्न जिलों के जिला कलक्टरों से व्यवस्था का जायजा लिया तथा आवश्यक संसाधनों के साथ पूरी तरह तैयार रहने के निर्देश दिए।

किरोड़ी लाल मीणा ने कहा कि हीट वेव से प्रभावित लोगों के लिए प्राथमिक चिकित्सा सेवाओं की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। बैठक में पेयजल की नियमित आपूर्ति, विद्युत आपूर्ति की स्थिरता और विद्यालयों में दोपहर की छुट्टी या समय परिवर्तन, डिहाईड्रेशन से बचने के लिए जगह-जगह ओआरएस केन्द्र, मनरेगा के साथ अन्य निजी फैक्ट्रियों में काम करने वाले मजदूरों के समय में परिवर्तन तथा पानी और छाया जैसी आवश्यक व्यवस्थाओं पर भी चर्चा की गई।



## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बिश्नोई मंदिर में किए दर्शन

जयपुर टाइम्स

जयपुर (कासं.)मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बुधवार को अपने दो दिवसीय हनुमानगढ़- श्रीगंगानगर दौरे के तहत श्रीगंगानगर के बुड्ढा जोहड़ में श्री बिश्नोई मंदिर (डाबला) में दर्शन कर प्रदेश की सुख-समृद्धि व खुशहाली की प्रार्थना की।

इस दौरान शर्मा ने मंदिर परिसर में मौजूद आमजन को संबोधित करते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए मां अमृता देवी ने जो बलिदान दिया था, उसे आज भी सभी पूर्ण श्रद्धा भाव से नमन करते हैं। उन्होंने कहा कि बिश्नोई समाज सदैव पर्यावरण संरक्षण के लिए अग्रणी रहता है और पशु-पक्षियों के लिए उनका त्याग व प्रेम का भाव भी अनुकरणीय है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार भी पर्यावरण संरक्षण के लिए जरूरी कदम उठा रही है। इसके बाद मुख्यमंत्री ने बुड्ढा जोहड़ के ही शहीद नगर गुरूद्वारा साहिब में मत्था टेका और वहां उपस्थित सेवादारों व जनसमूह से आत्मीय संवाद किया। इससे पहले मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का श्रीगंगानगर से बुड्ढा जोहड़ के रास्ते में आमजन व किसानों ने भव्य स्वागत किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने गन्ने से गुड़ बनाने की प्रक्रिया देखी। उन्होंने किसान के साथ चारपाई पर बैठकर छाछ पी और ताजा गुड़ खाया।

इस अवसर पर श्रीयादे माटी कला बोर्ड के अध्यक्ष प्रहलाद राय टाक, विधायक गुरवीर सिंह बराड़ और बिश्नोई मंदिर समिति के अध्यक्ष अरविंद सियाग सहित मंदिर समिति के सदस्य, जनप्रतिनिधि व बड़ी संख्या में दर्शनार्थी उपस्थित रहे।

## जिम्मेदारी नहीं निभाने वाले नेता कांग्रेस से ले विदाई: खड़गे

जयपुर टाइम्स



अहमदाबाद(एजेंसी)। अहमदाबाद में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने पार्टी नेताओं को तीखा संदेश देते हुए कहा कि जो लोग पार्टी के काम में मदद नहीं करते हैं, उन्हें आराम करने की जरूरत है, जबकि जो लोग अपनी जिम्मेदारियां नहीं निभाते हैं, उन्हें सेवानिवृत्त हो जाना चाहिए। साबरमती नदी के तट पर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अधिवेशन में अपने अध्यक्षीय भाषण में खरगे ने इस बात पर भी जोर दिया कि संगठन में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्षों की भूमिका को काफी बढ़ाया जाएगा और उनकी नियुक्ति अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की तरफ से जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार सख्ती और निष्पक्षता से की जाएगी।

### संगठन के निर्माण में जिला अध्यक्षों की अहम भूमिका

उन्होंने कहा कि संगठन के निर्माण में जिला अध्यक्षों की भूमिका महत्वपूर्ण होने जा रही है। इसलिए उनकी नियुक्ति अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के दिशा-निर्देशों के अनुसार सख्ती और निष्पक्षता से की जानी चाहिए। खरगे ने कहा कि जिला अध्यक्ष को अपनी नियुक्ति के एक साल के भीतर सबसे अच्छे लोगों को जोड़कर बूथ कमेटी, मंडल कमेटी, ब्लॉक कमेटी और जिला कमेटी बनानी होती है। उन्होंने कहा कि इसमें कोई पक्षपात नहीं होना चाहिए।

### उम्मीदवार के चुनावी प्रक्रिया में शामिल होंगे जिलाध्यक्ष

कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि हमने देश भर के जिला अध्यक्षों की तीन बैठकें भी बुलाई। राहुल जी और मैंने उनसे बात की और उनके सुझाव लिए। भविष्य में हम चुनावों के लिए उम्मीदवार चयन प्रक्रिया में जिला अध्यक्षों को भी शामिल करने जा रहे हैं। खरगे ने कहा कि मैं यह भी कहना चाहता हूं कि जो लोग पार्टी के काम में मदद नहीं करते, उन्हें आराम करने की जरूरत है, जो अपनी जिम्मेदारियों को पूरा नहीं करते, उन्हें रिटायर हो जाना चाहिए।



## राजस्थान में झुलसाने वाली गर्मी से हाल - बेहाल

जयपुर टाइम्स

जयपुर(कासं.)। मरूधरा में इस बार अप्रैल के शुरुआत में ही गर्मी का सितम कहर बरपा रहा है। सूर्य के तीखे तेवरों ने राजस्थान के पारे को उबाल पर ला दिया है। राजस्थान के 41 शहरों में पारा 41 से 47 डिग्री के बीच है।

मंगलवार को 19 जिले हीटवेव की चपेट में रहे, इनमें से 4 जिलों में रेड अलर्ट जारी हुआ। वहीं आज बुधवार को मौसम विभाग ने प्रदेश के 25 शहरों में जबरदस्त हीट वेव की चेतावनी जारी की है।

प्रदेश में अधिकतम पारा सामान्य से 5 से 8 डिग्री तक अधिक चल रहा है। जैसलमेर, बाड़मेर, चित्तौड़गढ़, कोटा, चूरू और बीकानेर में अधिकतम तापमान 44 से 47 डिग्री के बीच चल रहा है।

मंगलवार सुबह तक मौसम विभाग ने 19 शहरों में ही लू की चेतावनी जारी की थी। इनमें से भी सिर्फ जैसलमेर को रेड अलर्ट श्रेणी में रखा गया था लेकिन दोपहर होते-होते हीट स्ट्रोक का इतना भयंकर असर रहा है कि लगभग पूरे प्रदेश में ही लू चलने लगी और राजधानी जयपुर सहित 22 जिले इसकी चपेट में आ गए।

## जल्द पूरा हो सकता है भारत-अमेरिका व्यापार समझौता!

जयपुर टाइम्स

नई दिल्ली(एजेंसी)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की टैरिफ नीति को लेकर दुनियाभर के बाजार में उथल-पुथल मची हुई है। इसका अच्छा खासा असर अमेरिका के साथ व्यापारिक संबंधों में जुड़े देशों पर भी हो रहा है। इसी बीच ट्रंप की टैरिफ नीति का भारत पर होने वाले असर और भारत-अमेरिका के व्यपारिक संबंध को लेकर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बातचीत की। उन्होंने कहा कि बीते 3 तारीख को वाणिज्य मंत्रालय ने एक विस्तृत प्रेस विज्ञप्ति जारी की थी, जिसमें भारत की स्थिति स्पष्ट की गई थी। उन्होंने कहा कि भारत अमेरिका की ओर से लगाए गए टैरिफ के प्रभावों का अध्ययन कर रहा है। साथ ही, दोनों देशों की व्यापार टीमों के बीच पारस्परिक टैरिफ और व्यापार के मुद्दों पर चर्चा चल रही है। जायसवाल ने यह भी कहा कि भारत अमेरिका के साथ अपनी व्यापक वैश्विक रणनीतिक साझेदारी को महत्व देता है और दोनों देशों के बीच एक पारस्परिक रूप से लाभकारी और बहु-क्षेत्रीय द्विपक्षीय व्यापार समझौते को शीघ्र पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने उम्मीद जताई कि दोनों देशों की व्यापार टीमें जल्द ही इस समझौते को अंतिम रूप दे लेंगी।



### जयशंकर और मार्को रुबियो की बातचीत

जायसवाल ने आगे एस जयशंकर और उनके अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो के बीच बुधवार को एक महत्वपूर्ण टेलीफोन बातचीत के बारे में जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि इस बातचीत में दोनों नेताओं ने कई अहम मुद्दों पर चर्चा की, जिसमें क्षेत्रीय विकास, अंतर्राष्ट्रीय विकास, और द्विपक्षीय व्यापार समझौते के जल्द समापन के महत्व पर जोर दिया गया।

### भारत-अमेरिका व्यपारिक संबंधों पर चर्चा

जायसवाल ने आगे बताया कि दोनों नेताओं ने विशेष रूप से अमेरिका-भारत व्यापार संबंधों पर विचार किया और इस बात पर सहमति जताई कि द्विपक्षीय व्यापार समझौते को जल्द ही अंतिम रूप देना चाहिए। जयशंकर ने इस बातचीत के बाद कहा कि उन्होंने और रुबियो ने इंडो-पैसिफिक, भारतीय उपमहाद्वीप, यूरोप, मध्य पूर्व/पश्चिम एशिया और कैरिबियन सहित कई भू-राजनीतिक मुद्दों पर अपने विचारों का आदान-प्रदान किया।

### तहव्वुर राणा मुद्दे पर भी बोले जायसवाल

साथ ही रणधीर जायसवाल ने आगे मुंबई हमले के आरोपी तहव्वुर राणा की वापसी पर भी बातचीत की। उन्होंने कहा कि अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने तहव्वुर राणा की याचिका को खारिज कर दिया है। उन्होंने यह भी कहा कि राणा के प्रत्यर्पण के बारे में फिलहाल कोई नई जानकारी नहीं है, और उचित समय पर इस पर अपडेट दिया जाएगा।

CMYK

# राजधानी जयपुर टाइम्स

जयपुर, गुरूवार
10 अप्रेल, 2025


## रामस्वरूप मेवाड़ा का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त होने पर किया स्वागत सम्मान

**जयपुर टाइम्स**

ब्यावर(नि.सं.)। नवनियुक्त अखिल भारतीय जायसवाल- कलाल (सर्ववर्गीय) महासभा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष रामस्वरूप मेवाड़ा का भाजपा जिलाध्यक्ष अजमेर देहात जीतमल प्रजापत, मसूदा विधायक वीरेंद्र सिंह कानावत, नगर पालिका विजयनगर अध्यक्ष अनीता मेवाड़ा द्वारा माला व साफा पहनाकर स्वागत सम्मान किया। साथ ही विजयनगर भाजपा मंडल अध्यक्ष अमित मोदी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष सुभाष वर्मा, भाजपा



जिला कोषाध्यक्ष आशीष सांड, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष अर्जुन नलिया, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष मुकेश कंवर राठौड़, ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष कैलाश गुर्जर, मिट्ठू लाल रांका, मदन गोपाल बाल्दी, नोरतमल लोढ़ा, चतरसिंह पीपाड़ा, पूर्व युवा मोर्चा अध्यक्ष सतीश ओझा, युवा मोर्चा अध्यक्ष हितेश मेवाड़ा, पार्षद मनीष वैष्णव, ज्ञानचंद प्रजापत, अमित लोढ़ा, कृष्णकांत छीपा, अभिषेक रांका सहित सभी वरिष्ठजनो द्वारा मेवाड़ा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनने पर स्वागत सम्मान किया एवं शुभकामनाएं दी।

## मनमाने दाम पर बिक रही निजी स्कूलों की किताबें, अभिभावकों की ढीली हो रही जेब

**जयपुर टाइम्स**

राजगढ़(नि.सं.)। नया शैक्षणिक सत्र शुरू होने के साथ निजी स्कूलों की लूट चालू है किताबों के प्रकाशक, दुकानदार और स्कूलों के बीच सांठगांठ में अभिभावकों की जेब ढीली हो रही है इस सम्बंध में कुछ लोगो का कहना था कि प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी की किताबो से तो महंगी नर्सरी, पहली, दूसरी क्लास के बच्चो की किताब महंगी है स्कूल वाले सबसे पहले उन्हीं प्रकाशकों की किताबें लगाते हैं जो तगड़ा कमीशन देते हैं एक बार स्कूल ने किताबें बेचने के लिए अधिकृत किया तो दुकानदार अभिभावकों को कॉपी, स्टेशनरी और यहां तक कवर खरीदने को मजबूर करते हैं कॉपी और स्टेशनी वगैरह में अच्छी मार्जिन होने के कारण दुकानदार मोटी कमाई करते हैं

**इनका कहना**

अभी तक किसी भी प्रकार की शिकायत प्राप्त नही हुई है अगर कोई एक दुकान से किताब खरीदने हेतु पाबंद करता है अगर शिकायत प्राप्त होती है तो विभागीय कार्यवाही की जाएगी

**कमल कुमार मीणा**
**अतरिक्त ब्लाक मुख्य शिक्षा अधिकारी राजगढ़**

## नगरपालिका ने काटे चालान

**जयपुर टाइम्स**

राजगढ़(नि.सं.)। कस्बे मे नगरपालिका द्वारा बुधवार को काकवाड़ी बाजार मे अतिक्रमण को लेकर कार्यवाही की गयी वही इस दौरान नगरपालिका कर्मी और दुकानदारों मे तीखी बहस नजर आई वही दुकानदारो ने नगरपालिका द्वारा की गयी कार्रवाई को गलत बताया वही



नगरपालिका ने दुकानो पर कार्यवाही करते हुए दो सौ पचास रुपये के हिसाब से 17 चालान बनाए वही नगरपालिका ने बुधवार से फल मंडी को गोलमार्किट से शिफ्ट कर खाई ऊपर सराय बाजार शिफ्ट किया है

## हनुमान जन्मोत्सव के कार्यक्रमों पर की चर्चा

**जयपुर टाइम्स**

अलवर(नि.सं.)। हजूरी गेट स्थित प्राचीन नरसिंह हनुमान मंदिर पर बुधवार को नरसिंह हनुमान मंदिर सेवा समिति की एक बैठक मंदिर महंत पंडित विवेकानन्द शर्मा के नेतृत्व में आयोजित की गई 12 अप्रैल को हनुमान जन्मोत्सव पर होने वाले कार्यक्रम पर चर्चा की। बैठक में रामकिशन शर्मा अनिल शर्मा,लवी जैमन,सूरज दुबे,दीपक दुबे,पुनीत अरोड़ा,अशोक शर्मा,पंकज शर्मा,रिक्की टोंगड़ा,ओमप्रकाश शर्मा,उमेश शर्मा,ललित भरद्वाज,रतनदीप भारद्वाज,अंकुल शर्मा,हेमंत शर्मा,गौरव शर्मा,मनोज शर्मा,पवन शर्मा,साहिल शर्मा,होती लाल शर्मा आदि उपस्थित रहे।

## महावीर जयंती आज

**जयपुर टाइम्स**

राजगढ़ (नि.सं.)। जैन धर्म के 24 वे तीर्थंकर महावीर स्वामी की जन्म जयंती आज मनाई जाएगी जैन समाज के अध्यक्ष राजेंद्र जैन ने बताया कि शोभायात्रा पुरानी नगरपालिका से शुरु होकर मेला का चौराहा स्थित जैन नसिया मंदिर पहुँचेगी जहाँ भगवान का अभिषेक होगा उसके साथ प्रसाद वितरण किया जाएगा।

# जिला कलक्टर ने शहर का अलसुबह दौरा कर पेयजल आपूर्ति एवं साफ-सफाई व्यवस्था का लिया जायजा

### विभिन्न स्थानों पर घरों में जाकर पेयजल सप्लाई का लिया फीडबैक

**जयपुर टाइम्स**

अलवर(नि.सं.)। जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने बुधवार को जलदाय विभाग की टीम के साथ अलसुबह शहर का दौरा कर धरातल पर पेयजल आपूर्ति व्यवस्था का निरीक्षण किया व आमजन से पेयजल सप्लाई के समय उनके घरों पर जाकर पेयजल सप्लाई को देखा व उनसे फीडबैक लिया।

जिला कलक्टर ने कंपनी बाग के गेट नंबर 3 के आसपास, मन्नी का बड, नरूका कॉलोनी बस स्टैंड, शिवाजी पार्क 5 क, दिल्ली दरवाजा क्षेत्र, विकास पथ एवं यूआईटी के आसपास के क्षेत्रों में जाकर पेयजल आपूर्ति व साफ-सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया व आमजन



से फीडबैक लिया। उन्होंने जलदाय विभाग के अधीक्षण व अधिशाषी अभियंताओं को निर्देशित किया कि नये लगाए गए बोरिंग के मिलान आदि समस्त कार्य त्वरित गति से पूर्ण कर पेजयल आपूर्ति पूर्ण क्षमता से शुरू करें। उन्होंने निर्देश दिये कि सुचारु पेयजल आपूर्ति हेतु प्रभावी मॉनिटरिंग रखे। जलदाय विभाग की टीम नियमित तौर पर फील्ड में रहें तथा कार्यालय में आमजन की परिवेदानाओं को सुनकर उसका निदान करें। राइजिंग लाइन से अवैध कनेक्शन हटाने की कार्रवाई जारी रखें। उनसे दिल्ली दरवाजा बाहर गंगा मंदिर के आसपास की महिलाओं ने पेयजल पाइपलाइन के मिलान के लिए आग्रह किया, जिस पर उन्होंने अधिशाषी अभियन्ता को आज ही कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिये। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि शहर में पानी कि मोटर व उपकरण आदि खराब होने पर तुरंत दुरुस्त करावे। पेयजल सप्लाई लाइन लीकेज को अविल ब दुरुस्त किया जावे। पेयजल प्रभावित क्षेत्रों में टेंकर्स से आपूर्ति कराई जावे। उन्होंने निर्देश दिये कि पेयजल आपूर्ति से जुडी आमजन की प्रत्येक समस्या को गंभीरता से सुनकर उसका त्वरित निदान करने के प्रयास करें। उन्होंने मौके पर आमजन कि परिवेदनाओं को सुनकर त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। पेयजल आपूर्ति व्यवस्था में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस दौरान एडीएम प्रथम मुकेश कायथवाल, जलदाय विभाग के अतिरिक्त मुख्य अभियंता भवानी सिंह शेखावत, अधीक्षण अभियंता रमेश चंद सैनी, अधिशासी अभियन्ता संजय कुमार सिंह, कमल नारंग, सहायक अभियंता पवन जांगिड़, सुनील यादव सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।



## जिला स्तरीय यूथ बालक - बालिका वर्ग की बॉक्सिंग ट्रायल संपन्न

**जयपुर टाइम्स**

अलवर(नि.सं.)। जिला स्तरीय यूथ बालक बालिका वर्ग की बॉक्सिंग ट्रायल 9 अप्रैल को इंदिरा गांधी स्टेडियम में संपन्न हुई। जिला सचिव देवेंद्र सिंह रावत ने बताया की बालिका वर्ग में दृष्टि गुप्ता, खुशी शर्मा, नाम्या ठक्कर, संस्कृति यादव व राधा जांगिड़ विजेता रही एवं बालक वर्ग में जोय शर्मा, आयुष्य सैनी, आर्यन फौजदार, अमरिंदर सिंह व साहमीर खान विजेता रहे। संघ के अध्यक्ष दिनेश भार्गव ने बताया कि चयनित मुक्केबाज 10 अप्रैल को सवाई मानसिंह स्टेडियम जयपुर में होने वाली राष्ट्रीय खेल हेतु होने वाली चयन प्रक्रिया में भाग लेंगे। साधना शर्मा, भूपेंद्र सिंह राठौड़, अजीत यादव और मनीष सैनी निर्णायक मंडल में रहे। बॉक्सिंग कोच सुनील सैनी, गिरीश शर्मा, संजीव शर्मा व दीपक प्रजापत आदि ने चयनित मुक्केबाजों को शुभकामनाएं दी।

## पंजाबी समाज द्वारा आपसी भाईचारे का प्रतीक बैसाखी पर्व पर आयोजित होगा बैसाखी मेला

**जयपुर टाइम्स**

अलवर (नि.सं.)। अतुल्य श्री पंजाबी समाज अलवर, राष्ट्रीय पंजाबी महासभा अलवर, समस्त पंजाबी समाज अलवर द्वारा आपसी भाईचारे का प्रतीक बैसाखी पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा।

कार्यक्रम संयोजक बालकिशन आहूजा ने बताया कि मनोरंजन एवं रोमांच से भरपूर भव्य बैसाखी मेले का आयोजन 13 अप्रैल रविवार को होटल स्वरूप विलास पैलेस में शाम 5:00 बजे से शुरू होगा।

इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अशोक कुमार बैरी अखिल भारतीय अधिकारी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ एवं अनुराग सरीन ज्वॉइंट कमिश्नर स्टेट जीएसटी जयपुर होंगे। वहीं




कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ मुकेश अरोड़ा राष्ट्रीय अध्यक्ष अतुल श्री पंजाबी समाज करेंगे, कार्यक्रम में अति विशिष्ट अतिथि अमित छाबड़ा अध्यक्ष राष्ट्रीय पंजाबी महासभा अलवर एवं अभिषेक तनेजा होंगे। कार्यक्रम में आकर्षक स्टालें रंगारंग कार्यक्रम गेम्स, बच्चों के लिए झूले, भूल भुलैया, भव्य आतिशबाजी, गिद्दा पार्टी, ड्रोन स्क्रीनिंग, एनिमल राईडिंग, पंजाबी सिंगर, एवं लजीज व्यंजन की स्टालें भी रहेगी वहीं कार्यक्रम में पंजाब की भांगड़ा पार्टी आकर्षण का केंद्र रहेगी कार्यक्रम में प्रवेश निःशुल्क रहेगा। मेला संयोजक पंकज मल्होत्रा नें बताया की इस अवसर पर समाज के बुजुर्गो व प्रशासनिक शीर्ष पदों पर अलवर मे सेवा दे रहे पंजाबीयो को कार्यक्रम मे विशिष्ट अतिथि बनाया जायेगा।

राष्ट्रीय पंजाबी महासभा के उपाध्यक्ष राजू धवन नें बताया कि कार्यक्रम कि सफलता हेतु 11 टीम आयोजक कमेटी बनाई गयी हैं जो लगातार विगत 7 दिवस से जिले भर के अधिकतम पंजाबी परिवारों तक पहुंच कर उन्हें कार्यक्रम का निमंत्रण पंहुचा रही हैं। राष्ट्रीय पंजाबी महासभा अध्यक्ष अमित छाबड़ा नें बताया कि बैसाखी मेले की भव्यता के लिए प्रोफेसर संजय दरगन, सौरभ कालरा, सुनील आहूजा, विशाल चौधरी, प्रमोद मेहता, किशोर गांधी, संदीप आहूजा, अभिषेक आहूजा, वैभव मेंहदीरत्ता, पवन सोनी, विशाल जासूजा, मधुर हर्ष भाटिया, अमित लौटा, साहिल जुनेजा के निर्देशन मे विभिन्न मंडलिया तैयारियो मे जुटी हुई हैं।

## शिविर में 119 छात्राओं को सीपीआर, बेसिक लाइफ सपोर्ट की दी गई ट्रेनिंग

अलवर(नि.सं.)। राजस्थान राज्य भारत स्काउट एंड गाइड जिला मुख्यालय प्रशिक्षण केंद्र नगर बगीची अलवर पर गाइड ग्रुप शिविर में बुधवार को इंडियन रेड क्रॉस सोसायटी अलवर द्वारा 119 छात्राओं को सीपीआर, बेसिक लाइफ सपोर्ट की ट्रेनिंग दी गई।

जिला सचिव एवं सी ओ ( गाइड) कल्पना शर्मा द्वारा सेंट जॉन ए बुलेंस इंडिया अलवर शाखा के चेयरमैन गिरीश गुप्ता और ट्रेनर डॉ कुमुद गुप्ता का स्कार्फ पहनाकर स्वागत किया। शिविर में शर्मा मॉडर्न शिक्षक प्रशिक्षण संस्थान पाटन अहीर, लॉर्ड्स कॉलेज चिकानी, भारतीय शिक्षण प्रशिक्षण संस्थान किशनगढ़ बास, राव बी.एड. कॉलेज कोठी नारायणपुर, श्री भवानी शंकर शिक्षक प्रशिक्षण संस्थान नारायणपुर की छात्राओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम में गिरीश गुप्ता एवं डॉ प्रमोद गुप्ता के द्वारा सीपीआर, बेसिक लाइफ सपोर्ट के साथ बहुत सारी बीमारियों के लक्षण इलाज एवं खान-पान के बारे में जानकारी दी गई। इस अवसर पर सचिव स्थानीय संघ बहरोड प्रवीण यादव, चंद्रभान, कौशल्या देवी, पूजा और प्रियंका उपस्थित रहे प्रवीण द्वारा अतिथियों का आभार प्रकट किया गया।



## ए.सी. सर्विस और रिपेयरिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

**जयपुर टाइम्स**

अलवर(नि.सं.)। पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान द्वारा ए.सी. सर्विस और रिपेयरिंग का 30 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि जिला अग्रणी प्रबंधक बाबूलाल पालरिया और डीडीएम नाबार्ड प्रदीप चौधरी रहे। आरसेटी निदेशक जे पी मीणा ने



मुख्य अतिथि का माल्यार्पण करके स्वागत किया। डीडीएम नाबार्ड प्रदीप चौधरी ने प्रशिक्षणार्थीयो को सम्बोधित करते हुए कहा कि आजकल गर्मियों में तापमान अधिक होने के कारण एसी एक आवश्यक उपकरण बन गया हैं और इस क्षेत्र में रोजगार के अच्छे अवसर हैं। जिला अग्रणी प्रबंधक बाबूलाल पालरिया ने बताया कि प्रशिक्षण के पश्चात प्रशिक्षणार्थियों को वितीय आवश्यकता होती है तो पीएनबी बैंक आपके साथ रहेगा। संस्था निदेशक जे पी मीणा ने बताया कि अपना स्वयं का रोजगार स्थापित करने के लिए हमारी संस्था विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन करती है हमे बड़ी खुशी है की हमारी संस्था पहला ए.सी. सर्विस और रिपेयरिंग प्रशिक्षण कराने जा रही है।

**नेता प्रतिपक्ष जूली ने प्रदेश की भाजपा पर साधा निशाना**

## कहा जब पूर्व मुख्यमंत्री राजे के गृह जिले का अगर यह हाल है तो आमजनता पानी के लिए कैसे उम्मीद कर सकती है

**जयपुर टाइम्स**

अलवर/जयपुर(नि.सं.)। नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे के पेयजल के ट्वीट के बाद बयान जारी कर कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री के गृह जिले का अगर यह हाल है तो आम जनता पानी उपलब्ध होने की कैसे उम्मीद कर सकती है। जूली ने राजे के अफसर सो रहे हैं, जनता रो रही है ट्वीट को लेकर प्रदेश की भजनलाल सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि जलदाय मंत्री को इन परिस्थितियों पर तुरंत संज्ञान लेना चाहिए।

उन्होंने कहा कि बैसाखी पर लाचार तरीके से चल रही इस सरकार का अधिकारियों पर कोई अंकुश ही नहीं है। जूली बोले प्रदेश के जलदाय मंत्री कहते हैं कि मैं हनुमान जी नहीं जो फूंक मारकर पानी ले आऊं, शर्म करो मंत्री जी आप हनुमान जी तो नहीं लेकिन जनता ने जिन उम्मीदों से आपको कुर्सी पर बैठाया है आपका फर्ज बनता है कि आप जनता को पानी उपलब्ध कराने का काम करें।

उन्होंने कहा कि ईआरसीपी और जेजेएम के नाम पर प्रदेशवासियों के साथ सरकार धोखा कर रही है और अब गर्मी को देखते हुए उनके अधिकारियों और उनके पास कोई कंटीन्जेंसी प्लान भी नहीं है। उन्होंने



कहा कि जिस ईआरसीपी का प्रदेश के मुखिया हेलीकॉप्टर में बैठकर जायजा ले रहे हैं वह पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के कार्यकाल की देन है।

उन्होंने कहा कि इससे शर्मनाक बात और कोई हो नहीं सकती की पूर्व मु यमंत्री को अपनी पार्टी की सरकार होने के बावजूद भी पानी जैसी मूलभूत आवश्यकता की पूर्ति के लिए अपनी बात को सोशल मीडिया और मीडिया के माध्यम से ट्वीट के जरिए कहना पड़ रहा है।

**आयुष्मान अलवर अभियान**

# रोगों से बचाव एवं स्थाई उपचार हेतु आयुर्वेद के विकल्प को संकल्प बनाना होगा - डॉ. शेखावत

### निःशुल्क मेगा आयुर्वेद चिकित्सा शिविर आयोजित, 315 रोगियों ने लिया परामर्श

**जयपुर टाइम्स**

अलवर(नि.सं.)। जय गणपत जन कल्याण ट्रस्ट एवं पतंजलि योग संस्थान अलवर के संयुक्त तत्वावधान में योग भवन, अरावली विहार पार्क, काला कुआं हाउसिंग बोर्ड में प्रातः 8 से 1 बजे तक निःशुल्क मेगा आयुर्वेद चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। शिविर का सुप्रारंभ पतंजलि योग संस्थान के जिला प्रभारी बृज मोहन पाठक, हट्टी सिंह राजावत एवं जय गणपत जन कल्याण ट्रस्ट के संयोजक डॉ. पवन सिंह शेखावत एवं डॉ अनिल कुमार जैन ने भगवान धनवंतरी प्रतिमा समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया।

शिविर में उपलब्ध सेवाओं की जानकारी डॉ. मुकेश चंद प्रजापत ने दी। कार्यक्रम में जय गणपत जन कल्याण ट्रस्ट द्वारा संचालित आयुष्मान अलवर अभियान के पोस्टर का विमोचन मंचासीन अतिथिगणों द्वारा किया गया। स्वास्थ्य संरक्षण एवं रोगोपचार में आयुर्वेद की विशिष्ठता विषय पर व्याख्यान देते हुए जिला आयुर्वेद चिकित्सालय अलवर के डॉ पवन सिंह शेखावत ने कहा कि वर्तमान समय में पुनः लोगों को यह समझ आने लगा है कि स्वस्थ शतायु जीवन के लिए, रोगों से बचाव एवं रोगों के स्थाई




समाधान के लिए दुष्प्रभाव रहित आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति ही श्रेष्ठ विकल्प है, जरूरत भारतीय चिकित्सा पद्धति आयुर्वेद के विकल्प को संकल्प के रूप में अपनाने की है, जीवन शैलीगत विकार हो या संक्रामक रोग, आयुर्वेद से बेहतर परिणाम आमजन को दिन प्रतिदिन मिल रहे हैं। पतंजलि योग संस्थान के जिला प्रभारी बृज मोहन पाठक ने बताया कि शिविर में डायबिटीज , रक्तचाप, स्त्री रोग (प्रदर विकार, महावारी विकार, गर्भाशयगत विकार, पीसीओडी, मूत्र मार्ग संक्रमण इत्यादि रोगों), अस्थि संधिगत एवं तंत्रिकाजनित विकार गर्दन दर्द (सर्वाइकल) कमर दर्द ( स्लिप डिस्क, नसों का दबाव), घुटनों का दर्द (ओस्टियो आर्थराइटिस) साइटिका, ओस्टियोपोरोसिस (कैल्शियम की कमी), एविएन, ऐड़ी का दर्द, वातरक्त (गाउट), टेनिस एल्बो, आमवात (गठिया) से पीड़ित रोगियों को जय गणपत जन कल्याण ट्रस्ट से जुड़े अनुभवी आयुर्वेदाचार्य डॉ अनिल कुमार जैन, डॉ मुकेश चंद प्रजापत, डॉ अभिलाषा शर्मा, डॉ धर्मेंद्र यादव एवं जिला आयुर्वेद चिकित्सालय के वरिष्ठ आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ पवन सिंह शेखावत ने रोगियों को चिकित्सा परामर्श दिया।

शिविर में पतंजलि के योग शिक्षकों द्वारा रोगियों को योग चिकित्सा परामर्श दिया गया। शिविर में बीपी, शुगर, बीएमआई की 148 रोगियों की निःशुल्क जांच की गई।

शिविर आयोजन में पतंजलि योग संस्थान के बृजमोहन पाठक, कान सिंह नरूका, हट्टी सिंह राजावत, सीमा चौधरी, राजेंद्र नागर, निखिल अग्रवाल, विष्णु भगवान, रामदयाल चौधरी, ओम प्रकाश शर्मा, धर्मेंद्र शर्मा, मुकेश अग्रवाल, अशोक बंसल, कमलेश कटारिया, शारदा गोयल, नीतू शर्मा सहित जय गणपत जन कल्याण ट्रस्ट के दीपचंद, रजनी, हिम्मत सिंह नरूका, हरिओम, राजदीप इत्यादि लोगों का विशेष सहयोग रहा।

राजधानी जयपुर टाइम्स

जयपुर, गुरुवार
10 अप्रेल, 2025

# जयपुर विकास प्राधिकरण कार्यकारी समिति की बैठक सम्पन्न, निविदा प्रपत्र का किया अनुमोदन




**जयपुर टाइम्स**

जयपुर, (कासं.)। जयपुर विकास आयुक्त आनन्दी की अध्यक्षता में बुधवार को जेडीए के मंथन सभागार में कार्यकारी समिति की 249वीं बैठक संपन्न हुई।

बैठक में गोपालपुरा बाईपास पर त्रिवेणी नगर आरओबी से गुर्जर की थड़ी तक एलीवेटेड रोड निर्माण के निविदा प्रपत्र का अनुमोदन किया गया।

जोन-6 में कालवाड़ रोड़ से खिरणी फाटक रोड तक एवं अजमेर-दिल्ली बाईपास से खातीपुरा रोड तक वर्षा जल निकासी हेतु ड्रेनेज निर्माण की निविदा का अनुमोदन किया गया। (सीबीआई/इंदुनी फाटक), जेडीए, जयपुर पर एलसी 214 पर आरओबी के निर्माण कार्य के लिए पूर्व में आमंत्रित निविदा को निरस्त करने एवं नवीन निविदा आमंत्रित करने की कार्योत्तर स्वीकृति प्रदान की गई।

जयपुर सवाईमाधोपुर रेलवे लाइन पर सालिग्रामपुरा फाटक एलसी 67 (ए) पर आरओबी के निर्माण कार्य के लिए पूर्व में आमंत्रित निविदा को निरस्त करने एवं नवीन निविदा आमंत्रित करने की कार्योत्तर स्वीकृति प्रदान की गई।यह पॉलिसी मुद्रास्फीति समायोजित वृद्धि का समर्थन करने के स्पष्ट इरादे को दर्शाती है, जिसमें मुद्रास्फीति पर ध्यान केंद्रित किया गया है।

वित्त वर्ष 2025-26 की अपनी पहली मॉनेटरी पॉलिसी में रेपो दर को 25 आधार अंकों से घटाकर 6त्न करने का निर्णय, साथ ही 'समायोज्य' रुख में बदलाव एक महत्वपूर्ण मोड़ पर आया है और यह अर्थव्यवस्था में ऋण गति को समर्थन देने और तेज करने के लिए उत्प्रेरक का काम करता है।

राजेंद्र कुमार सेतिया, प्रबंध निदेशक और सीईओ, एसके फाइनेंस लिमिटेड यह घोषणा मुद्रास्फीति समायोजित वृद्धि का समर्थन करने के स्पष्ट इरादे को दर्शाती है, जिसमें खाद्य कीमतों को कम करके मुद्रास्फीति को पहले से निर्धारित लक्ष्य 4त्न पर बनाए रखने पर निरंतर ध्यान केंद्रित किया गया है। यह ऋण और बैंकिंग पारिस्थितिकी तंत्र में ऋण देने के लिए अनुकूल वातावरण बनाता है क्योंकि अर्थव्यवस्था विकास के अगले चरण के लिए तैयार होती है।

रेपो दर में कमी से ऋण वृद्धि में तेजी आती है, जिससे हमारे जैसे ऋणदाताओं को ग्रामीण और अर्ध शहरी भारत में जिम्मेदार ऋण देने के माध्यम से वंचित समुदायों का समर्थन करने के लिए अपनी सेवाओं का विस्तार करने में मदद मिलती है, जहां हम बड़े पैमाने पर काम करते हैं।

# प्रहरी सीधी भर्ती परीक्षा-2024 के लिए नियंत्रण कक्ष की स्थापना

- राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड द्वारा 12 अप्रैल को किया जाएगा परीक्षा का आयोजन
- जयपुर शहर के 176 परीक्षा केन्द्रों पर दो पारियों में आयोजित होगी परीक्षा

**जयपुर टाइम्स**

जयपुर(कासं.)। राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड द्वारा 12 अप्रैल 2025 को प्रहरी सीधी भर्ती परीक्षा-2024 का आयोजन किया जाएगा। परीक्षा का आयोजन जयपुर शहर के 176 केन्द्रों पर होगा। दो पारियों में (प्रथम पारी प्रातः 10 बजे से दोपहर 12 बजे एवं द्वितीय पारी दोपहर 3 बजे से सांय 5 बजे तक) आयोजित होने वाली परीक्षा में कुल 61 हजार 968 अभ्यर्थी पंजीकृत हैं।अतिरिक्त जिला कलक्टर (पूर्व) गोपाल सिंह शेखावत ने बताया कि परीक्षा के सुचारू एवं सफल संचालन के लिये कलक्ट्रेट के कमरा नम्बर 116 में नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है जिसका संचालन 10 अप्रैल से 12 अप्रैल 2025 तक किया जाएगा। नियंत्रण कक्ष 10 अप्रैल एवं 11 अप्रैल 2025 तक प्रातः 10 बजे से सांय 6 बजे तक कार्य करेगा। वहीं, 12 अप्रैल को प्रातः 7 बजे से परीक्षा समाप्ति उपरान्त नियंत्रण कक्ष से संबंधित समस्त कार्य पूर्ण होने तक कार्य करेगा। परीक्षा के लिए कुल दो पारियों में 92 उप समन्वयक एवं 31 उड़नदस्तों का तैनाती की गई है। उन्होंने बताया कि जयपुर स्थित परीक्षा केन्द्रों के लिए नियंत्रण कक्ष का दूरभाष नम्बर 0141-2206699 रहेगा। उक्त नियंत्रण कक्ष पर जयपुर में स्थापित किये गए परीक्षा केन्द्रों से संबंधित जानकारियां प्रदान की जाएंगी एवं जयपुर स्थित परीक्षा केन्दों से संबंधित शिकायतों का निस्तारण किया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड द्वारा आवेदन प्रक्रिया पूर्ण करने के बाद भर्ती परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि परीक्षा के आयोजन के लिए पुलिस, नगर निगम, यातायात पुलिस, शिक्षा विभाग, चिकित्सा विभाग, नागरिक सुरक्षा विभाग, विद्युत विभाग, रोडवेज, जेसीटीसीएल सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों को

# फुलेरा में पेंशनर्स का प्रदर्शन, 8वें वेतन आयोग से बाहर रखने पर केंद्र सरकार के खिलाफ आक्रोश

## प्रधानमंत्री के नाम उपखंड अधिकारी को सौंपा गया विरोध पत्र




**जयपुर टाइम्स**

फुलेरा (निसं.) । 8वें वेतन आयोग से पेंशनर्स को बाहर रखने के केंद्र सरकार के निर्णय के खिलाफ बुधवार को फुलेरा में पेंशनर्स का गुस्सा फूट पड़ा। बड़ी संख्या में सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं वरिष्ठ नागरिक सड़कों पर उतरे और सरकार के फैसले को पेंशनर्स के साथ अन्याय करार दिया। प्रदर्शनकारियों ने केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाज़ी करते हुए सीसीए पेंशन संशोधन विधेयक का भी विरोध किया। उनका कहना था कि यह विधेयक पेंशनर्स के मौलिक अधिकारों का हनन करता है और उनकी आर्थिक सुरक्षा को खतरे में डालता है।

पेंशनर्स ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले को चुनौती देने के सरकार के प्रयासों की भी कड़ी आलोचना की। उनका मानना है कि यह न्यायपालिका की स्वतंत्रता का अपमान है और सरकार को अदालत के निर्णयों का सम्मान करना चाहिए। रैली के बाद प्रतिनिधिमंडल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम एक ज्ञापन उपखंड अधिकारी को सौंपा, जिसमें पेंशनर्स को 8वें वेतन आयोग में शामिल करने, सीसीए पेंशन संशोधन विधेयक को वापस लेने और न्यायिक फैसलों को सम्मानपूर्वक लागू करने की मांग की गई।इस विरोध रैली में विभिन्न पेंशनर्स संघों के पदाधिकारी, सामाजिक कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में पेंशनधारी मौजूद रहे। वक्ताओं ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने शीघ्र ही निर्णय वापस नहीं लिया तो आंदोलन को प्रदेश स्तर तक फैलाया जाएगा।




# ई-टेक्स ऑफिसर मॉड्यूल प्रशिक्षण कार्यशाला का हुआ आयोजन

दूदू(निसं)। वाणिज्यिक कर विभाग की ओर से ITMS पोर्टल से व्यापारियों को अवगत कराने हेतु एक विशेष प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन अन्नपूर्णा सभागार में किया गया। कार्यशाला में ITMS पोर्टल के ई-टेक्स ऑफिसर मॉड्यूल से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां साझा की गई। इससे करदाताओं को ऑनलाइन प्रक्रियाओं की पारदर्शिता और सरलता के बारे में समझाया गया। कार्यशाला का नेतृत्व उपायुक्त ऋतु चारण तथा उनकी टीम द्वारा किया गया। जिसमें राज्य कर अधिकारी रवि कुमार मध्यान, तारा जोशी एवं सीताराम मीणा शामिल रहे। कार्यक्रम के संयोजक राजनारायण शर्मा ने बताया कि कार्यशाला में बड़ी संख्या में स्थानीय व्यापारी, कर सलाहकार और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ, जिसमें सभी सहभागियों का आभार व्यक्त किया गया।

# कोटखावदा में श्री श्याम भजन संध्या का प्रथम निमंत्रण भगवान गणेश जी को सौंपा

**जयपुर टाईम्स**

चाकसू-(निसं.)- चाकसू उपखंड क्षेत्र के कोटखावदा कस्बे में 17 अप्रैल को श्री श्याम भजन संध्या का कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है श्याम प्रेमी मुरारी लाल ने बताया कि श्री श्याम परिवार सेवा समिति कोटखावदा के तत्वावधान में 17 अप्रैल को। मैन कपड़ा बाजार में सायं 7 बजे से हरि इच्छा तक प्यारे प्यारे भजनों से बाबा श्याम को रिझाया जाएगा, इसी कार्यक्रम को लेकर श्याम प्रेमियों ने बुधवार को प्रथम निमंत्रण गणेश जी को सौंपा गया। निमंत्रण के बाद भजन संध्या कार्यक्रम में अधिक से अधिक श्याम प्रेमियों को भजनों में आनन्द के लिए पोस्टर विमोचन कर आने के लिए अवगत कराया गया।



# फुलेरा में 'ई-कर अधिकारी प्रणाली' का सफल आयोजन

## व्यापारियों को कर मामलों में मिलेगी डिजिटल सुविधा, पारदर्शिता और समय की बचत

**जयपुर टाइम्स**

फुलेरा,(निसं.)। राजस्थान वाणिज्यिक कर विभाग द्वारा शुरू की गई ,ई-कर अधिकारी प्रणाली, का आयोजन फुलेरा व्यापार महासंघ के तत्वावधान में किया गया। इस नई डिजिटल प्रणाली का उद्देश्य करदाताओं को जीएसटी से संबंधित नोटिसों का उत्तर, दस्तावेज़ अपलोड और विभाग से संवाद जैसे कार्य घर बैठे ऑनलाइन माध्यम से करने की सुविधा प्रदान करना है। इस अवसर पर उपायुक्त विजय सिंह, सहायक उपायुक्त मनोज गोरा, राज्य कर अधिकारी अजय कुमार मीणा, हरमोहन सिंह, कर सहायक विजय सिंह, व्यापार महासंघ अध्यक्ष मनोज आहूजा, तथा क्षेत्र के अनेक प्रतिष्ठित व्यापारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विभागीय अधिकारियों ने व्यापारियों को इस प्रणाली की प्रक्रिया और लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।अधिकारियों ने बताया कि यह सुविधा कर प्रक्रिया को पारदर्शी बनाएगी और व्यापारियों को विभागीय कार्यालयों के अनावश्यक चक्कर लगाने से मुक्ति दिलाएगी। व्यापार महासंघ अध्यक्ष मनोज आहूजा ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा, यह प्रणाली व्यवसायियों के लिए राहतभरी है, इससे समय की बचत होगी और कर व्यवस्था में विश्वास बढ़ेगा।



# त्रिवेणी नगर आरओबी से गुर्जर की थड़ी तक गोपालपुरा बाईपास पर एलीवेटेड रोड निर्माण के लिए जीएडी का किया अनुमोदन

**जयपुर टाइम्स**

जयपुर, (का.सं.)। माननीय मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा महोदय के निर्देशन एवं माननीय नगरीय विकास मंत्री झाबर सिंह खर्रा महोदय के नेतृत्व में जयपुर विकास प्राधिकरण जयपुर शहर के सुनियोजित एवं सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है।जयपुर विकास आयुक्त आनन्दी की अध्यक्षता में बुधवार को मंथन सभागार में पीडब्ल्यूसी की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में 365.00 करोड़ रूपये के कार्य स्वीकृत किये गये।

बैठक में जोन-8 में स्वर्ण विहार आवासीय योजना एवं अन्य योजनाओं में पीएचईडी द्वारा पाईप लाईन बिछाने से क्षतिग्रस्त हुई सड़कों के मरम्मतीकरण एवं अन्य सड़कों के नवीनीकरण कार्य हेतु 13.52 करोड़ रूपये की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति दी गई।

जोन-7 में हरनाथपुरा क्षेत्र में पीएचईडी द्वारा पाईप लाईन बिछाने से क्षतिग्रस्त हुई सड़कों के मरम्मतीकरण एवं अन्य सड़कों के नवीनीकरण कार्य हेतु 5.00 करोड़ रूपये की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति दी गई।

जोन-7 में गोकुल नगर आवासीय योजना क्षेत्र में पीएचईडी द्वारा पाईप लाईन बिछाने से क्षतिग्रस्त हुई सड़कों के मरम्मतीकरण एवं अन्य सड़कों के नवीनीकरण कार्य हेतु 5.68 करोड़ रूपये की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति दी गई।

सांगानेर फ्लाईओवर से मालपुरा गेट के पास तक वाया चोरड़िया पेट्रोल पम्प तक एलीवेटेड रोड के निर्माण हेतु 240.00 करोड़ रूपये की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति दी गई।

जयपुर में मानसून के दौरान अतिवृष्टि/ जल भराव होने की स्थिति में बाढ़ नियंत्रण हेतु 3.51 करोड़ रूपये की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति दी गई। लांगडियावास में आनन्द वन पार्क के विकास हेतु प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति दी गई।

लोहामण्डी आवासीय योजना में पार्कों के विकास हेतु 2.91 करोड़ रूपये की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति दी गई। गोनेर रोड़ के पास स्थित नाले के कायाकल्प हेतु 32.24 करोड़ रूपये की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति दी गई।

जोन-11 में रिंग रोड़ से नेवटा महापुरा 200 फीट रोड़ तक सड़क निर्माण हेतु 7.22 करोड़ रूपये की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति दी गई। महापुरा से नेवटा तक 200 फीट रोड के लिए 7.55 करोड़ रूपये की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति दी गई।

जेडीए नॉलेज सिटी योजना में सड़क नवीनीकरण एवं सुदृढीकरण कार्य के लिए 3.19 करोड़ रूपये की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति दी गई। अलियावास से उदयपुरा तक आरसीसी डेऊन निर्माण हेतु 3.27 करोड़ रूपये की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति दी गई।

जेडीए की ग्राम काठावाला में सृजित नवीन आवासीय योजना में सीमांकन एवं सड़क निर्माण कार्य/विकास कार्य हेतु 6.14 करोड़ रूपये की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति दी गई।

जोन-11 में रिंग रोड़ परियोजना में पीएपी एरिया में शेष रही बी.टी. सड़कों के निर्माण कार्य हेतु 3.98 करोड़ रूपये की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति दी गई। गोपालपुरा बाईपास पर त्रिवेणी नगर आरओबी से गुर्जर की थड़ी तक एलीवेटेड रोड निर्माण के जीएडी का अनुमोदन किया गया।

जोन-7 में झारखण्ड मोड़ से 200 फीट रोड एवं सिरसी रोड पर सी जोन बाईपास वाया खातीपुरा जंक्शन तक सड़क निर्माण एवं चौड़ाईकरण हेतु 48.0 मीटर अतिरिक्त क्रॉस सेक्शन रोड़ के प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया।

जोन-7 में विभिन्न सेक्टर मिसिंग/रिमेनिंग सड़कों के निर्माण हेतु 22.68 करोड़ रूपये की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति दी गई।

# कांधरान का सद्भाव, समरसता व पर्यावरण के प्रति प्रेम प्रेरणादायी : दिलावर

## राजगढ़ ब्लॉक के कांधरान गांव में दिलावर ने किया विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण

**जयपुर टाइम्स**

चूरू(निस)। शिक्षा (विद्यालयी/ संस्कृत) विभाग व पंचायती राज विभाग मंत्री मदन दिलावर ने बुधवार को जिले के राजगढ़ ब्लॉक के कांधरान गांव में विभिन्न विकास कार्यों के लोकार्पण समारोह में शिरकत की। इस दौरान पद्मभूषण देवेंद्र झाझड़िया, पूर्व विधायक नंदलाल पूनिया, सुमित्रा पूनिया, प्रधान विनोद देवी, कालरी सरपंच प्रमिला पूनिया, ओम सारस्वत, सुरेंद्र स्वामी सहित जनप्रतिनिधि भी मौजूद रहे। अतिथियों ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। कांधरान पहुंचने पर सीईओ श्वेता कोचर, सीडीईओ गोविंद सिंह राठौड़, डीईओ प्रारंभिक संतोष महर्षि तथा ग्रामीणों ने मंत्री दिलावर का स्वागत किया।

मुख्य कार्यक्रम में मुंशीराम फोगाट, अर्जुनराम नीमड़, धर्मेंद्र, करण सिंह, कमला जांगिड़, प्रसन्ना राव, सुमन, प्रियंका, मुकेश व मंजू मेघवाल सहित अन्य ने अतिथियों का स्वागत व अभिनंदन किया। इस अवसर पर मंत्री दिलावर ने कहा कि कांधरान का सद्भाव, समरसता व पर्यावरण के प्रति प्रेम संपूर्ण राजस्थान के लिए प्रेरणादायी है। यहां के लोगों के सामाजिक व धार्मिक कार्यों में भागीदारी और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में किए गए प्रयास सराहनीय है। पूरे गांव की ओर से एकजुट होकर मातृभूमि की सेवा व मानवता के अस्तित्व को बचाने के लिए लिया गया संकल्प एक बहुत बड़ी पहल है। इसी प्रकार से आशा है कि कांधरान गांव देश का सिरमौर गांव बनेगा।



उन्होंने कहा कि मानवता के अस्तित्व के लिए प्रकृति व पर्यावरण प्राथमिक आवश्यकता है। कांधरान के लोगों ने मानवता को बचाने का संदेश दिया है।

उन्होंने कहा कि यहां के सुपोषित भूमि अभियान से धरती की उर्वरकता में वृद्धि होगी। दिलावर ने कहा कि ग्राम पंचायत में एक लाख रुपए की राशि से बर्तन प्रदान किए जाएंगे, जिनका उपयोग विभिन्न धार्मिक, सामाजिक व सार्वजनिक कार्यों में किया जा सकेगा। मंत्री दिलावर ने गांव के विकास के लिए एक करोड़ रुपए की राशि की स्वीकृति की घोषणा की, जिसे जिला परिषद व पंचायत समिति के माध्यम से क्रियान्वयन किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि एक करोड़ रुपए की विकास योजना के लिए श्री बालाजी ग्राम विकास समिति व ग्राम पंचायत मिलकर रूपरेखा निर्धारित करेगी। उन्होंने इस दौरान भामाशाह की सहयोग से विद्यालय के छात्र दीपक को 10 हजार रुपए प्रोत्साहन राशि एवं राहुल को 5 हजार रुपए प्रोत्साहन राशि, खिलाड़ी संदीप स्वामी को एक लाख रुपए प्रोत्साहन राशि प्रदान किए जाने की भी घोषणा की। इस मौके पर पद्म भूषण देवेंद्र झाझड़िया ने संबोधित करते हुए कहा कि पूरे गांव ने प्रकृति प्रेम, सद्भाव एवं समरसता का परिचय दिया है। यहां के लोगों ने गांव को बचाने के लिए अपने घर छोटे कर लिए, यह हम सभी के लिए अनुकरणीय है। उन्होंने कहा कि हम राष्ट्र को आगे ले जाने के लिए किए जाने वाले प्रत्येक प्रयासों में सकारात्मक भागीदारी निभाएं और भारत को एक सुदृढ़ अर्थव्यवस्था के साथ विकसित भारत बनाने का संकल्प पूरा करें।

### पक्का जोहड़ निर्माण का किया लोकार्पण, विद्यालय में मुख्य द्वार व 09 कक्षा -कक्षों का किया उद्घाटन

इस अवसर पर मंत्री मदन दिलावर ने कांधरान में नवनिर्मित पक्के जोहड़ शिव सरोवर का लोकार्पण किया और विद्यालय में भामाशाहों के सहयोग से निर्मित मुख्य द्वार व 9 कक्षा कक्षों का उद्घाटन किया।

इस मौके पर मंत्री मदन दिलावर व पद्मभूषण देवेंद्र झाझड़िया ने ग्राम दर्शन किए और बालाजी मंदिर में दर्शन व पूजा अर्चना कर देश - प्रदेश में खुशहाली की कामना की। मुख्य कार्यक्रम में मंत्री दिलावर ने हवन में आहुति दी और मंगलकामनाएं की। इसी के साथ उद्घाटन के बाद स्मार्ट बोर्ड पर मंत्री दिलावर ने हस्ताक्षर कर शुभकामनाएं दी। गौरतलब है कि विद्यालय में मुख्यमंत्री जनसहभागिता विद्यालय विकास योजनांतर्गत 8 अतिरिक्त कक्षा कक्षों व एक प्रधानाचार्य कक्ष का निर्माण करवाया गया है। गांव कांधरान में श्रीबालाजी ग्राम विकास समिति की प्रेरणा से ट्रैक्टर मालिकों ने शिव सरोवर का निर्माण किया है, वहीं भामाशाहों ने विद्यालय विकास का कार्य करवाया है।

अतिथियों ने भूमि सुपोषण अभियान का विमोचन किया। विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी और ग्राम विकास पर बनी डॉक्यूमेंट्री का प्रदर्शन किया गया।

## आधुनिकता की मरीचिका मे जीवन शैली, लोभ असीमित



संजीव ठाकुर,

स्तंभकार, चिंतक, लेखक, रायपुर छत्तीसगढ़,

वर्तमान में आधुनिकता की अंधी दौड़ में हम इस तरह तेज भाग रहे हैं कि हमारी सनातनी परंपराएं धीरे-धीरे पीछे छूट रही हैं और हम आधुनिकता तथा परंपराओं के बीच त्रिशंकु बंद कर लटक रहे हैं। भारतीय वैदिक, सनातनी संस्कृति हमें अपने भारतीय होने का एहसास कराती है। जो हमें विश्व के अन्य देशों से विकास की दौड़ में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती है। भारत में अनेक परंपराएं ऐसी हैं जो सामाजिक जीवन को अधिक सभ्य एवं अच्छा इंसान बनाए रखने में योगदान देती है। जिनसे मनुष्यता का जीवन जीने की प्रेरणा भी मिलती है। यांत्रिक उपकरणों की तरह जिंदगी जीना भी कोई जीना है। यह भारतीय संस्कृति में पाश्चात्य का घालमेल ही है जो मनुष्य के जीवन को यंत्रवत बना देता है। जो आने वाले कल के लिए घातक भी हो सकती है। वहीं दूसरी ओर पाश्चात्य दर्शन की कुछ विशेषताएं भी हैं, जो हमारे विचारों को अधिक तार्किक तथा बौद्धिक बनाती है। जिससे हम अपना जीवन कार्तिक तथा बौद्धिक बना सकते हैं। जिन्हें हम अपने जीवन में क्रियान्वित कर अपने मनुष्य जाति के जीवन को अधिक सार्थक एवं सुलभ बना सकते हैं। निसंदेह हमें रूढ़ीवादी या एकदम पुरातन पंथी संस्कृति से लगाव न रखकर पाश्चात्य संस्कृति के जो फायदे हैं, उन्हें अपनाकर अपना जीवन सरल सार्थक एवं सुगम बना सकते हैं। परंतु आज वर्तमान में हमने पश्चिम दर्शन से खोखला आधुनिकवाद ओढ़ लिया है ,हम ना अत्यंत आधुनिक ही हो सके हैं और ना ही सही-सही संस्कारित परंपरावादी ही बन पाए हैं हम हम पाश्चात्य दर्शन और भारतीय संस्कार और परंपरा के बीच त्रिशंकु बन कर झूल रहे हैंघ् विवेकानंद जी ने कहा है कि वीणा के तार को ईतना भी ना कसो कि वह टूट जाए, और इतना भी ढीला छोड़ो कि वह बज भी ना पाए, मूलतः हमें दोनों संस्कृतियों की समग्र अच्छाइयों को आत्मसात कर उनकी बुराइयों को त्यागना होगा तब ही जीवन सफल हो सकेगा।

भारतीय संस्कृति अध्यात्म प्रधान है। जबकि पश्चिमी सभ्यता भौतिकता लिए होती है, और उसमें भौतिकता की प्रधानता होती है। आध्यात्मिक प्रधान संस्कृति से तात्पर्य भौतिकता वादी दृष्टिकोण से दूर रहकर भौतिकता वादी होने का ही है। प्राचीन काल से ही भारत देश में 'अतिथि देवो भव' और 'वसुधैव कुटुंबकम' वाली संस्कृति रही है। भारत की सांस्कृतिक धरोहर, विश्वास, भावना,आस्था, धर्म, रीति रिवाज जैसे तथ्यों से भरी पड़ी है। धर्म प्रधान संस्कृति होने के कारण ही इसे आध्यात्मिक प्रवृत्ति वाला देश माना गया है। स्वामी रामकृष्ण परमहंस के शब्दों में यदि कहें तो ईश्वरत और त्याग पर्यायवाची शब्द है। संस्कृति और सदाचार उसकी बाह्य अभिव्यक्तियाँ है। परंपरागत दृष्टिकोण से हम अपने धार्मिक तथा अध्यात्मिक दर्शन को लेकर बहुत हद तक अपने आप को एवं देश को महिमामंडित करने में लगे रहते हैं। किंतु आज आवश्यकता इस बात की है कि हमें पूर्ण रूप से आध्यात्मिक ना होकर वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाकर इस तथ्य का मूल्यांकन किया जाना चाहिए कि 21 सदी में पांचवी एवं छठवीं सदी की मान्यताएं तथा परंपराएं जारी रख उन्हें अपना सकते हैं क्या?, आज जब दुनिया वैज्ञानिक चमत्कारों से भरी पड़ी है। दुनिया विज्ञान की प्रगति से चांद तो क्या सूर्य को भी खंगालने का प्रयास कर रही है। मानव का क्लोन बनाकर ईश्वर की सत्ता को चुनौती देने का प्रयास किया जा रहा है। ऐसे में धार्मिक संस्कृति तथा आध्यात्मिकता को आवश्यकता से अधिक महत्व एवं परंपरा में लाना प्रासंगिक एवं तार्किक होगा। निसंदेह नहीं।

पाश्चात्य दर्शन भौतिकता प्रधान एवं वैज्ञानिक संस्कृति है। भौतिकता प्रधान युग से तात्पर्य ऐसी परंपरा जो यथार्थवादी दृष्टिकोण को सर्वाधिक महत्व देती है। वैसे ही भौतिकता का सामान्य मतलब इंद्रिय बोध से साक्षात संबंध रखने वाली वस्तु से है, अर्थात जो वास्तविकता है एवं यथार्थ है वही पाश्चात्य दर्शन है। पाश्चात्य संस्कृति को इसलिए भी वैज्ञानिक एवं वस्तु परख माना जाता है क्योंकि इसमें सूक्ष्म जांच पड़ताल कर वस्तु स्थिति का सही मूल्यांकन अपनाकर एक सामान्य सिद्धांत एवं नियम बनाया जाता है। जिससे भविष्य की बातों को जानकर जीवन को और अच्छा तथा बेहतर बनाने में मदद मिल सके।

वैसे पाश्चात्य संस्कृति में बहुत सी अहितकर बातें भी हैं, जैसे वसुधैव कुटुंबकम की भावना कमतर होते जा रही है। संयुक्त परिवार की प्रणाली का विघटन होते जा रहा है। पारिवारिक वातावरण संघर्ष तथा तनावपूर्ण होते जा रहा हैं। पाश्चात्य संस्कृति की नकल कर लोग परिवार से अलग होकर स्वतंत्र जीवन यापन करना पसंद करते हैं। उनमे विवाह विच्छेद और अन्य विसंगतियां जन्म लेने लगी हैं। धर्म तथा आध्यात्मिक के प्रति आमजन की सूची धीरे धीरे कम होते जा रही है। ऐसो आराम के सामान खरीदने के कारण लोगों के खर्चे अनाप-शनाप बढ़ चुके हैं। बुजुर्गों की इज्जत तवज्जो होनी कम हो गई है। दादा और नाती के संबंधों में अब वह गर्माहट शेष नहीं रह गई है, जैसी की एक सांस्कृतिक तथा नैतिक परिवार जनों में हुआ करती थी। धीरे-धीरे परिवार के सदस्य अलग होकर अकेलेपन की समस्या से जूझ रहे हैं। आने वाली पीढ़ी अपनी संस्कृति एवं आध्यात्मिक प्रवृत्ति भूलती जा रही है। प्रेम विवाह तथा अंतर जाति विवाह पाश्चात्य सभ्यता के कारण बहुत बढ़ गए हैं। जिससे वैवाहिक संबंध टूटने के कगार पर आ जाते हैं। पर दूसरी तरफ पाश्चात्य सोच के कारण स्त्री सशक्तिकरण को बढ़ावा भी मिला है महिलाएं जहां पहले अपने घरों में कैद थी अब उन्मुक्त होकर शिक्षित होकर समाज में सफल होकर पुरुषों से कंधे से कंधा मिलाकर व्यवसायिक दृष्टिकोण अपनाकर बड़े-बड़े पदों में कार्य कर रही हैं। समाज में खुलापन भी आ गया है। विकास रोजगार एवं मानवीय सोच में भी काफी विस्तार आया है, जो विश्व की सभ्यताओं में आज मौजूद है,जो भारत के विकास में सहायक भी हैं। कुल मिलाकर बात यह है कि हमें आध्यात्मिक भारतीय परंपरा संस्कृति तथा पाश्चात्य दर्शन तथा पाश्चात्य संस्कृति की सकारात्मक बातें आत्मसात कर विकास की एक नई राह खोजनी होगी, एवं सदैव अच्छी बातों के लिए अपने मस्तिष्क को खुला रखना होगा और पाश्चात्य संस्कृति की विसंगतियों को दूर रख भारतीय संस्कृति को बढ़ावा देना चाहिए।

## धरती का तापमान बढ़ा रहीं हैं ग्रीन हाउस गैसें

उत्तर भारत में गर्मी अभी से कहर बरसाने लगी है जबकि अभी अप्रैल माह की शुरुआत ही हुई है। पाठकों को बताता चलूं कि मौसम विभाग के मुताबिक, 6 अप्रैल से पारा बढ़ना शुरू हो चुका है और अधिकतम तापमान 40 डिग्री और न्यूनतम तापमान 20 डिग्री तक पहुंच गया है। हाल ही में दिल्ली समेत कई राज्यों में तापमान 42 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया है। जानकारी के अनुसार दिल्ली के अलावा, राजस्थान, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात और ओडिशा के शहरों में भी गर्मी का प्रकोप जारी रहेगा। पाठकों को बताता चलूं कि हाल ही में राजस्थान के बाड़मेर में गर्मी ने नए रिकॉर्ड बनाए और यहां अधिकतम तापमान 45.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो अप्रैल के पहले सप्ताह में अब तक का सबसे अधिक तापमान है। यह सामान्य से 6.8 डिग्री अधिक है, जो एक चिंताजनक स्थिति है। गौरतलब है कि मौसम विभाग ने हाल ही में एक अलर्ट जारी किया है, जिसके अनुसार 6-10 अप्रैल के दौरान गुजरात के कुछ स्थानों पर गर्म हवाएं चलने की संभावना है। उपलब्ध जानकारी के अनुसार सौराष्ट्र और कच्छ के कुछ स्थानों पर भीषण गर्मी की स्थिति रहने की संभावना है। इसके अलावा, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा, चंडीगढ़, पंजाब, मध्य प्रदेश और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के अलग-अलग इलाकों में 'लू' चलने की संभावना है। बहरहाल, पाठकों को बताता चलूं कि इस साल फरवरी भी काफी गर्म रही थी और अब देश के 21 शहरों में अधिकतम तापमान का 42 डिग्री तक पहुंचना एक चेतावनी है कि अगर हम अभी भी पर्यावरण के प्रति नहीं चेते और धरती का तापमान इसी तरह से ही बढ़ता रहा, तो ऑस्ट्रेलियाई विश्वविद्यालय( न्यू साउथ वेल्स यूनिवर्सिटी)के एक अध्ययन के अनुसार, पूरी दुनिया को इसकी बड़ी कीमत चुकानी होगी। यहां यह उल्लेखनीय है कि पिछले साल यानी कि वर्ष 2024 में भारत में वर्ष 1901 के बाद से सबसे गर्म वर्ष दर्ज किया गया था। वर्ष 2024 में औसत तापमान 25.75 डिग्री सेल्सियस रहा, जिसने वर्ष 2016 के पिछले रिकॉर्ड को पार कर दिया था तथा यह बीते 123 साल के औसत से 0.65 डिग्री सेल्सियस अधिक था।वैश्विक तापमान में भी वृद्धि हुई, जिससे वर्ष 2024 वैश्विक स्तर पर सबसे गर्म वर्ष रहा। पाठकों को बताता चलूं कि साल 2023 भी दुनिया का सबसे गर्म साल रहा था। वास्तव में, यहां यह कहना ग़लत नहीं होगा कि आज भारत ही नहीं बल्कि संपूर्ण विश्व में जलवायु परिवर्तन बहुत ही तेजी से हो रहा है और जलवायु परिवर्तन के नतीजे जितने लगते हैं, उससे कहीं अधिक खतरनाक सिद्ध हो सकते हैं। दरअसल, जलवायु परिवर्तन में आज सबसे बड़ी भूमिका मनुष्य की ही है, क्यों कि आज धरती की आबादी लगातार बढ़ती चली जा रही है और आज भारत दुनिया का सबसे अधिक जनसंख्या वाला देश बन चुका है।मानव जनित कार्यों के कारण आज धरती का तापमान तेजी से बढ़ रहा है। हालांकि वर्ष 2024 के गर्म रहने के पीछे अल-नीनो प्रभाव भी है। यहां पाठकों को जानकारी देना चाहूंगा कि अल-नीनो एक प्राकृतिक घटना है जिसके कारण भूमध्यरेखीय प्रशांत महासागर में समुद्र का तापमान बढ़ जाता है।इससे हवाओं में बदलाव आता है और दुनिया भर के जलवायु पैटर्न पर बहुत असर पड़ता है। अल-नीनो के प्रभाव से दुनिया में सूखा व बाढ़ जैसी स्थितियां बन सकतीं हैं।फसल पैदावार पर भी प्रभाव पड़ता है तथा मौसम संबंधी आपदाएं बढ़ जाती हैं। कहना ग़लत नहीं होगा कि आज धरती के तापमान के बढ़ने के पीछे प्रमुख कारण ग्रीन हाउस गैसों का बढ़ता उत्सर्जन और मानवीय गतिविधियां ही हैं। वास्तव में, ग्रीन हाउस गैसें (कार्बन डाइऑक्साइड और मीथेन मुख्यतया)सूर्य के प्रकाश के लिए पारदर्शी होती हैं और पृथ्वी की सतह को गर्म करती हैं। वास्तव में,पृथ्वी की ग्रीनहाउस गैसें वायुमंडल की ऊष्मा को रोक लेती हैं तथा उसे अंतरिक्ष में जाने से रोकती हैं।इन गैसों की बढ़ी हुई सांद्रता इसके प्रभाव को बढ़ाती है, जिससे गर्मी स्थिर रहती है और वैश्विक तापमान में वृद्धि होती है।जीवाश्म ईंधन(कोयला ,तेल और प्राकृतिक गैस) के जलने तथा वनों की कटाई से भी धरती का तापमान बढ़ रहा है। दूसरे शब्दों में कहें तो ऑटोमोबाइल और जीवाश्म ईंधन के अत्यधिक उपयोग से धरती पर कार्बन डाइऑक्साइड का स्तर बढ़ जाता है। इसके अतिरिक्त, खनन और पशु पालन जैसी गतिविधियाँ पर्यावरण के लिए बहुत हानिकारक हैं। कहना ग़लत नहीं होगा कि धरती का तापमान बढ़ता है तो समुद्र का जल स्तर बढ़ता है, महासागरों की अम्लीयता बढ़ती है, सूखे और हीटवेव की स्थितियां उत्पन्न होती हैं। वनों में आग लगने का संकट भी बढ़ता है। जैव-विविधता की हानि के साथ ही साथ जलवायु परिवर्तन भी होता है। बहरहाल, पाठकों को बताता चलूं कि ऑस्ट्रेलिया की न्यू साउथ वेल्स यूनिवर्सिटी के ताजा अध्ययन ने यह चेतावनी दी है कि अगर धरती का औसत तापमान चार डिग्री सेल्सियस बढ़ जाता है, तो 40 फीसदी वैश्विक संपत्ति के नष्ट होने का खतरा है, जबकि अब तक के शोध 11 फीसदी नुकसान की ही बात कहते आए हैं।सच तो यह है कि आज प्रकृति का संतुलन लगातार गड़बड़ा रहा है। प्राकृतिक संतुलन के गड़बड़ाने प्राकृतिक आपदाएं जन्म लेतीं हैं। मसलन, भूस्खलन, अतिवृष्टि, अनावृष्टि(सूखा) तथा चरम मौसमी घटनाएं ऐसी ही प्राकृतिक आपदाओं के उदाहरण हैं। तापमान बढ़ता है तो इसका असर फसल पैदावार पर भी पड़ता है, जल संकट की समस्या भी खड़ी हो जाती है। अंत में यही कहूंगा कि अब समय आ गया है कि इस संकट(धरती के बढ़ते तापमान) को गंभीरता से लिया जाना चाहिए। दूसरे शब्दों में कहें तो वर्तमान पीढ़ी का यह परम दायित्व व नैतिक कर्तव्य बनता है कि वर्तमान पीढ़ी, भविष्य की पीढ़ियों के लिए ग्लोबल वार्मिंग को रोकने की जिम्मेदारी ले। धरती के पर्यावरण की रक्षा बहुत ही महत्वपूर्ण और जरूरी है। इसके लिए हमें पौधारोपण और जल संरक्षण पर ध्यान देना होगा। पर्यावरण संरक्षण नीतियों का सही कार्यान्वयन बहुत ही जरूरी और आवश्यक है। सबसे बड़ी बात जागरूकता की है। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि पर्यावरण ही हमारी असली धरोहर है।




सुनील कुमार महला,

फ्रीलांस राइटर, कालमिस्ट व युवा साहित्यकार, उत्तराखंड।

## विश्व टैरिफ युद्धः क्या हम तीसरे विश्व युद्ध की ओर बढ़ रहे हैं?

ट्रंप के सत्ता में आने के बाद विश्व टैरिफ युद्ध शुरू हो चुका है। इस टैरिफ युद्ध ने भारत सहित दुनिया भर के शेयर बाजारों को हिलाकर रख दिया है। खुद अमेरिका इससे अछूता नहीं है। मंदी और बेरोजगारी पसर रही है और ट्रंप की सनक के खिलाफ बड़े बड़े प्रदर्शन शुरू हो चुके हैं। ट्रंप ने वैश्विक वित्तीय बाजारों में भारी उथल-पुथल को दवा का असर करार दिया है और अमेरिकी जनता को आश्वासन देने की कोशिश की है कि सब कुछ ठीक हो जाएगा।



संजय पराते

यह व्यापार युद्ध क्या रंग लाएगा, यह तो समय बतायेगा, लेकिन अमेरिका सहित कोई भी देश अपनी विकास दर को बनाए रखने की स्थिति में नहीं है। इसका अर्थ है कि वैश्विक विकास दर गिरेगी, महंगाई, बेरोजगारी और गरीबी -- जो आज मानवता की मूल समस्या है, बढ़ेगी। पूंजीवाद का चरित्र यही होता है कि वह मानवता को संकट में डालकर मुनाफा बटोरता है। साम्राज्यवाद, जो पूंजीवाद का चरम रूप है, आज अपने सबसे नंगे और वीभत्स रूप में सामने खड़ा है।

ट्रंप का विश्व टैरिफ युद्ध दुनिया के बाजारों का फिर से बंटवारा करने का युद्ध है। बाजारों को बांटने के लिए पूंजीवाद इसके पहले दो विश्व युद्धों को जन्म दे चुका है। हिटलर ने बाजारों के बंटवारे और अपने पूंजीपतियों के मुनाफे के लिए द्वितीय विश्व युद्ध छेड़ा था। बाजार का बंटवारा हुआ, एक-तिहाई दुनिया पूंजीवाद के शिकंजे से मुक्त हो गई और हिटलर का भी पतन हो गया। आज ट्रंप हिटलर की उसी भूमिका में सामने आ रहे हैं। शायद इतिहास अपने आपको फिर से दुहरा दें और हिटलर की तरह ही ट्रंप का भी पतन हो जाएं। मानव सभ्यता हमेशा आगे बढ़ना चाहती है, पीछे नहीं और जो इसे पीछे ले जाने की कोशिश करता है, देर-सबेर इतिहास ने उसकी नियति तय कर रखी है। मोदी और ट्रंप की इतिहास-गति शायद एक ही हो!

डोनाल्ड ट्रंप ने 2 अप्रैल को अमेरिका की मुक्ति का दिन घोषित किया है। इसी दिन ट्रंप ने पूरी दुनिया के खिलाफ टैरिफ युद्ध छेड़ा है। ट्रंप अकेले ही विश्व विजेता बनने के लिए निकल पड़े हैं, हिटलर की तरह किसी सहयोगी की उन्हें जरूरत नहीं है। चीन ने ट्रंप के इस कदम का करारा जवाब दिया है अमेरिकी उत्पादों के आयतों पर 34% कर लगाकर। इस युद्ध के पांचवें दिन ट्रंप ने कहा है कि जब तक चीन, यूरोपीय संघ और अन्य देशों के साथ अमेरिका का व्यापार घाटा समाप्त नहीं हो जाता, तब तक वह टैरिफ वापस नहीं लेंगे। ट्रंप के अनुसार, इसका अर्थ है कि अमेरिका के व्यापार घाटे के लिए पूरी दुनिया जिम्मेदार है और इसलिए व्यापार घाटे से अमेरिका को उबारने के लिए पूरी दुनिया को अमेरिका के लिए अपना बाजार खोलना होगा, भले ही उनको अमेरिकी



उत्पादों की जरूरत हो या न हो, भले ही उनके देश के किसानों, मजदूरों और कृषि व उद्योगों का दिवाला निकल जाएं। इस प्रकार यह टैरिफ युद्ध अब तक अमेरिका के साथ खड़े दूसरे पूंजीवादी देशों के खिलाफ भी है। यह उन पूंजीवादी बुनियादी आधारभूत मूल्यों के भी खिलाफ है, जिसे विश्व बैंक, अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष और विश्व व्यापार संगठन के जरिए वैश्वीकरण की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने के लिए तय किया गया था।

वस्तुतः 2 अप्रैल को ट्रंप ने एक ऐसी पाशविक भावना को मुक्त किया है, जो अब तक के बनाए तमाम पूंजीवादी नियमों और बंधनों को तोड़कर केवल अमेरिकी प्रभुत्व और नियंत्रण की इच्छा से संचालित होता है। यह प्रभुत्व और नियंत्रण की इच्छा न्याय की किसी भी भावना और अवधारणा को कुचलकर आगे बढ़ना चाहती है। वह सहयोग की हर संभावना को नकारती है और टकराव के हर रूप को बढ़ावा देती है। इस अर्थ में ट्रंप के साम्राज्यवाद के हिटलर के फासीवाद में बदलने की पूरी संभावना मौजूद है। इस व्यापार युद्ध के सैन्य युद्ध में बदलने के खतरे छिपे हुए हैं, क्योंकि ट्रंप का टैरिफ वार विशुद्ध रूप से अमेरिका की सैन्य शक्ति पर ही टिका है।

यह व्यापार युद्ध दुनिया की वैचारिकी में अमेरिकी दादागिरी को स्थापित करने, उसे मान्यता देने का भी युद्ध है। इसीलिए दुनिया को यह कहना पड़ेगा कि अमेरिका के व्यापार घाटे को पूरा करने, उसे खत्म करने का ठेका उन्होंने ले नहीं रखा है। ट्रंप का संरक्षणवाद दुनिया की अर्थव्यवस्था की तबाही की कीमत पर नहीं चल सकता।

ट्रंप के खिलाफ अमेरिका की जनता खड़ी हो रही है। अमेरिका की जनता के साथ भारत और पूरी दुनिया की मेहनतकश जनता को खड़े होना आज वक्त की सबसे बड़ी जरूरत है, क्योंकि दुनिया को बचाने की जिम्मेदारी ट्रंप की नहीं, केवल और केवल विश्व-जनगण की है। इस महती काम में मोदी सरकार की या दक्षिणपंथी सरकारों और ताकतों से किसी भी प्रकार के मदद की आशा नहीं की जानी चाहिए, क्योंकि वे तो ट्रंप की स्वाभाविक सहयोगी ही हैं।

## वीर सावरकर के नाम पर क्यों है मतभेद?


अब हमारा देश परतंत्रता की बेड़ियों में जकड़ा हुआ था, घायल था, जब हमारी इच्छाओं का संचालन विदेशी शासक कर रहे थे और हमारी अपार धन - संपदा को लूट लूट कर सात समुंदर पार ले जा रहे थे, तब कितने ही वीर बलिदानियों ने उन विदेशी शक्तियों तथा अत्याचारियों को ललकारा और अपने प्राणों की आहुति दे दी। परंतु फिर भी उनके नाम को इतिहास के पन्ने से मिटाये जाने के यत्न हुए, उनके यादों को भुला देने की कोशिश की गई। लेकिन आज की युवा पीढ़ी ने स्वतंत्र भारत का नया इतिहास लिखना प्रारंभ किया है, जिसमें उन सच्चाइयों का वर्णन भी है जिसे झूठ की परतों के नीचे अबतक छिपाकर रखा गया था। समय के निष्पक्ष हाथों ने उन सच्चाइयों को ढूंढ निकाला है। उन्हें प्रकाश में लाने के प्रयत्न होने लगे हैं। उस नए इतिहास के एक स्वर्णिम अध्याय का ही नाम है 'स्वातंर्त्यवीर सावरकर'। एक किशोर बालक माँ दुर्गा के समक्ष प्रण करता है, 'माता महिषासुर मर्दिनी तेरे पावन चरणों की सौगंध खाकर मैं प्रतिज्ञा करता हूँ कि अपने देश की स्वतंत्रता पुनः प्राप्त करूँगा, और इसके लिये सशस्त्र क्रांति की पताका भी फहराउंगा। यदि इसमें मैं सफल हुआ तो छत्रपति शिवाजी महाराज की भांति स्वराज स्थापित करूँगा और तेरे मस्तक पर स्वतंत्रता का अभिषेक करूँगा। माँ मुझे शक्ति दो' विनायक सावरकर का जन्म महाराष्ट्र (उस समय, 'बॉम्बे प्रेसिडेन्सी') में नासिक के निकट भागुर गाँव में चितपावन ब्राह्मण परिवार में हुआ था। उनकी माता का नाम राधाबाई तथा पिता का नाम दामोदर पन्त सावरकर था। इनके दो भाई गणेश (बाबाराव) व नारायण दामोदर सावरकर तथा एक बहन नैनाबाई थीं। विनायक का परिवार एक आदर्श राष्ट्रवादी परिवार था। तीनों भाई स्वत्रंता सेनानी थे तथा इनकी पत्नी और भाभी का भी इस संग्राम में बहुत बड़ा योगदान रहा है। श्री बाल गंगाधर तिलक के लेख पढ़कर प्रेरित नवयुवक विनायक ने 'अभिनव भारत'; जैसे क्रांतिकारी संगठन की स्थापना की। इस संगठन का उद्देश्य समय पड़ने पर सशस्त्र क्रांति के जरिए स्वतंत्रता हासिल करना था। इसी के साथ उन्होंने 'मित्र मेला' नाम की एक गुप्त संस्था भी बनाई। अंग्रेजों ने अपनी कुत्सिक मानसिकता का परिचय देते हुए 1905 में बंगाल का विभाजन कर दिया। सावरकर ने लोगों को जागरूक कर 'स्वदेशी'के नारे को प्रबलता प्रदान की। इस आंदोलन में पुणे में जनता ने विदेशी कपड़ों की होली जलायी गयी, अंग्रेजों द्वारा निर्मित प्रत्येक वस्तुओं का बहिष्कार कर दिया गया। सावरकर के नेतृत्व में ही भारतवर्ष में ऐसा पहली बार हुआ। तिलक जी के अनुमोदन पर 1906 में उन्हें श्यामजी कृष्ण वर्मा के माध्यम से छात्रवृत्ति मिली और वे कानून की पढ़ाई करने गोरों के गढ़ लंदन जा पहुंचे। वकालत की पढ़ाई लंदन में पूरी करने वाले वीर सावरकर पहले भारतीय थे। मात्र 23 वर्ष की आयु में उन्होंने ब्रिटिश म्यूजियम लाइब्रेरी की 1500 से अधिक किताबों को पढ़ लिया था। क्रांतिकारी गतिविधियों के कारण ब्रिटिश सरकार ने उनपर लाइब्रेरी में जाने पर भी प्रतिबंध



लगाया था। वकालत की पढ़ाई के बाद डिग्री के लिए जब उन्हें लंदन के विश्वविद्यालय में ब्रिटिश राज भक्ति की शपथ लेने को कहा गया तब उन्होंने इससे साफ इंकार कर दिया जिसके चलते उन्हें वकालत की डिग्री नहीं दी गई। सावरकर इटली के स्वतन्त्रता सेनानी 'जोजेफ मैजिनी और गैरीबाल्डी' के विचारों से बहुत प्रभावित थे और देश के लिए उनके आदर्शों के प्रशंसक थे। इसलिए इंग्लैंड में लिखी उनकी पहली पुस्तक 'मैजिनी की आत्मकथा' का ही मराठी रूपान्तर था जिसने देशवासियों में तहलका मचा दिया था। इस पुस्तक के कुछ अंश इस प्रकार थे - "कोई भी राष्ट्र कदापि नहीं मरता। परमात्मा ने मानव को स्वतन्त्र रहने के लिए उत्पन्न किया है। जब दृढ़ संकल्प लोगे तभी तुम्हारा देश भी स्वतन्त्र हो जायेगा।" भारत में इसके प्रकाशन के लिए पर्याप्त धनराशि जुटाने में बाबाराव असफल हो गए तब क्रांति की देवियों ने, उनकी पत्नी और सावरकर की पत्नी ने अपने गहने बेच कर धन इकट्ठा करने में सहायता की। अंग्रेजों को जब इस पुस्तक का पता चला तो उन्होंने इसके प्रकाशन को बीच में ही बंद करवा कर पुस्तक भी जब्त कर ली। इस कलम के सिपाही से अंग्रेज़ी हुकूमत इतनी आक्रान्तित थी कि इनके द्वारा लिखित 1857 की क्रांति पर आधारित पुस्तक '1857 का सम्पूर्ण सत्य' को प्रकाशित होने से पूर्व ही प्रतिबन्धित कर दिया। विश्व इतिहास में किसी लेखक के साथ ऐसा पहली बार हुआ था। इस ग्रंथ का अंग्रेजी अनुवाद श्री वी0 वी0एस0 अय्यर एवं बैरिस्टर फड़के द्वारा किया गया और अथक प्रयास के बाद हालैंड में इस पुस्तक का प्रथम अंग्रेजी संस्करण प्रकाशित हो पाया। तदुपरान्त 1909 में इस पुस्तक का प्रकाशन फ्रांस से हुआ। सारे विश्व में स्वतन्त्रता-प्रेमियों ने इस पुस्तक की सराहना की और भारत के क्रांतिकारियों के लिए तो यह भगवद्गीता की तरह पवित्र धरोहर बन गई। इसी पुस्तक का तृतीय संस्करण अमर शहीद सरदार भगत सिंह ने 1929 में गुप्त रूप से कराया। विदित हो कि नेताजी सुभाषचन्द्र बोस के मलाया पहुँचने पर उनके हाथ में भी इस पुस्तक की एक पांडुलिपि थी। मगर इस ग्रंथ का मूल मराठी संस्करण 1936 में वीर सावरकर के साहित्य से प्रतिबन्ध उठा लेने के बाद ही प्रकाशित हो सका। लंदन में उनका निवास 'इंडिया हाउस' में हुआ। वे यहाँ रहकर इंग्लैंड और भारत में रह रहे क्रांतिकारियों का मार्गदर्शन किया करते थे। उन्होंने लंदन पहुंचते ही हिन्दुस्तानी छात्रों से सम्पर्क साधना शुरू कर दिया था। लाला हरदयाल और मदन लाल ढ़ींगरा के अलावा वी.वी.एस. अय्यर, डब्लू.बी.फड़के, सुखसागर दत्त, पाण्डुरंग बापट, निरंजन पाल, आशिफ अली, एम.पी.टी. आचार्य, नहुक चतुर्भुज, सिकन्दर हयात, ज्ञानचन्द वर्मा, विरेन्द्रनाथ चट्टोपाध्याय, हेमचन्द दास आदि युवा उनके साथी बन गए। इन युवा हिन्दुस्तानियों को अपने जोशिले भाषणों और प्रखर राष्ट्रवादी चिंतन से प्रेरित कर उन्हें क्रांतिकारी पथ पर अग्रसर करने के प्रयास में सावरकर कामयाब रहे। इसी बीच सावरकर ने अपने एक साथी बापट को रूसी क्रांतिकारी से बम बनाने की विधि सीखने के लिए प्रेरित किया। काफी प्रयासों के बाद बापट अपने जानकार रूसी क्रांतिकारी से बम बनाने का मैनुअल हासिल करने में कामयाब हो गए। सावरकर ने इस मैनुअल को पुस्तक रूप में प्रकाशित करवाकर भारत के क्रांतिकारियों तक पहुंचावाई, ताकि देशभर में एक साथ बम विस्फोट करके अंग्रेजी शासन का तख्ता पलट किया जा सके। बड़ी ही सावधानी से उन्होंने पिस्तौल भी भेजवायी। 22 अगस्त 1907 को जर्मनी के स्टुटगार्ट नगर में 'अन्तर्राष्ट्रीय समाज संघ' की बैठक आयोजित हुई जिसने सावरकर के परामर्श से 'मादाम कामा' एवं 'सरदार सिंह राणा' को वहाँ भेजा गया। 'मादाम कामा' ने वहाँ जाकर भारतीय ध्वज हाथों में उठाते हुए गरज कर कहा - "यह भारतीय स्वतन्त्रता का ध्वज है। शहीदों के रक्त से सिंचित हो यह और भी पावन हो गया है। मैं आप सभी स्वतन्त्रता-प्रेमियों को आह्वान करती हूँ कि आप सब उठ कर इस भारतीय ध्वज को सम्मान दें।" इस ध्वज में सभी आठ प्रान्तों के प्रतीक कमल पुष्प, सूर्य, चांद और बीच में 'वन्देमातरम' अंकित था और सावरकर ने स्वयं इसे बनाया था। सावरकर सचमुच ऐसी धातु से बने हुए थे जो तपाने पर और भी निखरने लगता है, प्रतिकूल परिस्थितियों में और भी अधिक उत्साह से जूझने के लिए तत्पर होता है। जब वे लन्दन में थे तो भारत में उनके परिवार पर जुल्मों का दौर जारी हो चुका था। उनके 8 वर्षीय पुत्र प्रभाकर की मौत हो गई थी। देशभक्ति की कविताएं प्रकाशित करवाने और अंग्रेजी सरकार के विरुद्ध जन-विद्रोह भड़काने के आरोप में उनके बड़े भाई को गिरफ्तार कर अण्डमान जेल भेज दिया गया था। नासिक जैक्सन हत्या केस में सावरकर के साथियों को पकड़ लिया गया था और उन्हें फांसी पर लटकाने की तैयारी की जा रही थी। सावरकर की भाभी व पत्नी को अंग्रेजी सरकार ने बेघर कर दिया था। अंग्रेजी सरकार ने लन्दन और हिन्दुस्तान में दोनों जगह सावरकर की गिरफ्तारी के वारन्ट भी जारी कर दिए। इसके बावजूद सावरकर ने स्वदेश लौटने का संकल्प लिया। श्रीमदन लाल ढ़ींगरा ने सावरकर से पूछा था, 'व्यक्ति बलिदान के लिए कब तैयार होता है?'सावरकर ने उत्तर दिया; जब वो अपने विवेक से प्रेरित होकर दृढ़ निश्चय कर लेता है तभी !' उनके इन्हीं वचनों से प्रेरित होकर 1 जुलाई 1909 को लन्दन के इम्पीरियल-इंस्टिच्यूट के जहाँगीर हॉल में मदनलाल ढींगरा ने कर्जन वायली नामक एक अंग्रेज अधिकारी की गोली मार कर हत्या कर दी। अंग्रेजी सरकार बौखला उठी।

# धांसू ओपनिंग लेने की तैयारी में गुड बैड अग्ली, एडवांस बुकिंग में मचाया धमाल

अभिनेता अजित कुमार की फिल्म गुड बैड अग्ली लगातार सुर्खियों में बनी हुई है। यह फिल्म 10 अप्रैल को सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है। आइए जानते हैं कि इस फिल्म ने अब तक एडवांस बुकिंग से कितनी कमाई कर ली है। तमिल सिनेमा के सुपरस्टार अजित कुमार की नई फिल्म गुड बैड अग्ली जल्द ही सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है। फिल्म में दर्शकों को जबर्दस्त एक्शन ड्रामा देखने को मिलेगा। इस फिल्म का निर्देशन अधीक रविचंद्रन ने किया है। फिल्म की एडवांस बुकिंग शुरू हो चुकी है। टिकट खिड़की पर इसे शानदार रिस्पॉन्स मिल रहा है। ऐसा लग रहा है कि यह फिल्म पहले वीकएंड पर बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा सकती है।



### एडवांस बुकिंग में कमाल दिखा रही गुड बैड अग्ली

6 मार्च 2025 को शाम 6 बजे के आंकड़े के अनुसार गुड बैड अग्ली ने तमिल बॉक्स ऑफिस पर पहले सप्ताहांत के लिए (10 से 13 मार्च) के लिए करीब 15 करोड़ रुपये की एडवांस बुकिंग दर्ज की है। खास बात यह है कि पहले दिन की बुकिंग अकेले सात करोड़ 85 लाख पये तक पहुंच गई है, जिसे एक शानदार शुरुआत का संकेत माना जा रहा है। इसके बाद दूसरे दिन दो करोड़ 45 लाख, तीसरे दिन दो करोड़ 40 लाख और चौथे दिन दो करोड़ 35 लाख रुपये की एडवांस बुकिंग हुई है। चार दिनों का कुल कलेक्शन अभी तक 15.05 करोड़ रुपये है, जो अपने आप में एक बड़ी उपलब्धि है।

### क्या बन पाएगी अजित की सबसे बड़ी ओपनर?

फिल्म की रिलीज में अभी चार दिन बाकी हैं और यह रफ्तार देखकर लगता है कि गुड बैड अग्ली एडवांस बुकिंग में और भी कमाल कर सकती है। फिल्म की शानदार एडवांस बुकिंग के बीच सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या यह फिल्म अजित कुमार के करियर की सबसे बड़ी ओपनर बन पाएगी? उनकी फिल्म वलीमई ने पहले दिन 28 करोड़ रुपये की कमाई की थी। अब सबकी नजरें इस बात पर टिकी हैं कि क्या गुड बैड अग्ली इस रिकॉर्ड को तोड़ पाएगी।

### विदामुयार्ची रही थी फ्लॉप

अजित कुमार की पिछली फिल्म विदामुयार्ची फरवरी 2025 में रिलीज हुई थी, लेकिन यह दर्शकों को प्रभावित करने में नाकाम रही। बॉक्स ऑफिस पर इसका प्रदर्शन निराशाजनक रहा। इसे टिकट खिड़की पर फ्लॉप करार दिया गया।

### जाट से होगी फिल्म की टक्कर

गुड बैड अग्ली 10 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। बड़े पर्दे पर इसकी टक्कर जाट से होगी। फिल्म में सनी देओल, विनीत सिंह और रणदीप हुड्डा नजर आने वाले हैं। गदर 2 की शानदार सफलता के बाद सनी के फैंस को इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार है।

# अमेरिकी इंटरनेट पर वायरल हो रहे ऋतिक



### एक पोस्ट ने छेड़ दी सोशल मीडिया पर बहस

बॉलीवुड अभिनेता ऋतिक रोशन अमेरिकी इंटरनेट पर वायरल हो रहे हैं। एक यूजर की पोस्ट ने वहां के सोशल मीडिया पर बहस छेड़ दी है। बॉलीवुड अभिनेता ऋतिक रोशन हाल ही में अमेरिका के इंटरनेट पर वायरल हो गए। एक सोशल मीडिया पोस्ट ने अभिनेता को लेकर ट्विटर पर बहस शुरू कर दी। दरअसल, एक यूजर ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट किया, जिसमें ऋतिक को 50 साल की उम्र में भी युवा दिखाया गया। इसके बाद से यह पोस्ट तेजी से वायरल होने लगी। वायरल पोस्ट में ऋतिक रोशन को एक बूढ़े अमेरिकी व्यक्ति के साथ दिखाया गया। दोनों में तुलना कि गई कि पुराने दौर के लोग 50 वर्ष में कैसे दिखते थे और अब के लोग 50 वर्ष में कैसे दिखते हैं। पोस्ट में लिखा है, '1985 में 50 वर्षीय बनाम 2025 में 50 वर्षीय।' यह पोस्ट तेजी से वायरल हो गई, जिसे 48,000 से ज्यादा लाइक और लगभग 6 मिलियन व्यू मिले। पोस्ट के वायरल होते ही अमेरिकी सोशल मीडिया पर ऋतिक की पोस्ट को लेकर बहस छिड़ गई। जो लोग ऋतिक को नहीं जानते, उन्होंने पूछा, 'यह कौन है?' फैंस ने उनका परिचय बॉलीवुड के सुपरस्टार के तौर पर दिया। उन्हें भारत का सबसे हैंडसम और सफल अभिनेता भी बताया गया। हालांकि, कुछ फैंस ने ऋतिक की दूसरे व्यक्ति के साथ की गई तुलना को ठीक नहीं माना। उन्होंने कहा, 'शर्त है कि ज्यादातर लोग नहीं जानते कि दाईं ओर वाला लड़का कौन है। ऋतिक रोशन बॉलीवुड में एक मेगा सुपरस्टार हैं। नहीं, आम लोग 50 साल की उम्र में भी बाईं ओर वाले लड़के की तरह दिखते हैं। आप एक अभिनेता की तुलना एक आम आदमी से कर रहे हैं।' एक प्रशंसक ने टिप्पणी करते हुए लिखा, 'ऋतिक रोशन ग्लोबल हो गए हैं।'


# रेंगते हुए 100 करोड़ के पार पहुंची सिकंदर



बॉक्स ऑफिस पर छावा अब भी मजबूती से टिकी हुई है। वहीं, सिकंदर और एल 2 एम्पुरान की कमाई की रफ्तार काफी धीमी हो चुकी है। आइए इन फिल्मों के रविवार के कलेक्शन के बारे में जानते हैं। सिनेमाघरों के लिए बीता रविवार एक रोमांचक और सबक देने वाला दिन रहा। जहां कुछ फिल्में उम्मीदों के बोझ तले दबती नजर आईं, वहीं एक फिल्म ने अपनी मजबूत पकड़ से सभी को चौंका दिया। 06 अप्रैल 2025 को बॉक्स ऑफिस पर सलमान खान की सिकंदर और मोहनलाल की एल 2 एम्पुरान जैसी बड़ी रिलीज से टिकट खिड़की पर धमाल की उम्मीद थी, लेकिन दोनों ही फिल्मों ने निराश किया। दूसरी ओर, छावा ने अपनी शानदार सफलता की कहानी को और मजबूत करते हुए दर्शकों का दिल जीतना जारी रखा।

### सिकंदर का हाल बेहाल

लगभग 200 करोड़ रुपये के भारी-भरकम बजट में तैयार सिकंदर की कमाई की रफ्तार शुरू से ही सुस्त रही है। शनिवार को महज तीन करोड़ 75 लाख रुपये कमाने के बाद रविवार को हल्का सुधार जरूर दिखा, लेकिन सलमान की स्टारडम को देखते हुए यह आंकड़ा बेहद कम माना जा रहा है। कई सिनेमाघरों में इसके शो को घटाया जा रहा है और कुछ जगहों पर इसे हटाकर दूसरी फिल्मों को मौका दिया जा रहा है, जो फिल्म की मुश्किल स्थिति को साफ बयां करता है।




# क्यों संजय दत्त और मौनी रॉय की अगली फ़िल्म द भूतनी बॉक्स ऑफ़िस पर धमाल मचाएगी

मौनी रॉय ने खुद को एक ऐसी अभिनेत्री के रूप में स्थापित किया है जो कभी भी किसी ऐसे रोल के लिए मना नहीं करती जो उन्हें प्रदर्शन करने का पूरा मौक़ा देती हो। और उन्होंने अपनी बॉलीवुड डेब्यू गोल्ड और फिर ब्रह्मास्त्र में उन्होंने जो जुनून का नकारात्मक किरदार निभाकर खुद को साबित किया है।

अब वह द भूतनी के साथ बड़े पर्दे पर वापसी के लिए तैयार, जिसमें वह मोहब्बत नाम की मुख्य भूमिका निभा रही हैं, मौनी इस फ़िल्म में संजय दत्त के साथ अपोजिट नजर आएंगी, जो इस फ़िल्म में एक भूत भगाने वाले की भूमिका निभा रहे हैं। जो कोई यह सोच रहा है कि अभिनेत्री वही किरदार क्यों निभा रही हैं, जो वह पहले छोटे और बड़े पर्दे पर निभा चुकी हैं, तो हम आपको बताते हैं कि इस फिल्म का दर्शकों पर असर इसी कारण से होगा—मौनी और उनकी सुपरनेचुरल पात्रों पर पकड़, और जिस कुशलता से वह इन किरदारों को निभाती हैं, जिससे वे दर्शकों से जुड़ जाते हैं और साथ ही अपनी उपस्थिति से उन्हें आकर्षक भी बनाती हैं।

नागिन सीजन 1 और 2 में इच्छाधारी नागिन शिवन्या और शिवांगी के किरदारों ने मौनी को प्रसिद्धि और पहचान के एक नए स्तर पर पहुंचा दिया। इसके बाद उन्होंने ब्रह्मास्त्र में खलनायिका जुनून का किरदार निभाया। अपनी आगामी रिलीज में भूत मोहब्बत के रूप में उनकी भूमिका उनके करियर का तीसरा सुपरनेचुरल किरदार है। मौनी ने यह साबित कर दिया है कि वह जो भी किरदार निभाती हैं, उसमें विविधता लाती हैं।

उनके सुपरनेचुरल पात्रों में कभी भी समानता नहीं होती और हर बार कुछ न कुछ नया होता है! भूतनी ट्रेंडिंग हॉरर-रोम-कॉम जॉनर की फिल्मों की लंबी सूची में एक और फिल्म है! मौनी पहले ही बता चुकी हैं कि कैसे फैंटेसी-काल्पनिक शैली पलायनवाद के रूप में काम करती है।

यह बताने की जरूरत नहीं है कि इस फिल्म के पक्ष में एक बहुत बड़ा रिलेटेबिलिटी फैक्टर काम करेगा - भारत एक ऐसा देश है, जहाँ अद्भुत और रहस्यमयी पात्रों से जुड़ी लोककथाएँ प्रचुर मात्रा में हैं। और व्यक्तिगत विश्वासों से परे, हर कोई खुद को एक अच्छा फिक्शन पसंद करता है, है न? मौनी रॉय इस थ्रिलर में दिग्गज अभिनेता संजय दत्त के साथ सनी सिंह, पलक तिवारी, आसिफ खान और बेयूनिक के साथ स्क्रीन स्पेस साझा करती नजर आएंगी, जिसे इसके ट्रेलर लॉन्च के बाद से ही बेहतरीन समीक्षा मिली थी।

द भूतनी 18 अप्रैल को रिलीज होगी। इस फिल्म के बाद, मौनी रॉय निर्देशक फारुक कबीर के साथ सलाकार में नजर आएंगी। इस फिल्म में उनकी भूमिका बहुत ही आशाजनक होने का अनुमान लगाया जा रहा है जिसमें अभिनेत्री, एंटरप्रेन्योर और फैशनिस्टा को पहले कभी न देखे गए अवतार में देखा जाएगा!

# तारा सुतारिया ने सीफूड सैटरडे का लुत्फ उठाया



बॉलीवुड अभिनेत्री तारा सुतारिया ने अपने घर पर सीफूड सैटरडे का लुत्फ उठाया। सप्ताहांत के लिए मेन्यू में जेरेश्क बेरीज के साथ पुलाव के बिस्तर पर परोसा गया मेमना, बटरी गार्लिक क्रैब और प्रॉन कॉकटेल, स्ट्रॉबेरी, अखरोट, रॉकेट/अरुगुला सलाद के साथ हनी बाल्समिक ड्रेसिंग और चेरी टमाटर, नींबू, लहसुन, मसालेदार एंकोवी पेस्ट के साथ प्रॉन स्पेगेटी शामिल थे। तारा ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर लिखा, घर पर शनिवार को मैंने बहुत सारा बटरी गार्लिक क्रैब और प्रॉन कॉकटेल पकाया (तस्वीर में नहीं है क्योंकि हमने इसे किसी के फोटो खींचने से पहले ही खा लिया!) स्ट्रॉबेरी, अखरोट, रॉकेट/अरुगुला सलाद शहद बाल्समिक ड्रेसिंग के साथ और पिया ने चेरी टमाटर, नींबू, लहसुन, मसालेदार एंकोवी पेस्ट के साथ एक प्यारा प्रॉन स्पेगेटी बनाया!

सीफूड और हमारे सबसे पुराने दोस्तों के साथ शानदार व्हाइट ग्लास... इससे ज्यादा और क्या चाहिए। अभिनेत्री ने कहा, आखिरी तस्वीर में मैंने पहली बार पकाए गए लैम का एक बेहतरीन लेग पीस दिखाया है। जेरेश्क बेरीज के साथ पुलाव की परत पर परोसा गया, यह लाजवाब था। इससे पहले, तारा ने खुशी के बारे में अपने विचार बताए।

### दुआ के जन्म के बाद पहली बार एक साथ

# स्क्रीन पर दिखे दीपिका-रणवीर



बॉलीवुड की सबसे पसंदीदा जोड़ी में से एक दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह अपनी बेटी दुआ के जन्म के बाद पहली बार स्क्रीन स्पेस साझा करते नजर आए। दीपिका और रणवीर एक एयर कंडीशनर के विज्ञापन में साथ नजर आए। विज्ञापन को शेयर करते हुए ब्रांड ने लिखा, गुड लुक्स, गुड लुक्स और गुड लुक्स।

विज्ञापन में रणवीर कहते हुए दिखाई दे रहे हैं कि कैसे उनकी पार्टी में मेहमान दीपिका के खाने या कहानियों के बजाय उनके एयर कंडीशनर का आनंद ले रहे थे। जब दीपिका नाराज होती हैं तो रणवीर उन्हें यह कहकर मना लेते हैं कि उन्होंने वास्तव में उनके लिए ही एसी खरीदा था। दीपिका और रणवीर को आखिरी बार रोहित शेट्टी की पुलिस सिंघम अगेन में एक साथ देखा गया था। इस फिल्म में दीपिका ने शक्ति शेट्टी उर्फ ??लेडी सिंघम का किरदार निभाया था, जबकि रणवीर ने सिम्बा की अपनी भूमिका दोहराई थी। इस फिल्म में अजय देवगन, अक्षय कुमार, टाइगर श्रॉफ, करीना कपूर, अर्जुन कपूर और जैकी श्रॉफ भी थे। इससे पहले इन दोनों को गोलियों की रासलीला राम-लीला (2013), बाजीराव मस्तानी (2015), पद्मावत (2018) और 83 (2021) में साथ देखा गया था। जहां उनकी केमिस्ट्री को फिल्म प्रेमियों ने काफी सराहा था।

इतना ही नहीं, इन दोनों ने फाइंडिंग फैनी (2014) और सर्कस (2023) में कैमियो भी किया। कुछ समय तक रिलेशनशिप में रहने के बाद दीपिका और रणवीर ने आखिरकार 2018 में शादी कर ली।



# 'इंडियन आइडल 15' की ट्रॉफी मानसी घोष के नाम

### जीतने पर मिली चमचमाती कार

'इंडियन आइडल सीजन 15' की ट्रॉफी मानसी घोष ने उठा ली है। रविवार 6 अप्रैल को इसका फाइनल हुआ। प्रतियोगियों ने अपनी आखिरी परफॉर्मेंस दी। मानसी के जीत की घोषणा इंडियन आइडल के आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट पर भी की गई।

### मानसी घोष को दी बधाई

इंडियन आइडल ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट पर विजेती की घोषणा करते हुए उन्हें बधाई दी। ट्वीट में लिखा, 'इंडियन आइडल सीजन 15 जीतने पर मानसी घोष को बहुत-बहुत बधाई! क्या आवाज है, क्या सफर है! वाकई काबिल-ए-तारीफ आपने हर प्रदर्शन को यादगार बनाया।'

सुभाजीत और स्नेहा शंकर को दी मात

मानसी ने अपनी भावनात्मक और दमदार गायकी के दम पर साथी फाइनलिस्ट सुभाजीत चक्रवर्ती और स्नेहा शंकर को हराया। उनके लगातार प्रदर्शन और दर्शकों से जुड़ने की क्षमता ने उन्हें शीर्ष स्थान हासिल करने में मदद की। शो जीतने पर उन्हें एक नई कार भी मिली।

### 'इंडियन आइडल सीजन 15' का सफर

'इंडियन आइडल सीजन 15' अक्टूबर 2024 में शुरू हुआ और पांच महीने तक चला। इस दौरान शो में कई प्रतियोगियों ने अपने सुरों के जादू बिखेरे। अंत में तीन प्रतियोगी फाइनल तक पहुंचे। अपने शानदार प्रदर्शन की बदौलत मानसी घोष ने शो अपने नाम किया।

मानसी की जीत पर सोशल मीडिया यूजर्स ने भी प्रतिक्रियाएं देनी शुरू कर दी हैं। एक यूजर ने लिखा, 'मानसी घोष कितनी शानदार गायिका हैं, वह सच्ची भारतीय रॉक स्टार हैं, उन्होंने अपने ही अंदाज में उनके सामने लिविंग लीजेंड सुखविंदर जी का गाना गाया और उन्हें अपने साथ गाने के लिए कहने पर मजबूर कर दिया, वाह, वह विजेता हैं।

# शिवाजी साटम ने 27 साल बाद CID छोड़ा

भारतीय टेलीविजन के इतिहास का एक अध्याय समाप्त हो गया है। 27 साल तक सीआईडी में प्रतिष्ठित एसीपी प्रद्युमन की भूमिका निभाने वाले शिवाजी साटम ने आधिकारिक तौर पर शो छोड़ दिया है। सोनी टीवी ने सोशल मीडिया पर श्रद्धांजलि पोस्ट के साथ इस खबर की पुष्टि की, इसे एक युग का अंत कहा।

इस खबर ने प्रशंसकों का दिल तोड़ दिया। कई लोगों के लिए, एसीपी प्रद्युम्न सिर्फ एक किरदार नहीं था, बल्कि न्याय और ताकत का प्रतिनिधित्व था। प्रसिद्ध कैचफ्रेज दया, दरवाजा तोड़ दो से लेकर न्याय के प्रति उनकी अविश्वसनीय प्रतिबद्धता तक, प्रद्युम्न एसीपी के रूप में पहचाने जाने लगे, उन्होंने दो दशकों से अधिक समय तक यह भूमिका निभाई। हाल ही में एक



एपिसोड में साटम के किरदार की कथित तौर पर एक अपराधी का पीछा करते हुए बम विस्फोट में फंसने के बाद मौत हो गई थी। हालांकि उस दृश्य में वास्तविक मौत नहीं दिखाई गई, लेकिन सोनी के आधिकारिक शोक संदेश में यह स्पष्ट कर दिया गया।

### शिवाजी साटम ने क्यों छोड़ा शो?

साटम के अनुसार, यह बस एक ब्रेक का समय था। एक न्यूजवायर के साथ हाल ही में एक साक्षात्कार में, उन्होंने कहा, मैं इस समय शूटिंग नहीं कर रहा हूं। मैंने कुछ समय के लिए ब्रेक लिया है। अगर मेरा ट्रैक खत्म हो गया है, तो कोई बात नहीं। मैंने इसके साथ शांति बना ली है। जबकि प्रशंसकों को उम्मीद थी कि इसका मतलब है कि वह बाद में वापस आएंगे, सोनी की श्रद्धांजलि इसके विपरीत बताती है।

उनकी जगह कौन लेगा?

हालांकि अभी तक कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन रिपोर्ट्स बताती हैं कि पार्थ समथान नए एसीपी की भूमिका में आ सकते हैं।

# कपिल शर्मा ने 'राम नवमी' पर शेयर किया 'किस किसको प्यार करूं 2' का नया पोस्टर




अभिनेता-कॉमेडियन कपिल शर्मा ने रविवार को अपनी आने वाली फिल्म 'किस किसको प्यार करूं 2' का नया पोस्टर शेयर किया है। इस पोस्टर में कपिल शर्मा और उनकी दुल्हन बनी को-एक्टर मंडप में दिखाई दे रही हैं। दोनों अपने हाथ जोड़कर प्रार्थना करते नजर आ रहे हैं। अभिनेत्री का आधा चेहरा घूंघट से ढका हुआ है, जबकि कपिल ऊपर भगवान की ओर देख रहे हैं। ऐसा लगता है जैसे वह किसी मुश्किल स्थिति से बाहर निकलने के लिए भगवान से प्रार्थना कर रहे हों। पोस्टर में जहां कपिल के चेहरे पर तनाव दिख रहा है, वहीं अभिनेत्री के चेहरे की रेखाएं सुखद भावनाओं की ओर इशारा कर रही हैं। कपिल ने कैप्शन में लिखा, आप सभी को श्री राम नवमी की शुभकामनाएं। आखिरी बार कपिल शर्मा फिल्म 'क्रू' में कैमियो करते नजर आए थे। इस फिल्म में करीना कपूर खान, तब्बू और कृति सेनन भी थीं। 2015 में 'किस किसको प्यार करूं' का निर्देशन करने वाली निर्देशक जोड़ी अब्बास-मस्तान ने इस बार लेखक अनुकूल गोस्वामी को इसकी जिम्मेदारी सौंपी है।




# आईआईएम रायपुर और एनएडीटी ने कराधान में नवाचार को बढ़ावा देने के लिए एमओयू किया

जयपुर टाइम्स

रायपुर, (एजेंसी)। प्रतिष्ठित भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) रायपुर, ने हाल ही में नेशनल एकेडमी ऑफ डायरेक्ट टैक्सेज़ (एनएडीटी), नागपुर के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। रणनीतिक रूप से तैयार किया गया यह समझौता कराधान, कानून प्रवर्तन, सार्वजनिक नीति, प्रबंधन और संबंधित क्षेत्रों में शैक्षणिक सहयोग, अनुसंधान उत्कृष्टता, क्षमता निर्माण और ज्ञान के आदान-प्रदान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया गया है। एक औपचारिक समारोह में प्रोफेसर राम कुमार काकानी, निदेशक, आईआईएम रायपुर और आकाश देवांगन, अतिरिक्त महानिदेशक (योजना एवं अनुसंधान), एनएडीटी ने इस एमओयू पर हस्ताक्षर किए।

प्रोफेसर राम कुमार काकानी, निदेशक, आईआईएम रायपुर ने कहा, ÷यह साझेदारी अकादमिक दृष्टिकोण और व्यावहारिक शासन आवश्यकताओं का एक रणनीतिक मेल है। इस प्रकार की सार्थक साझेदारियाँ युवाओं के ज्ञान की सीमाओं को विस्तृत करती हैं और उन्हें नई और उपयोगी सोच के लिए प्रेरित करती हैं। सार्वजनिक नीति और कराधान में वास्तविक दुनिया के अनुप्रयोगों और अनुसंधान-आधारित दृष्टिकोणों को मिलाकर, हम राष्ट्र निर्माण के नेतृत्वकर्ताओं को तैयार करने की अपनी प्रतिबद्धता को रेखांकित कर रहे हैं। इस सहयोग में संयुक्त अनुसंधान परियोजनाओं, फैकल्टी विकास कार्यक्रमों, छात्रों के लिए इंटर्नशिप और प्रोजेक्ट्स, और व्यावहारिक अनुभव जैसे प्रमुख कदम शामिल होंगे।

# एनएसई अकादमी लिमिटेड और राष्ट्रीय सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम संस्थान (ni-msme) के बीच साझेदारी

## उद्यमिता और कौशल विकास को मिलेगा बढ़ावा

जयपुर टाइम्स

मुंबई, (एजेंसी)। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी एनएसई अकादमी लिमिटेड (एनएएल) ने राष्ट्रीय सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम संस्थान के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। एनआई-एमएसएमई, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय (भारत सरकार) के तहत कार्यरत एक अग्रणी संस्थान है जो उद्यमिता विकास के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रहा है।

इस साझेदारी का उद्देश्य उभरते हुए उद्यमियों, छोटे व्यवसाय मालिकों और पेशेवरों को सशक्त बनाना है। इसके तहत डिजिटल और वित्तीय रणनीति, व्यापार प्रबंधन और उद्यमिता कौशल को मजबूत करने के लिए अत्याधुनिक प्रशिक्षण कार्यक्रम और प्रमाणन पाठ्यक्रम प्रदान किए जाएंगे। इसका लक्ष्य एक ऐसी मजबूत समर्थन प्रणाली बनाना है जो व्यक्तिगत विकास को बढ़ावा देने के साथ-साथ एमएसएमई क्षेत्र की संपूर्ण मजबूती में योगदान देगी।


एनएसई अकादमी लिमिटेड की वित्तीय और तकनीकी क्षेत्रों में विशेषज्ञता और एनआई-एमएसएमई की उद्यमिता विकास में गहरी समझ को जोड़ते हुए, यह साझेदारी आवासीय और गैर-आवासीय बूट कैंपों के माध्यम से एमएसएमई क्षेत्र के लिए प्रभावी प्रशिक्षण प्रदान करेगी। इन बूट कैंपों में वित्तीय प्रबंधन, विपणन रणनीति, व्यवसाय योजना और संचालन कुशलता पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। उद्देश्य यह है कि एक सशक्त सहायता तंत्र स्थापित किया जाए जो व्यक्तिगत विकास को प्रोत्साहित करते हुए सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम क्षेत्र की समग्र मजबूती को भी और सशक्त बनाए।

इस अवसर पर एनआई-एमएसएमई की महानिदेशक डॉ. सुनचू ग्लोरी स्वरूपा ने कहा÷ ÷एनएसई अकादमी के साथ यह साझेदारी एमएसएमई क्षेत्र को मजबूत करने के हमारे मिशन के साथ पूरी तरह से मेल खाती है। उद्यमिता विकास में हमारे अनुभव को वित्तीय और डिजिटल प्रशिक्षण में एनएसई अकादमी की विशेषज्ञता के साथ जोड़कर, हम एमएसएमई की उभरती जरूरतों को पूरा करने वाले प्रभावशाली शिक्षण अनुभव प्रदान करने में सक्षम होंगे। यह पहल पूरे देश में




व्यवसायों की वृद्धि और स्थिरता में महत्वपूर्ण योगदान देगी। एनएसई अकादमी लिमिटेड के सीईओ श्री अभिलाष मिश्रा ने कहा÷ ÷एनआई-एमएसएमई के साथ हमारी साझेदारी भारत के उस एमएसएमई क्षेत्र को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो हमारी अर्थव्यवस्था की रीढ़ है।

केंद्रित कौशल विकास और वित्तीय शिक्षा कार्यक्रम प्रदान करके, हमारा लक्ष्य उद्यमशीलता को बढ़ावा देना और विकास और सफलता के अवसर पैदा करना है।



# आईआईटी मंडी के विजय कुमार शर्मा 'इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियर्स (इंडिया)' की फेलो सदस्यता से सम्मानित

मंडी, (एजेंसी)। । आईआईटी मंडी के अधीक्षण अभियंता विजय कुमार शर्मा को इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियर्स (इंडिया) द्वारा फेलो सदस्यता प्रदान की गई है। सिविल इंजीनियरिंग के क्षेत्र में 30 से अधिक वर्षों के अनुभव के साथ, शर्मा ने अपने करियर के दौरान कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं में योगदान दिया है। आईआईटी मंडी में उनके दो वर्षों के उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए उन्हें इस प्रतिष्ठित सदस्यता के लिए चुना गया है। इसके अतिरिक्त, विजय कुमार शर्मा को चार्टर्ड इंजीनियर (इंडिया) प्रमाण पत्र से भी सम्मानित किया गया है।

यह उल्लेखनीय है कि विजय कुमार शर्मा ने अपने करियर की शुरुआत बीएसएनएल निर्माण विभाग में एक इंजीनियर के रूप में की थी। उन्होंने बीएसएनएल में 29 वर्षों तक सेवा दी। इस दौरान उन्होंने टेलीफोन एक्सचेंज भवन, कॉलोनी, मोबाइल टॉवर और बीएसएनएल की कई बड़ी परियोजनाओं पर काम किया। साथ ही, उन्होंने हिमाचल सरकार के लिए पॉलीटेक्निक कॉलेज, अस्पताल और कई स्कूलों का भी निर्माण किया।

# गोदरेज ने जयपुर में ज्वैलर्स और घरों के लिए डिजाइन और प्रौद्योगिकी का मिश्रण करते हुए स्मार्ट सिक्योरिटी की नई रेंज लॉन्च की

## आधुनिक उपभोक्ताओं की उभरती जरूरतों को पूरा करने के लिए स्मार्ट नवाचारों के साथ बाजार हिस्सेदारी को मजबूत करने का लक्ष्य

जयपुर टाइम्स

जयपुर, (कासं.)। गोदरेज एंटरप्राइजेज ग्रुप के सिक्योरिटी सॉल्यूशन्स डिविजन ने आज जयपुर में प्रीमियम, तकनीक-सक्षम लॉकर्स की अपनी नवीनतम रेंज लॉन्च की, जो राजस्थान के गतिशील सुरक्षा बाजार में इसके नेतृत्व की पुष्टि करता है। उपभोक्ता और संस्थागत दोनों क्षेत्रों में मजबूत उपस्थिति के साथ, यह नया उत्पाद पोर्टफोलियो राज्य में घर के मालिकों और ज्वैलर्स के बीच उन्नत सुरक्षा समाधानों की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। राजस्थान का संपन्न आभूषण क्षेत्र, जिसका मूल्य वित्त वर्ष 24 में लगभग 11,183 करोड़ रुपये (लगभग 1.35 अरब डॉलर) था और जो जयपुर के प्रसिद्ध शिल्प कौशल और वैश्विक आकर्षण से प्रेरित है, एक महत्वपूर्ण अवसर प्रस्तुत करता है। इस रणनीतिक कदम के साथ, गोदरेज का लक्ष्य भारत में अपनी पैठ को और मजबूत करना है। गोदरेज एंटरप्राइजेज ग्रुप के सिक्योरिटी सॉल्यूशन्स बिजनेस के बिजनेस हेड पुष्कर गोखले ने कहा, एक सदी से भी अधिक समय से सुरक्षा के क्षेत्र में एक विश्वसनीय नाम के रूप में, हम ग्राहकों की बदलती जरूरतों को पूरा करने के लिए लगातार नए-नए प्रयोग करते रहते हैं। जयपुर, अपने जीवंत आभूषण उद्योग और आधुनिक शहरी परिदृश्य के साथ, हमारे लिए एक प्रमुख बाजार है। भारतीय आभूषण क्षेत्र, जो देश के सकल घरेलू उत्पाद में लगभग 7त्न का योगदान देता है और वित्त वर्ष 2023 से वित्त वर्ष 2027 तक 8.34% की सीएजीआर से बढ़ने का अनुमान है, एक आशाजनक परिदृश्य प्रस्तुत करता है। लॉकर की हमारी नई रेंज घरों और संस्थानों के लिए है, जिन्हें बुद्धिमान, विश्वसनीय सुरक्षा प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया है - चाहे वह घर के कीमती सामान की




सुरक्षा हो या उच्च मूल्य के आभूषणों की सूची को सुरक्षित करना हो। सुविधा, डिज़ाइन और अप्रतिम सुरक्षा पर ध्यान देने के साथ, हम राजस्थान के समुदायों की जीवनशैली और आजीविका दोनों की रक्षा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।÷ प्रोडक्ट लॉन्च के अलावा, गोदरेज एंटरप्राइजेज ग्रुप अपने वितरण नेटवर्क को व्यापक बनाकर, प्रमुख खुदरा साझेदारी बनाकर और डिजिटल जुड़ाव को बढ़ाकर जयपुर और पूरे राजस्थान में अपनी विस्तार रणनीति को तेज कर रहा है। कंपनी अगले तीन वर्षों के लिए लगभग 18% की मजबूत वृद्धि को लक्षित कर रही है, जिसमें जयपुर इस विस्तार में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है, और इसका लक्ष्य होम लॉकर सेगमेंट में 75% से अधिक और आभूषण सेगमेंट में लगभग 60त्न की प्रमुख बाजार हिस्सेदारी हासिल करना है। इस तेजी को समर्थन देते हुए, राजस्थान सरकार की पहल - जैसे कि %एक जिला एक उत्पाद% योजना - आभूषण विक्रेताओं के लिए व्यापार के अवसरों को बढ़ा रही है और परिचालन को सुव्यवस्थित कर रही है, जिससे नवाचार और विकास के लिए अनुकूल वातावरण को बढ़ावा मिल रहा है।गोदरेज ने डिफेंडर ऑरम प्रो रॉयल क्लास ई सेफ पेश किया है, जो कि बीआईएस-प्रमाणित उच्च सुरक्षा वाली सेफ है जिसे खास तौर पर आभूषण कारोबार के लिए बनाया गया है, जो कि मूल्यवान इन्वेंट्री के सुरक्षित और उच्च क्षमता वाले भंडारण को सुनिश्चित करता है। एक्यूगोल्ड आईईडीएक्स सीरीज जैसी पूरक पेशकशें आभूषण खुदरा, हॉलमार्किंग केंद्रों और बैंकों को उनके गोल्ड लोन कारोबार के लिए गैर-विनाशकारी सोने की जांच प्रदान करती हैं। गोदरेज एमएक्स पोर्टेबल स्ट्रांग रूम मॉड्यूलर पैनल सेटअप और लचीलेपन में आसानी के साथ अधिकतम सुरक्षा प्रदान करते हैं, खासकर उन क्षेत्रों के लिए जहां आरसीसी प्रबलित स्ट्रांग रूम का निर्माण अनुमोदन या लॉजिस्टिक मुद्दों में कठिनाइयों के कारण अव्यवहारिक है।

# एमएसडीई ने इंडिया स्किल्स एक्सेलरेटर के लॉन्च के लिए वर्ल्ड इकोनोमिक फोरम के साथ की साझेदारी

जयपुर टाइम्स

नई दिल्ली, (एजेंसी)। । भारत के कौशल के लक्ष्यों के गति प्रदान करने के प्रयास में कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय (एमएसडीई) ने नई दिल्ली के कौशल भवन में आयोजित उच्च स्तरीय गोलमेज चर्चा के दौरान वर्ल्ड इकोनोमिक फोरम (डब्ल्यूईएफ) के सहयोग से 'इंडिया स्किल्स एक्सेलरेटर' पहल पर विचार विमर्श किया।

इंडिया स्किल्स एक्सेलरेटर राष्ट्रीय स्तर पर सार्वजनिक-निजी साझेदारी के रूप में काम करेगा, यह मुश्किल चुनौतियों के समाधान के लिए विभिन्न आधुनिक विचारों एवं प्रगति को बढ़ावा देने हेतु विभिन्न सेक्टरों के प्रयासों को सक्षम बनाएगा- वे चुनौतियां जिन्हें हल करने के लिए बहु-हितधारक दृष्टिकोण की आवश्यकता होती है। एक्सेलरेटर का उद्देश्य तीन महत्वपूर्ण स्तरों पर बदलाव को बढ़ावा देना है- 1)भावी कौशल की आवश्यकताओं पर जागरुकता बढ़ाना और लोगों की सोच में बदलाव लाना; 2)हितधारकों के बीच आपसी सहयोग एवं ज्ञान के आदान-प्रदान को बढ़ावा देना; और 3) अधिक अनुकूल एवं प्रतिक्रियाशील कौशल प्रणाली को समर्थन प्रदान करने के लिए संस्थागत संरचनाओं एवं नीतिगत ढांचे को अपग्रेड करना।

टेक्नोलॉजी और आर्थिक पहलुओं पर नज़र डालें तो भारत तेज़ी से बदलाव के दौर से गुज़र रहा है, इस बीच 65 फीसदी संगठनों का मानना है कि कौशल की कमी सबसे बड़ी रूकावट है जो प्रगति में बाधा उत्पन्न कर सकती है। ऐसे में एक्सेलरेटर का उद्देश्य अपस्किलिंग एवं रीस्किलंग, आजीवन लर्निंग में निवेश तथा सरकार एवं उद्योग जगत के बीच आपसी सहयोग को बढ़ावा देकर कौशल की इन खामियों को दूर करना है।

यह पहल उच्च विकास वाले सेक्टरों जैसे एआई, रोबोटिक्स एवं एनर्जी में- शिक्षा को उद्योग जगत के अनुरूप बनाकर, प्रशिक्षण को बढ़ावा देकर और करियर में बदलाव को सुगम बनाकर- भारत के युवाओं को सशक्त बनाएगी तथा उन्हें भविष्य के लिए तैयार करेगी।

इस पहल की प्रशासनिक संरचना की बात करें तो इसमें सार्वजनिक एवं निजी सेक्टरों के हितधारक शामिल होंगे, जयंत चौधरी, माननीय राज्य कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्री (स्वतन्त्र प्रभार) और माननीय राज्य शिक्षा मंत्री इसका नेतृत्व एवं सह-अध्यक्षता करेंगे। डॉ सुकांत मजूमदार, माननीय राज्य शिक्षा एवं उत्तर-पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्री भी इसके सह-अध्यक्ष होंगे। इसके लिए दो निजी सह-अध्यक्ष भी होंगे- मिस शोभना कामिनेनी, एक्ज़क्टिव चेयरपर्सन अपोलो हेल्थ कंपनी और संजीव बजाज, चेयरमैन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर बजाज फिनसर्व।

इस अवसर पर सम्बोधित करते हुए माननीय मंत्री जयंत चौधरी ने युवा, गतिशील राष्ट्र की महत्वाकांक्षाओं को पूरा करने के लिए कौशल प्रणाली में संरचनात्मक सुधार एवं सामुहिक महत्वाकांक्षा की आवश्यकता पर ज़ोर दिया। उन्होंने कहा कि भारत की जनसांख्यिकी क्षमता का लाभ तभी उठाया जा सकता है अगर कौशल प्रणाली को विश्वस्तरीय अवसरों एवं राष्ट्रीय प्राथमिकताओं के अनुरूप समावेशी एवं दुरुस्त बनाया जाए। आज भारत के पास तीन शक्तिशाली ताकतें हैं- जनसांख्यिकी लाभांश, डिजिटल रूपान्तरण और विकास के लिए प्रतिबद्धता। दुनिया की सबसे अधिक युवा आबादी और जीवंत कौशल प्रणाली के साथ हम कौशल की दृष्टि से दुनिया की राजधानी बनने के लिए तैयार हैं।' चौधरी ने कहा। उन्होंने कहा कि एक्सेलरेटर विचार-विमर्श के लिए महत्वपूर्ण मंच है, साथ ही यह व्यवस्थित बदलाव, साझा जवाबदेहिता, इनोवेशन एवं लक्षित समाधानों को बढ़ावा देने वाला माध्यम भी है। ''यह स्पष्ट आकलन और सार्थक विचार-विमर्श का अवसर है- जो आंकड़ों पर आधारित और परिणामों पर केन्द्रित है।' मंत्री जी ने क्षेत्रीय फोकस के महत्व पर रोशनी डाली, सर्वेक्षणों एवं साक्ष्यों के माध्यम से हमारी मौजूदा स्थिति पर विचार रखे, तथा उभरते क्षेत्रों जैसे जीसीसी, आधुनिक मैनुफैक्चरिंग एवं अनौपचारिक कार्यबल के औपचारीकरण को प्राथमिकता दी।

सह-अध्यक्ष एवं माननीय मंत्री डॉ सुकांत मजूमदार ने भारत को अगली पीढ़ी की प्रतिभा के विश्वस्तरीय केन्द्र के रूप में स्थापित करने के अवसरों पर विचार रखे। उन्होंने भारत की कौशल प्रणाली में प्रतिस्पर्धा को शामिल करने (खासतौर पर एआई, साइबरसिक्योरिटी एवं क्लाउड कम्प्युटिंग जैसे क्षेत्रों में) के महत्व पर भी ज़ोर दिया। ताकि भारत न सिर्फ अपनी स्वदेशी अर्थव्यवस्था के लिए बल्कि दुनिया के लिए भी कौशल को बढ़ावा दे। उन्होंने कहा कि एक्सेलरेटर विश्वस्तरीय महत्वाकांक्षा को परिणामों में बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। ''राष्ट्रीय शिक्षा नीति के माध्यम से हमने बदलावकारी परिवर्तन शुरू किया है- जो प्रत्यास्थता, व्यवसायिक मार्गों एवं डिजिटल कौशल को बढ़ावा दे रहा है। हमारे इम्प्लीमेंटेशन मॉडल में केन्द्र और राज्य दोनों शामिल हैं जो डब्ल्यूईएफ जैसे विश्वस्तरीय मंच के लिए भी अमूल्य सबक हो सकते हैं।'' उन्होंने कहा।

सादिया ज़ाहिदी, मैनेजिंग डायरेक्टर, वर्ल्ड इकोनोमिक फोरम ने कहा, ''मार्केट में टेक्नोलॉजी और श्रम की दृष्टि से तेज़ी से बदलाव आ रहे हैं। ऐसे में स्किल एक्सेलरेटर का लॉन्च हमारे कार्यबल को भविष्य के अनुसार कौशल के साथ सशक्त बनाने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। यह पहल कौशल प्रणाली को अनुकूल बनाकर, कौशल की खामियों को दूर करेगी तथा भारत की डिजिटल एवं इनोवेशन-उन्मुख इकोनोमी के विकास को गति प्रदान करेगी। हमें खुशी है कि हमें इस पहल को समर्थन देने का अवसर मिला है और हम इसके प्रभाव को देखने के लिए उत्सुक हैं।''

गोलमेज के दौरान विशेषज्ञों ने भारत की कौशल प्रणाली के व्यापक विश्लेषण के महत्व पर विचार रखे, तथा 10 से 12 उच्च प्रभाव वाली प्राथमिकताओं पर भी रोशनी डाली। उन्होंने डब्ल्यूईएफ के ग्लोबल लर्निंग नेटवर्क के माध्यम से प्रगति और कार्यान्वयन पर निगरानी रखने के लिए वर्किंग ग्रुप बनाने की आवश्यकता पर ज़ोर दिया- ताकि पियर लर्निंग एवं ग्लोबल बेंचमार्किंग को सुनिश्चित किया जा सके। इसके अलावा थीमेटिक वर्किंग ग्रुप के महत्व पर भी ज़ोर दिया गया, ताकि योजनाओं को आपसी सहयोग के साथ अंजाम दिया जा सके। प्रतिभागियों ने वर्ल्ड इकोनोमिक फोरम की फ्यूचर ऑफ जॉब्स 2025 रिपोर्ट के अनुरूप शुरू की गई नई पहल पर भी विचार प्रस्तुत किए।

सत्र के दौरान वर्ल्ड इकोनोमिक फोरम, कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय, राष्ट्रीय व्यवसायिक शिक्षा एवं प्रशिक्षण परिषद, प्रशिक्षण महानिदेशालय, राष्ट्रीय कौशल विकास निगम से वरिष्ठ अधिकारी, तथा शिक्षा मंत्रालय, युनिवर्सिटी अनुदान आयोग, अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद, राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद तथा केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड से मुख्य प्रतिनिधि भी मौजूद रहे।

## नेत्र जांच शिविर में 106 रोगियों की जांच 65 का हुआ ऑपरेशन के लिए चयन




जयपुर टाइम्स

**कुचामन सिटी(निसं.)** लॉयन्स क्लब कुचामन फोर्ट सेवा ट्रस्ट एवं लॉयन्स क्लब कुचामन फोर्ट के तत्वावधान में रामअवतार सीताराम अग्रवाल चैरिटेबल ट्रस्ट के सौजन्य से जिला अन्धता निवारण समिति जयपुर एवं शंकरा नेत्र अस्पताल जयपुर के सहयोग से निःशुल्क नेत्र जांच एवं लेंस प्रत्यारोपण शिविर माहेश्वरी भवन में आयोजित हुआ। सेवा ट्रस्ट अध्यक्ष लॉयन राम काबरा ने बताया कि क्लब का संकल्प मोतियाबिंद मुक्त हो कुचामन क्षेत्र को साकार करने की दिशा में आज 63 वा शिविर आयोजित किया गया। जिसमें शंकरा अस्पताल जयपुर की चिकित्सक टीम ने 106 रोगियों के नेत्र एवं बीपी शुगर जांच कर 65 को ऑपरेशन के लिये चयन किया। चयनित रोगियों को शंकरा अस्पताल जयपुर भेजा गया जिनके बुधवार को ऑपरेशन किये जायेंगे। वही पिछले माह ऑपरेशन करवाने वाले रोगियों को पुनः जांच कर चश्मे भी दिए गए। निदेशक लॉयन मुरलीधर गोयल ने बताया रोगियों के भोजन, आवास, चश्मे एवं दवाईयों की व्यवस्था निःशुल्क रहेगी। विष्णु मोयल, अजित सिंह तथा एनएसएस के स्वंयसेवक हंसराज, ज्ञानाराम, गजेन्द्र, आरती, यासमीन, प्रियांशी, दीपिका, मुस्कान, मोनिका, अंशुल आदि ने व्यवस्था में सहयोग कीया।

## सकल जैन समाज द्वारा सामूहिक णमोकार मंत्र का पाठ



जयपुर टाइम्स

**बिजौलियां(निसं.)।** दिगंबर जैन बड़े मंदिर में सकल जैन समाज द्वारा सामूहिक णमोकार मंत्र का पाठ किया गया। जिसमें करीब 500 पुरुष-महिलाएं व युवा शामिल थे। भारत के अलावा 108 देशों में प्रातः 8 बजे से 9.30 बजे तक सामूहिक पाठ किया गया और इस दिन को णमोकार विश्व दिवस के रूप में मनाया गया। संगीतमय पाठ में लोगों ने श्रद्धा और भक्ति के साथ णमोकार महामंत्र का उच्चारण किया। विदित हैं कि नवकार महामंत्र आध्यात्मिकता, विनम्रता, भाईचारे और अहिंसा के सिद्धांतों पर आधारित है।

## ना घोड़ी ना बाजा ना बाराती ओर बन्धगये परिणय सूत्र में



जयपुर टाइम्स

**सवाई माधोपुर(निसं.)** उच्च सेवाओं में चयन के बाद समाज को फिजूल खर्ची से रोकने का उद्देश्य सकारात्मक मैसेज देने की अभिनव पहल, राजस्थान प्रशासनिक सेवा और राजस्थान वन सेवा के अधिकारी ने थामा एक-दूजे का हाथ,साधारण तरीके से मानटाउन क्लब में जयपुर निवासी ज्योत्सना खेड़ा 2024 बेच की और अलवर के RFS 2022 योगेश वर्मा आज बिना दिखावा किये एक दूजे को वरमाला पहनाकर बंधें दाम्पत्य बंधन में, खास बात यह कि खर्चीले विवाह और दहेज मुक्त समाज का दिया जा रहा अनूठा संदेश, कोर्ट मैरिज के जरिए मानटाउन क्लब में गिने-चुने मेहमानों के समक्ष बनें हमसफर, 2024 बैच की RAS ज्योत्सना खेड़ा वर्तमान में परिवीक्षा अवधि कर रहीं पूरी, मलारना डूंगर के SDM का पदभार संभाल रही हैं ज्योत्सना खेड़ा, वहीं, 2022 बैच के RFS योगेश वर्मा फलौदी और पालीघाट क्षेत्र के ACF पद पर हैं कार्यरत, RAS ज्योत्सना के पिता रिटायर्ड IAS कैलाश बैरवा पूर्व में सवाई माधोपुर में रह चुके पोस्टेड, सवाई माधोपुर जिले की पोस्टिंग दोनों अधिकारियों की जिंदगी में बन गई एक यादगार लम्हा ओर अपने माता पिता की मौजूदगी में कुछ गिने चुने महमानों की मौजूदगी में शादी सम्पन्न हुई।इस दौरान जिला कलेक्टर शुभम चौधरी ,पुलिस अधीक्षक ममता गुप्ता,एडीएम,जिला परिषद सीईओ ,उपजिला कलेक्टर अनूप सिंह, रणथंभोर ष्ठद्धश्च रामानंद भांकर,सहित कई अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

## जिले में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश

**सवाई माधोपुर(निसं.)।** जिले में 10 अप्रैल को महावीर जयन्ती, 11 अप्रैल को महात्मा ज्योतिबा फूले जयन्ती, 12 अप्रैल को हनुमान जयन्ती एवं 14 अप्रैल को डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयन्ती मनाई जाएगी। अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट संजय शर्मा ने उक्त जयन्ती के अवसर पर समस्त उपखण्ड मजिस्ट्रेट को उनके क्षेत्र में संबंधित तहसीलदार व नायब तहसीलदार के साथ क्षेत्र की सम्पूर्ण गतिविधियों पर पूर्ण सतर्कता एवं निगरानी रखते हुए जिले में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है। साथ ही किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना घटित होने की संभावना पर सतर्क रहते हुए पुलिस अधीक्षक एवं अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट सवाई माधोपुर को सूचित किया जाना सुनिश्चित करें।

## निजी स्कूलों की मनमानीः सरकारी आदेशों की उड़ा रहे धज्जियां

कुचामन सिटी

शिक्षा नगरी के नाम से मशहूर कुचामन में निजी स्कूलों में आरटीई के तहत प्रवेश लेने वाले बच्चों को निजी स्कूलों द्वारा निशुल्क मिलने वाले किताबें नहीं दी जा रही है। किताबें नहीं मिलने से बालकों के अभिभावक परेशान हो रहे है। निजी स्कूलों के निशुल्क सीटों पर प्रवेश लेने के संबंध में आरटीई एक्ट में दिए गए प्रावधान के मुताबिक बच्चों को पाठ्य पुस्तकें स्कूल की ओर से निशुल्क उपलब्ध करवाई जाती है, लेकिन कई स्कूल संचालक सरकार द्वारा किताबें के लिए कम ही राशि मिलने की बात कहकर बच्चों को निशुल्क किताबें नहीं उपलब्ध करवा रहे है। इससे अभिभावक अपने बच्चों की पढ़ाई को लेकर परेशान है। अभिभावक अजहरुद्दीन ने बताया कि उसने अपने बेटी का आरटीई के तहत एक निजी स्कूल में एडमिशन करवाया था। एडमिशन होने के बाद जब स्कूल संचालकों से किताब के लिए पूछा तो उन्होंने किताब देने से इंकार कर दिया। छोटू लाल ने बताया कि 5 साल पहले अपनी बेटी भाग्य श्री का इसी स्कूल में दाखिला करवाया था। तब से लेकर आज तक निशुल्क किताबें नहीं मिली हैं। इस संबंध में कई बार स्कूल संचालकों से बात की, लेकिन उन्होंने किताबें देने से स्पष्ट मना कर दिया। निजी स्कूलों की मनमानी से आरटीई के तहत अध्ययनरत विद्यार्थी परेशान हो रहे हैं। कई अभिभावकों का आरोप है कि स्कूल में विद्यार्थियों को निशुल्क किताबें नहीं दी जा रही हैं। जबकि स्कूल किताबों के नाम पर भी सरकार से राशि पुनर्भरण करा रहे हैं। राशि मिलने के बाद भी निजी स्कूल विद्यार्थियों को निशुल्क किताबें नहीं दे रहे हैं। इन सीटों पर दुर्बल व असुविधाग्रस्त समूह के विद्यार्थी पढ़ रहे हैं जो इन स्कूलों की महंगी किताबें नहीं खरीद सकते है। छोटी कक्षा के बच्चों का पाठ्य क्रम भी निजी स्कूलों द्वारा अपनी मर्जी से 3000 से 4000 रुपए तक दे रहे हे प्रत्येक स्कूल अपना पाठ्य क्रम अलग अलग रखती है, कई स्कूल तो हर साल पाठ्य क्रम बदलती जिससे मध्यम श्रेणी के बच्चे अपने से बड़ी कक्षा के बच्चों का पाठ्य क्रम भी नहीं पढ़ सकते हैं इधर, निजी स्कूल संचालकों ने बताया कि सरकार की ओर से हमें किताबों के लिए 200 रुपए लगभग मिलते हैं। ऐसे में किताबें उपलब्ध करवाने में परेशानी आ रही है। लेकिन कई स्कूल संचालक प्रिंट रेट ही बच्चों से वसूलते है, जबकि आरटीई के तहत आने वाली राशि भी नहीं छोड़ते हैं, जबकि काफी स्कूल संचालक आरटीई के तहत आने वाली राशि माफ करते हुए अलग से प्रिंट रेट ज्यादा होने के कारण 40 से 50% तक की छूट दे रहे हैं।

### कार्यालय कृषि उपज मण्डी समिति,सरदारशहर (चूरू)
दुरभाष नम्बर. 01564.220001 E-mail:- kumssardars@rajasthan.gov.in

क्रमांक :– 14705392 दिनांक : 08.04.2025

**निविदा सूचना**

इस कार्यालय में वित्तीय वर्ष 2025–2026 की शेष समयावधि के लिए जल व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था, कम्प्यूटर ऑपरेटर कार्यालय कार्य व्यवस्था, कम्प्यूटर ऑपरेटर ई–नाम व्यवस्था, के लिए पंजीकृत फर्मो से निर्धारित प्रपत्र में निविदाएं आमंत्रित की जानी है। निविदा की विस्तृत शर्तें एवं अन्य विवरण वेबसाईट http://sppp.rajasthan.gov.in एवं कार्यालय में आकर देखी जा सकती है।

निविदा प्रपत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय 28.04.2025 प्रातः 12.00 बजे तक
भरे निविदा प्रपत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समय 28.04.2025 समय 2.00 बजे तक
निविदा खोलने की तिथि एवं समय 28.04.2025 समय 03.00 बजे

| क्र.स. | ठेका व्यवस्था | यूबीएन नम्बर |
|---|---|---|
| 1 | जल व्यवस्था | DAM2526SSRC00019 |
| 2 | प्रकाश व्यवस्था | DAM2526SSRC00020 |
| 3 | कम्प्यूटर ऑपरेटर कार्यालय कार्य | DAM2526SSRC00022 |
| 4 | कम्प्यूटर ऑपरेटर ई–नाम | DAM2526SSRC00021 |

चौकीदारी व्यवस्था, सफाई व्यवस्था, के लिए पंजीकृत फर्मो से निर्धारित प्रपत्र में निविदाएं आमंत्रित की जानी है। निविदा की विस्तृत शर्तें एवं अन्य विवरण वेबसाईट http://sppp.rajasthan.gov.in एवं http://eproc.rajasthan.gov.in एवं कार्यालय में आकर देखी जा सकती है।

निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने की तिथि एवं समय 09.04.2025 प्रातः 11.00 बजे से 28.04.2025 समय 12.00 बजे तक
निविदा प्रपत्र अपलोड करने की तिथि एवं समय 11.04.2025 प्रातः 11.00 बजे से 28.04.2025 समय 12.00 बजे तक
मूल दस्तावेज/डीडी जमा कराने का समय 11.04.2025 प्रातः 11.00 बजे से 28.04.2025 समय 11.00 बजे तक
तकनीकी निविदा खोलने की तिथि एवं समय 28.04.2025 समय 01.00 बजे

| क्र.स. | ठेका व्यवस्था | यूबीएन नम्बर |
|---|---|---|
| 1 | चौकीदारी व्यवस्था | DAM2526SLRC00017 |
| 2 | सफाई व्यवस्था | DAM2526SLRC00018 |

सचिव
कृषि उपज मण्डी समिति, सरदारशहर

राज.संवाद/सी/25/573

### नगर परिषद सुजानगढ (चूरू) राजस्थान
E-mail id:- nps222419@gmail.com Phone no. 01568-222419

क्रमांक :–न.प.सु/विकास शाखा/2025/287 दिनांक :– 07.04.2025

**निविदा सूचना – 2025**

नगर परिषद सुजानगढ़ द्वारा विभिन्न प्रकार के कार्यों के लिये उपयुक्त सक्षम श्रेणी के राज्य सरकार के विभागों में प्रजीकृत ठेकेदारों/फर्मस से निविदा दिनांक 16.04.2025 को दोपहर 3:00 बजे तक आमन्त्रित की जाती है। निविदा प्रतियां दिनांक 16.04.2025 को दोपहर 2:00 बजे तक विक्रय की जावेगी प्राप्त निविदायें उसी दिन उपस्थित ठेकेदारों के समक्ष सायं 4:00 बजे खोली जावेगी। उक्त निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण वेबसाईट www.sppp.raj.gov.in पर प्राप्त की जा सकती है। निविदा का बीड क्रमांक– **(DLB2526WSOB01241)** कार्यालय समय में किसी भी कार्य दिवस को नगर परिषद सुजानगढ के कार्यालय में एवं सूचना बोर्ड पर देखी जा सकती है।

आयुक्त
नगर परिषद सुजानगढ

राज.संवाद/सी/25/606

### कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, खण्ड -सादुलपुर (राजस्थान) 331023
eephedsadulpur@gmail.com ee.phed.sdlp.chu@rajasthan.gov.in

क्रमांक- 22-32 दिनांक 02/04/2025

**NOTICE INVITING TENDERS FOR WORKS**

Online tenders are hereby invited on behalf of the Hon'ble Governor of Rajasthan for the following works from eligible enlisted Contractor/ Firm as per Rules. Details of this tender notification and pre-qualification criteria can also be seen in NIT exhibited on web site www.dipr.rajasthan.gov.in, http://sppp.rajasthan.gov.in, and http://eproc.rajasthan.gov.in. Online Tenders are to be submitted on web site. tender fee shall be submitted through e-GRAS only in respective budget head and bid security as per Annexure. Online Tendar website submitted Last Date & time For submission Up to 08-04-2025 (18.00 hrs)

| NIT No. | UBN No. |
|---|---|
| 01/2025-26 | PHE2526WSOB00059 |
| 02/2025-26 | PHE2526WSOB00059 |

**(Narendra Kumar Kachhawaha)**
**Executive Engineer,**
**PHED Division Sadulpur**
**Contact- 82791-01286**

### आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती दीपा कुमारी पत्नी श्री विजेंद्र कुमार ने मेरे अभिभाष्य चोलामंडलम इनवेस्टमेंट एंड फ़ाइनेंस कंपनी लिमिटेड को अपनी संपत्ति खसरा न. 441 ( पुराना ) 1377/441 ( नया ) ग्राम शेरपुरा तहसील नावा जिला नागौर क्षेत्रफल 107.6390 व.ग. पर ऋण हेतु आवेदन किया है। उक्त श्री मती दीपा कुमारी पत्नी श्री विजेंद्र कुमार ने यह जाहिर किया है कि उनकी उक्त संपत्ति के सम्बन्ध मे श्री शंकर लाल जोगी पुत्र श्री गणपतनाथ द्वारा श्रीमती कमला देवी पत्नी श्री भंवर लाल के पक्ष में निष्पादित मूल पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 06-01- 2011 एवं श्री शंकर लाल जोगी पुत्र श्री गणपतनाथ द्वारा श्रीमती कमला देवी पत्नी श्री भंवर लाल के पक्ष में निष्पादित मूल पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 07-09-2012 कहीं खो गया है । उक्त संपत्ति के स्वामित्व एवं ऋण के बाबत यदि किसी व्यक्ति, बैंक या संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति या आक्षेप हो तो 7 दिवस के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करे ।

**चन्द्रदीप नन्दलाल**
**राजस्थान उच्च न्यायालय**
**एडवोकेट**
**कार्यालय- 48, गुलाबी मार्केट,**
**पॉवर हाऊस के पास,**
**रेनवाल रोड़ चौमूँ, जयपुर, (राज.)**

## लायंस क्लब की रीजनल कॉन्फ्रेंस का आयोजन

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** लायंस क्लब की रीजनल कॉन्फ्रेंस 2025 - उत्कर्ष का सफल आयोजन हवा सड़क जयपुर स्थित एक होटल में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि लायन डॉ. वी. के. लाडिया ,लायन सुधीर वाजपेई एवं अध्यक्ष रीजनल चेयरपर्सन लायन मंजू गोयल थी। कार्यक्रम में लायंस क्लब जयपुर आदर्श नगर की उपस्थित सर्वाधिक रही एवं इन्होंने कॉन्फ्रेंस में सर्वाधिक पुरस्कार प्राप्त कर अपना परचम लहराया। सर्वश्रेष्ठ जोनल पर्सन का पुरस्कार लायन रोजी सक्सेना एवं सर्वश्रेष्ठ अध्यक्ष का पुरस्कार क्लब की अध्यक्षा लायन ऋचा खेमका को दिया गया। कार्यक्रम में लायंस क्लब जयपुर आदर्श नगर की अध्यक्षा ऋचा खेमका सचिव हेमा पारीक एवं कोषाध्यक्ष आरती महेश्वरी एवं उनकी टीम के द्वारा किए गए सेवा कार्यों की पूरे सदन ने भूरी भूरी प्रशंसा की। कार्यक्रम में बच्चों में कैंसर के अवेयरनेस पर विकास भाटिया के योगदान हेतु पुरस्कृत किया गया।

## मुख्य सचिव के दौरे को लेकर प्रशासन अलर्ट

जयपुर टाइम्स

**सवाई माधोपुर(निसं.)।** राजस्थान सरकार के मुख्य सचिव सुधांश पंत 11 अप्रैल को सवाई माधोपुर जिले के दौरे पर रहेंगे। जिला कलक्टर शुभम चौधरी ने जिले में 11 अप्रैल को मुख्य सचिव के भ्रमण कार्यक्रम के मध्यनजर जिले के समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों एवं राजस्व अधिकारियों को 10 से 14 अप्रैल तक राजकीय अवकाश के दिन भी जिला मुख्यालय पर आवश्यक रूप से उपस्थित रहने के निर्देश प्रदान किए है।

### नगर परिषद सुजानगढ (चूरू) राजस्थान
E-mail id:- nps222419@gmail.com Phone no. 01568-222419

क्रमांक :–न.प.सु/विकास शाखा/2025/250 दिनांक :– 07.04.2025

**निविदा सूचना – 2025**

नगर परिषद सुजानगढ़ द्वारा विभिन्न प्रकार के कार्यों के लिये उपयुक्त सक्षम श्रेणी के राज्य सरकार के विभागों में प्रजीकृत ठेकेदारों/फर्मस से निविदा दिनांक 16.04.2025 को दोपहर 3:00 बजे तक आमन्त्रित की जाती है। निविदा प्रतियां दिनांक 16.04.2025 को दोपहर 1:00 बजे तक विक्रय की जावेगी प्राप्त निविदायें उसी दिन उपस्थित ठेकेदारों के समक्ष सायं 4:00 बजे खोली जावेगी। उक्त निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण वेबसाईट www.sppp.raj.gov.in पर प्राप्त की जा सकती है। निविदा का बीड क्रमांक– **(DLB2526WSOB01219)** कार्यालय समय में किसी भी कार्य दिवस को नगर परिषद सुजानगढ के कार्यालय में एवं सूचना बोर्ड पर देखी जा सकती है।

आयुक्त
नगर परिषद सुजानगढ

राज.संवाद/सी/25/605

### कार्यालय नगरपरिषद सुजानगढ़ (चूरू) राजस्थान

क्रमांक - न.प. सु. / भूमि शाखा / 2025 / 309 दिनांक 09-04-2025

**आपत्ति आमंत्रण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नीचे अंकित निम्नलिखित व्यक्तियों द्वारा 69 ए के अन्तर्गत पट्टा नियमन हेतु आवेदन किया हुआ है। उक्त के सम्बंध में किसी व्यक्ति / संस्था को आपत्ति हो तो आपत्ति प्रकाशन के 07 दिवस में मय दस्तावेज इस कार्यालय में प्रस्तुत करे। बाद मियाद गुजरने पश्चात् किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा और इकतरफा कार्यवाही की जावेगी ।

| क्र.सं. | आवेदक का नाम व पता | कस्बा | पता | क्षेत्रफल वर्गमीटर | आवासीय / व्यावसायिक |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | श्री ओमप्रकाश गुर्जर सुजानगढ़ पुत्र श्री मदन लाल | सुजानगढ़ | नाथो तालाब, गुर्जरों का बास, सुजानगढ़ | 136.56 | आवासीय |

**आयुक्त**
**नगरपरिषद, सुजानगढ़**

### कार्यालय पंचायत समिति तारानगर (चूरू)

01561-240236 Email- bdo.chutar@gmail.com
क्रमांक- लेखा / निविदा / 2025 / 223-25 दिनांक- 09.04.2025

**ई निविदा सूचना 01/2025-26**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायतों के ग्राम पंचायत भवन एवं भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केन्द्र के भवनों की सुरक्षा हेतु जॉब बेसीस पर मानव संसाधन की दर पर सेवा उपलब्ध करवाने हेतु विनिर्दिशिष्ट बोली दाताओ / संवेदक जो कि राजस्थान तुबन्ध अधिनियम 1970, कर्मचारी भविष्य निधि अधिनियम 1952, नुबन्धित श्रमिक (नियमन एवं उन्मूलन) मचारी राज्य बीमा अधिनियम 1948 वस्तु एवं सेवा कर (GST) आयकर (पेन नम्बर ) के अन्तर्गत जीकृत हो एवं नागरिक एवं गृह रक्षा विभाग, जयपुर या राजस्थान पुलिस अकादमी जयपुर से जारी सुरक्षा सेवा प्रदाता के रूप में कार्य करने हेतु लाईसेंस / अनुमति प्राप्त हो, से निम्नलिखित प्रकार से ई निविदा (तकनिकी - वाणिज्यक / क्वालीफाइंग बिड व वित्तीय / प्राईस बिड) आमन्त्रित की जाती है- http://www.sppp.raj.nic.in पर भी देखी जा सकती है।

**विकास अधिकारी**
**पंचायत समिति तारानगर**

### कार्यालय नगरपालिका मण्डल तारानगर (चूरू) राजस्थान

क्रमांक- न.पा.ता / आपत्ति सूचना / 2024-25 / 181 दिनांक- 9/4/25

**आपत्ति सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि नगरपालिका क्षेत्र तारानगर के निम्नांकित भूखण्ड धारियो ने कृषि भूमि नियमन हेतु पत्रावलियां जमा करवायी गयी है अतः जिस किसी को कोई आपत्ति हो तो, इस आपत्ति सूचना के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस मे सप्रमाण आपति इस कार्यालय मे प्रस्तुत करे बाद अवधि प्राप्त आपत्ति पर विचार नही किया जायेगा।

| क्र.सं. | आवेदक का नाम | वार्ड सं. | आवेदन संख्या | क्षेत्रफल (वर्गमीटर) | प्रयोजनार्थ |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | लक्ष्यराज सिंह पुत्र सुरेन्द्र सिंह | 1 | | 6744.07 | कृषि भूमि नियमन |
| 2. | विरेन्द्र सिंह पुत्र सुरेन्द्र सिंह | 1 | | 6744.07 | कृषि भूमि नियमन |
| 3. | गुमान कंवर पत्नी श्री सुरेन्द्र सिंह | 1 | | 6744.07 | कृषि भूमि नियमन |

**अधिशाषी अधिकारी**
**नगरपालिका तारानगर**

### कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता (परियोजना) जन स्वा. अभि. विभाग विभाग, खण्ड, सरदारशहर

क्रमांक- अअ / जनस्वा/ निविदा / 2025-26 / 09 दिनांक-2.4.25

**ई-निविदा सूचना संख्या 54-57 / 2025-26**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से पी.डब्लू. एफ. एण्ड ए.आर. पार्ट -ना अपेडिक्स 16 दिनांक 1.7.99 से लागू एवं समय-समय पर वित्त विभाग द्वारा जारी संशोधित परिपत्रों ( आज तक) के अनुरूप विभाग में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत एवं राज्य सरकार / केन्द्र सरकार के विभागों में सक्षम श्रेणी में पंजीकृत संवेदको एवं संबंधित कार्यों में अनुभव रखने वाली फर्मों से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेंट प्रक्रिया हेतु ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं ।

निविदा फार्म ऑन लाईन वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in से कॉलम संख्या 6 में अंकित तिथि तक सांय 6.00 बजे तक डाउनलोड / अपलोड किए जा सकते हैं । वैब साईट पर तकनीकी बिड कॉलम संख्या 8 में अंकित तिथि को इस कार्यालय में प्रातः 2.00 पी.एम. पर खोली जावेगी। यदि किसी कारणवष उस दिन अवकाष रहता है तो उसके अगले कार्य दिवस को उसी समय पर तकनीकी बिड खोली जावेगी।

निविदा शुल्क (through e-GRAS Challan (website http://egras.raj.nic.in) in favour of DDO Code 4836-XEN Project Div SARDARSHAHR Budget Head निविदा शुल्क प्राप्ति 007500-800-52-01, धरोहर राशि निविदा दाता द्वारा (through e-GRAS Challan (website http://egras.raj.nic.in) in favour of DDO Code 4836 XEN Project Div SARDARSHAHR Budget Head लोक निर्माण कार्य जमा 8443-00 108-00-00 ) एवं ई-टेण्डरिंग प्रक्रिया शुल्क रूपये 50.00 लाख तक 500 /- रूपये तथा 50.00 लाख से अधिक 1000 /- रूपये (in Favour of Managing Director, RISL, Jaipur payable at Jaipur) (through e-GRAS Budget Head 8658-00-102-16- 02) में जमा करवाकर चालान कि प्रति एवं अपोलोड सम्पूर्ण दस्तावेज भौतिक रूप से दिनांक 16.04.2025 को 11.00 बजे तक इस कार्यालय जमा करवाया जाना आवश्यक है । अपोलोड सम्पूर्ण दस्तावेज भौतिक रूप से निर्धारित दिनांक एवं समय पर जमा नही करवाये जाने पर फर्म की तकनिकी बिड पर कोई विचार नही किया जावेगा, इच्छुक संवेदकों को अपने डिजिटल (DSC) हस्ताक्षर के माध्यम से वैब साईट http://eproc.rajasthan.gov.in पर फर्म को रजिस्टर्ड करवाना आवश्यक है।

| निविदा संख्या | कार्य का नाम | अनुमानित लागत राशि (लाखों में) | धरोहर राशि | निविदा शुल्क राशि रू. में | निविदा डाउनलोड एवं अपलोड करने की दिनांक | तकनीकी बिड खोलने की तिथि | कार्य पुर्ण करने कि अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 54/25-26 | Construction and commissioning of 200 mm dia. New Tube well at Rural village Ranasar Bikana Under Div Sardarshahar. UBN is PHE2526WSOB00091 Date 02.04.2025 | 11.48 | 22960 | 500 | Up to 15.04.2025 6.00 PM | 16.04.2025 2.00PM | 03 Month |
| 55/25-26 | Construction and commissioning of 200 mm dia. New Tube well Against Failure TW in ward no 16 near vishwakarama mandir of UWSS Sardarshahar. UBN is PHE 2526 WSOB 00097 Date 02.04.2025 | 11.09 | 22180 | 500 | Up to 15.04.2025 6.00 PM | 16.04.2025 2.00PM | 03 Month |
| 56/25-26 | Annual Rate Contract of the Distribution of water bill to the consumer under Sardarshahar. UBN is PHE 2526 WSOB 00100 Date 02.04.2025 | 04.50 | 9000 | 500 | Up to 15.04.2025 6.00 PM | 16.04.2025 2.00PM | 12 Month |
| 57/25-26 | Supply and fixing of various electrical spares parts, cable starter sluice valve for maintaining the water supply under division sardarshahar Against Distt collector summer contigency 2025. UBN is: PHE2526WSOB00107 Date 02.04.2025 | 08.56 | 17120 | 500 | Up to 15.04.2025 6.00 PM | 16.04.2025 2.00PM | 03 Month |

नोट- निविदा से सम्बन्धित विस्तृत विवरण एवं अन्य शर्ते निम्नलिखित वैब साईट पर देखी जा सकती है -
1- http://eproc.rajasthan.gov.in w-sppp.rajasthan.gov.in 3- www.dipronline.org
1. निविदा में निर्धारित दिनांक तक नवीनतम पुर्नावलोकन रजिस्ट्रेशन होना आवश्यक है।
2. शर्त सहित निविदा मान्य नहीं होगी ।
3. निविदा विक्रय / प्राप्ति / खोलने की तिथि को अवकाश होने पर अगला कार्य दिवस माना जावेगा ।
निम्न हस्ताक्षरकर्ता को किसी भी निविदा या सभी निविदाओं को बिना कारण बतायें निरस्त करने का पूर्ण अधिकार रहेगा।
**प्रकृति का अनुपम उपहार**
**स्वच्छ जल का सबको उपहार**

**अधिशाषी अभियन्ता (परियोजना )**
**जन स्वा. अभि. विभाग, खण्ड सरदारशहर**

### कार्यालय ग्राम पंचायत वीर तेजाजी नगर,
#### पंचायत समिति पावटा (जयपुर)

क्रमांक- ग्रा.पं.वी./निविदा/2024-25 / 24 दिनांक- 8/9/2025

**ई-निविदा सूचना 2024-25**

सर्वसाधारण एवं पंजीकृत संवेदकों को सूचित किया जाता है कि पंचायत समिति पावटा के अधिनस्थ ग्राम पंचायत वीर तेजाजी नगर में नियम 181 के तहत पंचायती राज विभाग, सार्वजनिक निर्माण विभाग, जल संसाधन विभाग, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, नगर निगम, एवं राज्य सरकार के अधिकृत संगठनों में पंजीकृत सक्षम श्रेणी ए, बी एवं सी तथा डी व ई श्रेणी संवेदकों से खुली निविदा के माध्यम से (डिफेक्ट लाइबिलिटि पिरीयड वर्ष) कार्य के लिए आमंत्रित की जाती है। निविदा शर्ते एवं जी - शिड्यूल एवं अन्य सूचनाओं विस्तृत जानकारी http://sppp.rajasthan.gov.in/ व www.eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है ।

UBN- ZJP2526WSOB00047

UBN- ZJP2526WSOB00046

UBN- ZJP2526WSOB00045

**ग्राम विकास अधिकारी**
**ग्राम पंचायत वीर तेजाजी नगर**

**प्रशासक**
**ग्राम पंचायत वीर तेजाजी नगर**

### नगर परिषद सुजानगढ (चूरू) राजस्थान
E-mail id:- nps222419@gmail.com Phone no. 01568-222419

क्रमांक :–न.प.सु/सफाई शाखा/2025/294 दिनांक :– 07.04.2025

**निविदा सूचना – 2025**

नगर परिषद सुजानगढ़ द्वारा विभिन्न प्रकार के कार्यों के लिये उपयुक्त सक्षम श्रेणी के राज्य सरकार के विभागों में प्रजीकृत ठेकेदारों/फर्मस से निविदा दिनांक 16.04.2025 को दोपहर 3:00 बजे तक आमन्त्रित की जाती है। निविदा प्रतियां दिनांक 16.04.2025 को दोपहर 2:00 बजे तक विक्रय की जावेगी प्राप्त निविदायें उसी दिन उपस्थित ठेकेदारों के समक्ष सायं 4:00 बजे खोली जावेगी। उक्त निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण वेबसाईट www.sppp.raj.gov.in पर प्राप्त की जा सकती है। निविदा का बीड क्रमांक– **(DLB2526SSOB01253), (DLB2526SSOB01255), (DLB2526SSOB01257), (DLB2526SSOB01258)** कार्यालय समय में किसी भी कार्य दिवस को नगर परिषद सुजानगढ के कार्यालय में एवं सूचना बोर्ड पर देखी जा सकती है।

आयुक्त
नगर परिषद सुजानगढ

राज.संवाद/सी/25/577

## 14 दिवसीय हनुमान जन्मोत्सव का भव्य आयोजन



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** शहर के ताल मैदान स्थित प्राचीन मेघराज रामगोपाल चाँडक परिवार की ओर से 1931 में स्थापित बालाजी की बुंगली पर हनुमान जन्मोत्सव पर धार्मिक आयोजन बुंगली भक्त मंडल की ओर से रखा गया है। पुजारी महावीर पुजारी ने बताया कि शुक्रवार को विकास लखोटिया की ओर से सुंदरकांड पाठ, ओम प्रकाश कड़ेल के बाद आशीष पारीक और सुरेंद्र मुंदरा की ओर से पाठ रखा गया है। जिसका वाचन राजकुमार सोनी पार्टी की ओर से किया जा रहा है। 12 अप्रेल हनुमान जन्मोत्सव पर पूर्णिमा को श्री श्याम दिवाने सकीर्तन मंडल की ओर से भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। बाबा को चूरमा सवामणी भोग भक्तों द्वारा लगाया जाएगा। आयोजन को सफल बनाने में ललित लखोटिया, देवीप्रसाद मिमानी, आशीष पारीक, विकास कुमार, विनय लखोटिया, जीवराजसिंह राजपुरोहित, बजरंग स्वामी, रवि मरोथीया, पंडित राकेश मिश्रा, प्रशांत सेवदा, शांतिलाल सुथार, सत्यनारायण चांडक, देवीसिंह चौहान, शंकरलाल पेड़ीवाल, सुधीर शर्मा, राजकुमार सोनी, अशोक कडेल, कान्हा जी पुजारी चांडक परिवार के साथ बुंगली भक्त मंडल के सभी बुंगली बालाजी के भक्त के साथ श्याम बजाज, राधे झंवर, सत्य नारायण पारीक, भगवती लखोटिया, ललित झंवर सहित महिलाएं बाबा के आयोजन को सफल बनाने में सहयोग कर रहे हैं। इस अवसर पर बुंगली की सजावट और पूर्णिमा को बाबा का भोग लगाया जाएगा।

## जीएसएस पर करंट लगने से झुलसा कर्मचारी



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** उपखंड के भानीपुरा के 132 केवी जीएसएस पर कार्य करते समय करंट की चपेट में आने से एक कर्मचारी करंट लगने से गंभीर झुलस गया। मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत गंभीर घायल को निजी वाहन के सहयोग से राजकीय उपजिला अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां पर डॉ किशन सिहाग व संदीप चाहर के नेतृत्व में गंभीर घायल का नर्सिंग स्टाफ के सहयोग से प्राथमिक उपचार कर उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार पातलीसर बड़ा निवासी 23 वर्षीय राकेश सिंह पुत्र बाबू सिंह भानीपुरा तहसील में स्थित 132 केवी जीएसएस पर कार्य कर रहा था। जीएसएस पर कार्य करने के लिए पोल पर चढ़ा था कि हाई टेंशन लाइन के करंट की चपेट में आने से 80 प्रतिशत तक करंट लगने से झुलस गया। सराजकीय उप जिला अस्पताल के चिकित्सक डॉ किशन सिहाग ने बताया कि करंट की चपेट में आने से एक कर्मचारी 80 प्रतिशत तक झुलस गया था। जिसका प्राथमिक उपचार कर उसे हायर सेंटर रेफर किया गया है। डॉक्टर के अनुसार गंभीर घायल की हालत गंभीर बताई जा रही है।

## विप्र फाउंडेशन युवा प्रकोष्ठ कार्यकारिणी का विस्तार





जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** शहर के विप्र फाउंडेशन प्रदेशाध्यक्ष सुनील मिश्र के आदेशानुसार प्रदेश महामंत्री भरत शर्मा की अभिशंषा पर विप्र फाउंडेशन युवा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष दीपक शर्मा ने तहसील में दुलरासर गांव के युवा नेता पवन पुरोहित को उतरी प्रकोष्ठ में ग्रामीण जिला सचिव व जुगल किशोर उपाध्याय भोजुसर उपाधियान हाल ही सरदारशहर को सामाजिक समरसता के कार्यों को देखते हुए आपको ग्रामीण क्षेत्र में पश्चिम प्रकोष्ठ में ग्रामीण जिला सचिव मनोनीत किया जाता है। आशा है कि आप विप्र फाउंडेशन की रीति नीति अपनाकर उनके अनुरुप कार्य करने का प्रयास कर समाज को मजबूती प्रदान करने के लिए संकल्पित रहेंगे। आपकी यह नियुक्ति मार्च 2026 तक रहेगी। इन दोनों की नियुक्ति पर ग्रामीणों ने खुशी जताई व विप्र फाउंडेशन के प्रदेश नेतृत्व का आभार व्यक्त किया। उपरोक्त जानकारी विप्र फाउंडेशन प्रदेश मिडिया प्रभारी पवन चोटिया ने दी।

## दो दिवसीय सेवा शिविर का शुभारंभ

जयपुर टाइम्स



**लक्ष्मणगढ़(निस)।** शहर की संयुक्त साथी सेवा मंडल की ओर से बुधवार को मोदी कॉलेज रोड पर दो दिवसीय सेवा शिविर का शुभारंभ सालासर बालाजी महाराज की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। जानकारी के अनुसार उक्त शिविर सालासर बालाजी की ओर पैदल यात्रा करने वाले श्रद्धालुओं की सेवार्थ आयोजित किया गया है। शिविर में पद यात्रियों को जूस, पानी, बिस्कुट व हल्का नाश्ता सहित संपूर्ण भोजन की भी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई है। इस मौके पर पार्षद विष्णु शर्मा, सांवरमल शर्मा, मुकेश सुरेका, रामावतार टेलर, बाबूलाल शर्मा, अमित सोनी, गणेश जोशी, श्रीचंद नाहरीय, राजेंद्र माटोलिया सहित बड़ी संख्या में संगठन के कार्यकर्ता व शहर के लोग नागरिक मौजूद रहे।

### आरओबी में देरी पर एक्सईएन व एईएन को चार्ज शीट

## मुख्यमंत्री का सुजानगढ़ दौरा 15 को, कलक्टर ने किया आयोजन स्थल का मौका मुआयना



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** आगामी 15 अप्रेल को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के प्रस्तावित सुजानगढ़ दौरे को लेकर जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने आयोजन स्थल का मौका मुआयना किया और अधिकारियों को निर्देश दिए। जिला सुराणा कलक्टर ने हेलीपेड, मंच, पार्किंग सहित सभी व्यवस्थाओं के संदर्भ में अधिकारियों से चर्चा की और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान सुक्षेम फाउण्डेशन के ट्रस्टी के. सी. मालू ने आयोजन के संबंध में जानकारी दी। इस मौके पर एडीएम मंगलाराम पूनिया, एएसपी दिनेश कुमार, एसडीएम ओमप्रकाश वर्मा, डीएसपी दरजाराम, नगरपरिषद आयुक्त मघराज डूडी, सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिशाषी अभियंता ऋतिक सांखला, सहायक अभियंता हरिगोपाल, नगरपरिषद के एईएन विक्रम जोरवाल, पीएमओ डॉ. पुरूषोतम करवा, डॉ. दिलीप सोनी मौजूद रहे। ज्ञात रहे कि सुक्षेम फाउण्डेशन की ओर से दो सौ पचास करोड़ रूपये की लागत से अस्पताल का निर्माण करवाया जाना है। जिसका शिलान्यास करने के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा 15 अप्रेल को सुजानगढ़ आएगे।

### लेटलतीफी पर लगाई फटकार

छापर रोड़ पर बनने वाले रेलवे ओवर ब्रिज के निर्माण में हो रही देरी के संबंध में जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा ने सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिशाषी अभियंता ऋतिक सांखला, सहायक अभियंता हरिगोपाल को कड़ी फटकार लगाई। जिला कलेक्टर ने कहा कि आप दोनो के कारण आरओबी में देरी हो रही है, लोग हाईकोर्ट जा रहे हैं। आरओबी का काम नवंबर में शुरू हो जाना चाहिए था, लेकिन अब तक शुरू नहीं हो पाया है। कलेक्टर ने कहा कि आपको तो सस्पेंड कर दिया जाना चाहिए। कलेक्टर ने एडीएम को सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिशाषी अभियंता ऋतिक सांखला, सहायक अभियंता हरिगोपाल को चार्जशीट देने के निर्देश दिए।

## महाशिवपुराण कथा को लेकर कलेक्टर ने कथा स्थल का जायजा लिया



जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निस)।** सरदारशहर बाईपास रोड पर स्थित नंदीशाला में 11 से 17 अप्रैल तक पंडित प्रदीप मिश्रा की होने वाली महाशिवपुराण कथा को लेकर बुधवार को जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा ने कथा स्थल का जायजा लिया और आयोजन समिति के सदस्यों से वार्ता की। वहीं जिला कलेक्टर के साथ रहे प्रशासनिक अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। 11 अप्रैल से होने वाली इस कथा में रतनगढ़ सहित आसपास के शहरों व गांवों के लोगों के साथ-साथ प्रवासी लोगों का आगमन बुधवार से शुरू हो चुका है। आयोजन समिति की माने, तो कथा में हजारों की भीड़ होने की संभावना जताई गई है। कथा स्थल पर लगभग 60 से 70 हजार लोगों के बैठने की व्यवस्था की गई है। वहीं अस्थाई सुविधाओं का निर्माण, भंडारा स्थल, प्रधान कार्यालय, पेयजल सहित कई व्यवस्थाएं की जा रही है। कथा के अंतर्गत सात दिनों में वीआईपी मूमेंट भी होगा। कथा स्थल में आने व जाने के लिए मेगा हाईवे का प्रयोग किया जाएगा, जिसके चलते हाईवे पर पर्याप्त ट्रेफिक व पुलिस जाप्ता की भी आवश्यकता रहेगी, नहीं तो बड़ी दुर्घटना भी हो सकती है। जिला कलेक्टर ने बुधवार को आयोजन समिति को निर्देश दिए कि पर्याप्त मात्रा में स्वयंसेवक नियुक्त करें, ताकि कथा में आने वाले लोगों को परेशानी न हो। वहीं उपखंड स्तरीय अधिकारियों को ट्रेफिक व सुरक्षा व्यवस्था का बेहतरीन प्रबंधन करने के निर्देश दिए। एसडीएम रामकुमार वर्मा ने व्यवस्थाओं से जिला कलेक्टर को अवगत करवाया। बता दे कि महाशिवपुराण कथा स्थल को शहर से जोड़ने वाली मुख्य सड़क सरदारशहर बाईपास रोड अभी भी क्षतिग्रस्त पड़ी है। कई स्थानों पर इस सड़क पर खड्?डे होने की वजह से वाहन चालकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ेगा। वहीं दो स्थानों पर लिकेज की समस्या बनी हुई है, जिसे बुधवार शाम तक दुरूस्त नहीं किया गया है।

## जनसुनवाई में सामने आई जन समस्याएं




जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय पंचायत समिति के वीसी रूम में उपखंड स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन उपखण्ड अधिकारी ओमप्रकाश वर्मा की अध्यक्षता में हुआ। जनसुनवाई में सुजानगढ़ निवासी कंचन मोदी ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन दिलवाने, गांव जैतासर के गोपीराम ने मनरेगा के तहत कुंड निर्माण करवाने की मांग की। गोपीराम ने बताया कि पशु आवास और कुंड निर्माण के लिए उसने करीब 17-18 महीने पहले आवेदन किया था। गजेन्द्र सबलानिया ने वार्ड नं. 37 रैगर बस्ती एवं जाट मंदिर के पास से आवारा पशुओं को पकड़वाने की मांग की है। गजेन्द्र ने बताया कि यहां पर आवारा पशुओं का जमावड़ा रहता है, जिससे स्कूली बच्चों तथा राहगीरों का निकलना मुश्किल हो रहा है। ढ़ाणी कालवा बीदावतान के दुर्गाप्रसाद कालवा ने डूंगरास अगुणा से राजियासर मीठा के रास्ते पर स्थित ढाणियों में जल जीवन मिशन के तहत पाइप लाइन डलवा कर पानी पंहुचाने की मांग की। पार्षद प्रतिनिधि अमजद खान ने वार्ड नं. 60 में अधूरी सडक़ को पूरा करवाने की मांग की है। गौरीशंकर नाई ने मादक पदार्थों की बिक्री पर रोक लगाने तथा इनकी बिक्री करने वालों पर कार्यवाही करने की मांग की।इस दौरान तहसीलदार राजू देवी बुनकर सहित अनेक अधिकारी मौजूद रहे।

## फिल्म अभिनेता सैफ अली खान मुंबई रवाना

जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(नि.सं.)** स्थित होटल डेजर्ट रिजॉर्ट से बुधवार को अपरान्ह तीन बजे मुम्बई के लिए रवाना हुए। इससे पूर्व खान से मण्डावा राज परिवार के ठाकुर शिवार्जुन सिंह, जीएम वीरेन्द्र सिंह राठौड़ और होटल के स्टाफ सदस्यों के साथ आत्मीयता के साथ मुलाकात की और उन्हें सीऑफ किया। उल्लेखनीय है कि बुधवार दोपहर करीब ढाई बजे तक चूड़ी अजीतगढ़ गांव में वे शूटिंग कर रहे थे। गत दो अप्रेल से सैफअली खान फिल्म जम्हूरियत की शूटिंग में व्यस्त थे। फिल्म के निर्माता निर्देशक गौरव चावला के निर्देशन में विभिन्न लोकेशन पर दृश्य फिल्माएं गए थे।

## पेंशनर्स समाज ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



जयपुर टाइम्स

**खेतड़ी(निस)।** खेतड़ी में सीसीए पेंशन संसोधन विधेयक को वापस लेने की मांग की जा रही है। पेंशनर समाज के लोगों ने एसडीएम को ज्ञापन देकर उनके सामने आने वाली समस्याओं से अवगत करवाया। एसडीएम मुकेश चौधरी को दिए ज्ञापन में बताया कि केंद्र सरकार ने वित्त विधेयक पेश करते समय पेंशन देनदारियों पर व्यय के लिए नियमों ओर सिद्धांतों की मान्यता के लिए एक अध्याय शामिल किया है। इसके माध्यम से सरकार को पेंशन भोगियों के बीच अंतर अधिकार मिल गया है। केंद्रीय वेतन आयोग की स्वीकृत सिफारिश के संचालन की तारीख के आधार पर अंतर किया जा सकता है। सरकार का यह निर्णय पेंशन भोगियों के लिए बड़ा घातक साबित हो सकता है। इस लिए पेंशनर को होने वाली कठिनाईयों को देखते हुए इस निर्णय को वापस लेने की आवश्यकता है। राजस्थान पेंशनर समाज के प्रदेश व्यापी आह्वान पर इस विधेयक को लेकर पेंशनर में आक्रोश पनप रहा है। कर्मचारी के रिटायर्ड होने के बाद पेंशन उसके बुढ़ापे का सहारा माना जाता है, लेकिन सरकार ने विधेयक में उनके हितों पर चोट पहुंचाने का प्रयास किया है। यदि जल्द केंद्र सरकार ने विधेयक में पेंशनर संबंधित बिन्दूओं को नहीं हटाया गया तो पेंशनर समाज आंदोलन पर मजबूर हो जाएंगे। इस मौके पर ब्रह्मानंद, रामावतार वर्मा, रामस्वरूप गुर्जर, वासुदेव तिवाड़ी, शंकरलाल सैनी, गोरधन, रमेश तिवाड़ी, श्याम सिंह, मालीराम, रमेश कुमावत, महावीर प्रसाद, रामकिशन सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

## नवसृजित पंचायत में जोड़ने पर दर्ज करवाई आपत्ति

**बिजौलियां(नि.सं.)।** राजस्व ग्राम बहादुर जी का खेड़ा के ग्रामीणों ने उपखण्ड अधिकारी अजीत सिंह को ज्ञापन सौंप कर बहादुरजी का खेड़ा को नव सृजित ग्राम पंचायत केरखेड़ा में सम्मिलित करने पर आपत्ति दर्ज करवाते हुए ग्राम पंचायत कास्या में ही यथावत रखने की मांग की।

ज्ञापन में बताया कि नवीन पंचायत केरखेड़ा की दूरी अधिक हैं।साथ ही नवीन पंचायत केरखेड़ा मे जोड़े जाने बाबत् ग्रामवासियो से कोई सहमति नही ली गई हैं एवं सीधे ही अधिसूचना जारी कर दी गई जो की विधि व नैसर्गिक न्याय के विपरीत हैं।

## हनुमान जन्मोत्सव पर होंगे अनेक कार्यक्रम

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय नाथो तालाब स्थित श्री संजीवनी बालाजी मन्दिर में 12 अप्रेल शनिवार को श्री हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। कार्यक्रम संयोजक मुरारी फतेहपुरिया ने बताया कि महोत्सव के अंतर्गत प्रातः अखण्ड दिव्य ज्योत के साथ बालाजी का फूलों से आलौकिक श्रृंगार किया जाएगा। उसके बाद संगीतमय सुन्दर काण्ड पाठ व 108 संगीतमय श्री हनुमान चालीसा पाठ का वाचन पण्डित सुरेंद्र शर्मा सहित विद्वान पंडित करेंगे। शाम को होशियार नाथजी का आश्रम भावनदेसर के संत रुद्रनाथ महाराज के करकमलों से हनुमान जन्मोत्सव केक काटकर मनाया जाएगा। मन्दिर पुजारी विनोद रामावत ने बताया कि नाथजी के स्वागत अभिनन्दन के पश्चात सांय पूर्णिमा की भव्य आरती की जाएगी और प्रसाद वितरण होगा।

## पुनर्गठन में मनमानी करने का आरोप, ज्ञापन सौंपा



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** पंचायत पुनर्गठन में मनमानी के आरोप लगाते हुए दो गांवों के लोगों ने बुधवार को एसडीएम कार्यालय के सामने नारे बाजी कर विरोध जताया और पंचायत समिति परिसर में मौजूद एसडीम ओमप्रकाश वर्मा को जिला कलक्टर के नाम एक ज्ञापन सौप कर कथित राजनीतिक षड्यंत्र की बात कही। सारोठिया ग्राम पंचायत के गांव मारोठिया व बिलगा के करीब पांच दर्जन लोगों ने एसडीएम को बताया कि मारोठिया बिलगा व आसपास की ढाणियों के मतदाता 1700 के आसपास हैं, इसलिए इन दोनों गांव को मिलाकर नई पंचायत बनाई जाए। लेकिन अब इसके उल्टा होने की चर्चाओं से ग्रामीणों में आक्रोश है। जनभावना के विपरीत इन दोनों गांव को मालकसर में मिलाया जा रहा है, जो 12 किलोमीटर दूर है जबकि वर्तमान पंचायत मुख्यालय सारोठिया मात्र 6 किलोमीटर दूर है। ज्ञापन सौंपने के दौरान मारोठिया के गोपाल मेघवाल, रामचंद्र भाकर, पुरखाराम रेवाड़, भंवरलाल भाकर, रेखाराम, पूसदास स्वामी, सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

## आरोपी का जमानत आवेदन खारिज

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** पुलिस थाना छापर की ओर से मुलजिम सुखपाल सिंह पुत्र राज सिंह, जोरावर सिंह पुत्र कल्याण सिंह, मुकेश पुत्र रामचंद्र पर एनडीपीएस एक्ट में कार्रवाई कर मादक पदार्थ अफीम 1 किलो 6 ग्राम वजन की बररामद किए जाने के मामले में एक आरोपी का जमानत आवेदन एडीजे न्यायालय ने खारिज कर दिया है। अपर लोक अभियोजक एडवोकेट श्याम सुन्दर खण्डेलवाल ने बताया कि तीनों आरोपियों को छापर पुलिस की ओर से गिरफ्तार किया था जिसके बाद न्यायालय ने जेल भेजा था। आरोपी मुकेश पुत्र रामचंद्र ने एडीजे सुजानगढ़ के यहां जमानत आवेदन प्रस्तुत किया। बाद सुनवाई जमानत आवेदन एडीजे महेंद्र प्रताप भाटी ने आवेदन खारिज कर दिया। मामले में अभियोजन पक्ष की ओर से एडिशनल पीपी श्याम सुंदर खंडेलवाल ने पैरवी की।

## भगवा ध्वज रैली से शहर भगवामय



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** सुजानगढ़ में श्रीराम जन्मोत्सव व महावीर जयंती पूर्व संध्या के उपलक्ष में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल व समस्त सनातन समाज की ओर से विशाल भगवा रैली बुधवार की शाम को निकाली गई। तिरुपति वेंकटेश्वर बालाजी मंदिर से शुरू हुई भगवा ध्वज रैली में हजारों की संख्या में सनातनी बंधुओ ने भाग लिया। इस दौरान शहर के अनेक चौराहों पर आकर्षक रंगोलियां सजाई गई। ध्वज यात्रा का जगह-जगह पर शानदार पुष्प वर्षा करके अभिनंदन किया गया। रैली के दौरान परंपरागत बैंड बाजे पर हरि कीर्तन चल रहे थे। वहीं महिलाओं का ढोल वादक दल अपनी अलग ही प्रस्तुति दे रहा था। ध्वज यात्रा के दौरान शिव दरबार, राम दरबार सहित देवी देवताओं की अनेक आकर्षक व मनोरम झांकियां सजाई गई। चारों ओर भगवा ध्वज लहराने से शहर की स्टेशन रोड व बाजार भगवामय नजर आए। तिरंगा लहराते हुए लोगों ने देशभक्ति का संदेश भी दिया। वहीं रैली के दौरान महिला शक्ति की उपस्थिति सराहनीय रही। एएसपी दिनेश कुमार के सानिध्य में पर्याप्त संख्या में पुलिस जाप्ता भी एहतियात के तौर पर तैनात रहा। रैली को सफल बनाने में बजरंग दल, विश्व हिंदू परिषद समस्त सनातन समाज के लोगों ने अपना योगदान दिया। रैली में शामिल लोगों को जगह-जगह पानी, जूस, शर्बत आदि पिलाने की व्यवस्था भी व्यापारियों की ओर से की गई।

## ग्वार चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

जयपुर टाइम्स

**खेतड़ी(निस)।** खेतड़ी पुलिस ने पपुरना में हुई चोरी का खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी गोपाल लाल जांगिड़ ने बताया कि 28 फरवरी को पपुरना निवासी रवि गुप्ता ने रिपोर्ट दी कि करमाड़ी से खेतड़ी जाने वाली सड़क पर सैनी धर्मशाला के पास उसका मकान है, जिससे 220 कट्टे ग्वार के रखे हुए थे। जब वह मकान को संभालने के लिए गया तो उसका ताला टुटा हुआ था। जब उसने अंदर जाकर देखा तो उसमें रखे ग्वार के कट्टे गायब मिले। पुलिस की टीमों ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगाला तथा वांछित अपराधियों से पूछताछ की गई। इस दौरान पुलिस को सूचना मिली कि ग्वार चोरी के मामले में ढाणी नौलखा तन अजीतगढ़ निवासी दीपक मीणा उर्फ दीपू महाराज को हिरासत में लेकर पुछताछ की तो उसने गैंग के साथ मिलकर चोरी करने की वारदात को कबूल कर लिया। जिस पर पुलिस ने चोरी का खुलासा करते हुए दीपक मीणा उर्फ दीपू महाराज पुत्र पुरणमल को गिरफ्तार कर लिया। थानाधिकारी ने बताया गिरफ्तार आरोपी से वारदात में शामिल अन्य आरोपियों के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। आरोपी के खिलाफ पूर्व में भी पांच मामले दर्ज हैं। इस दौरान टीम में थानाधिकारी गोपाल लाल, एचसी दिनेश कुमार, संदीप कुमार, कांस्टेबल बलवीर, पंकज कुमार भरतलाल, महेश कुमार आदि शामिल रहे।

## गर्मी का असर, विदेशी पर्यटको की संख्या में दिख रही कमी



जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** भीषण गर्मी का असर सब जगह दिखाई दे रहा है। दोपहर होते होते शहर की सड़को पर ट्रेफ़िक कम हो जाता है तो वही इस गर्मी में शहर के पर्यटन स्थलों पर पर्यटकों की संख्या में भी कमी देखने को मिल रही है। आलम ये है कि हजारों की सख्या में आने वाले पर्यटको की अगुवाई करने वाले मॉन्यूमेंटस पर इस समय पर्यटको की संख्या में गिरावट है, खासकर विदेशी पर्यटको की संख्या में तो भारी कमी देखने को मिल रही है। पर्यटन विशेषज्ञ मधुसुधन खेमाणी का मानना है कि अब मानसून की बारिश के बाद ही शेखावाटी अंचल के पर्यटन स्थलों पर पर्यटको की संख्या में बढ़ोतरी देखने को मिल सकती है। इस बार गर्मी भी भीषण पड़ रही है। ऐसे में विदेशी पर्यटक भी कम ही आते है।

## बालाजी का मेला 12 को

जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** झुंझुनूं रोडस्थित श्री बालाजी मन्दिर में 11 अप्रेल को रात्रि विशाल जागरण और 12 अप्रेल को सुबह से ही मेला भरेगा तथा प्रसाद वितरण किया जाएगा। यह जानकारी पुजारी रघुवीर जोशी ने दी।

## आज झुंझुनूं प्रवास पर रहेंगे कर्नल राज्यवर्धन राठौड़

जयपुर टाइम्स

**जयपुर/झुंझुनूं(निस)।** राजस्थान सरकार के सैनिक कल्याण मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ गुरुवार को झुंझुनूं प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान कर्नल साहब गुरुवार को प्रातः 11.15 बजे झुंझुनूं जिले के ग्राम घरड़ाना खुर्द, झुंझुनूं स्थित पीएम श्री महात्मा गांधी शहीद स्क्वाड्रन लीडर कुलदीप सिंह राजकीय विद्यालय के मुख्य प्रवेश द्वार का लोकार्पण करेंगे। यह कार्यक्रम समाज के वीर सपूतों को सम्मान देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी, शिक्षाविद, छात्र-छात्राएँ मौजूद रहेंगे।

## राजस्थान एटीएस पुलिस महानिरीक्षक ने वृताधिकारी कुचामन और नावां थाने का किया निरीक्षण



जयपुर टाइम्स

**कुचामन सिटी(निसं.)** राजस्थान एटीएस के पुलिस महानिरीक्षक हेमंत शर्मा ने अपने दो दिवसीय दौरे के दूसरे दिन कुचामन सिटी पहुंचकर कानून-व्यवस्था की समीक्षा की और साफ संदेश दिया कि अपराध और अपराधियों के प्रति किसी तरह की नरमी नहीं बरती जाएगी। इस दौरान उन्होंने पुलिस अधिकारियों और जवानों को जनता के प्रति संवेदनशील बनने और फरियादियों की शिकायतों को प्राथमिकता से निपटाने के स्पष्ट निर्देश दिए। आईजी हेमंत शर्मा ने कुचामन सिटी स्थित वृताधिकारी कार्यालय और नावां थाना का निरीक्षण किया। उन्होंने थानों में दर्ज मामलों, लंबित परिवादों, केस डायरी, रजिस्टर, वारंट निष्पादन, गिरफ्तारी की स्थिति, महिला सुरक्षा, साइबर अपराधों और स्थानीय अपराधी गतिविधियों की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने यह भी कहा कि पुलिसकर्मियों को न केवल कानूनी रूप से दक्ष होना चाहिए, बल्कि आम जनता संवाद में विनम्रता और संवेदनशीलता भी जरूरी है। शिकायतकर्ताओं को बार-बार चक्कर न लगवाएं, बल्कि उनकी समस्या को प्राथमिकता पर सुनकर तुरंत कार्रवाई करें। निरीक्षण में मौजूद रहे अधिकारी। इस निरीक्षण के दौरान डीडवाना-कुचामन जिले के पुलिस अधीक्षक हनुमान प्रसाद मीणा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नेमीचंद, वृताधिकारी अरविंद विश्नोई और कुचामन थाना प्रभारी सतपाल सिंह चौधरी भी मौजूद रहे।

## नगर निगम ग्रेटर सतर्कता शाखा की टीम द्वारा की गई कार्यवाही

### 3 केन्टर सामान जब्त

**जयपुर(कासं.)।** नगर निगम ग्रेटर आयुक्त रूकमणि रियाड़ के निर्देशानुसार उपायुक्त सतर्कता अजय कुमार शर्मा के नेतृत्व में बुधवार को सतर्कता शाखा की टीम द्वारा नगर निगम जयपुर ग्रेटर के क्षेत्राधिकार में जयपुर विकास प्राधिकरण के साथ संयुक्त कार्यवाही करते हुए झारखण्ड तिराहे से 200 फीट बाईपास, सिरसी रोड़, खातीपुरा तिराहे तथा वार्ड नं. 65 भांकरोटा, संजय नगर शनि मंदिर आदि स्थानों से अस्थाई अतिक्रमण को करने वालों के विरूद्ध 03 केन्टर सामान जब्त किया गया। उपायुक्त सतर्कता अजय कुमार ने बताया कि नगर निगम ग्रेटर क्षेत्राधिकार में जयपुर विकास प्राधिकरण के साथ संयुक्त कार्यवाही करते हुए झारखण्ड तिराहे से 200 फीट बाईपास, सिरसी रोड़, खातीपुरा तिराहे तथा वार्ड नं. 65 भांकरोटा, संजय नगर शनि मंदिर आदि स्थानों से अस्थाई अतिक्रमण हटवाया गया। कारवाई के दौरान 03 केन्टर सामान जब्त कर गोदाम में भिजवाया गया। सतर्कता टीम द्वारा मौके पर समझाईश करते हुए मौखिक पाबंद करवाया कि भविष्य में अस्थाई अतिक्रमण समय से हटा ले अन्यथा नगर निगम जयपुर ग्रेटर के क्षेत्राधिकार में अवैध अतिक्रमण करने वालों के विरूद्ध भारी चालान या प्रभावी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

### अतिक्रमण हटाने में लोगों ने लगाया भेदभाव का आरोप

## सालासर में पक्के अतिक्रमण दरकिनार, गन्ने की मशीन हटा कर दी औपचारिकता

जयपुर टाइम्स

**सालासर(निस)।** कस्बे में बुधवार को प्रशासन की ओर से अतिक्रमण की गई कार्रवाई के बाद अब प्रशासन पर सवालिया निशान खड़े हो रहे है। बीडीओ रवि कुमार की ओर से अतिक्रमण के नाम पर की गई कार्रवाई में एक मात्र गन्ने की मशीन को हटाया गया। बीडीओ रवि कुमार ने कहा कि मेरे पास अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई का ऑर्डर है। जबकि कार्रवाई के दौरान वर्षो से सड़क पर किए गए अतिक्रमण को नहीं हटाया गया। कार्रवाई देखकर ऐसे लगता है कि किसी के इशारे पर प्रशासन ने द्वेषतापूर्ण गन्ने की मशीन हटाकर टारगेट पूरा करने का काम किया है। ग्रामीणों ने इससे पहले नायब तहसीलदार को ज्ञापन देकर गरीब परिवारों के ठेले हटाने का विरोध किया था। लेकिन प्रशासन ने एक बार फिर दोहरापन अपनाते हुए कुछ चिन्हित ठेले वालों को टारगेट करते हुए उन्हें हटा दिया। जिसके बाद गरीब परिवारों के घरों में चूल्हे बुझने शुरू हो गए है। ठेले संचालकों का कहना है कि उनके परिवार का लालन पोषण का यहीं जरिया था, लेकिन अब वे बेरोजगार हो गए है। इस मामले को लेकर स्थानीय व्यापारियों ने मांग की है कि नाजायज रूप से थड़ी ठेले वालों को परेशान नहीं किया जाए और हटाया नही जाए। जबकि पक्के अतिक्रमण प्रशासन की ओर से नही हटाए जा रहे है।




### चिन्हित अतिक्रमण नहीं हटे

गौरतलब है कि एक वर्ष पूर्व ग्राम पंचायत सालासर की ओर से अतिक्रमण चिन्हित इयर उन पर निशान लगाए गए थे। लेकिन प्रशासन की ओर से जाप्ता मौजूद होने के बावजूद भी अतिक्रमियों का पीला पंजा नही चला था। इससे यह स्पष्ट हो गया कि प्रशासन का पीला पंजा सिर्फ गरीब, मजदूरों के पेट पर ही चल रहा है।

## जिला परिषद की साधारण सभा की बैठक 25 अप्रैल को

जयपुर टाइम्स

**बीकानेर(निसं.)।** जिला परिषद की साधारण सभा की बैठक 25 अप्रैल (शुक्रवार) को जिला परिषद सभा भवन में दोपहर 12.15 बजे से आयोजित होगी। जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सोहनलाल ने बताया कि जिला प्रमुख मोडाराम मेघवाल की अध्यक्षता में आयोजित होने वाली इस बैठक में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के लिए डिआरआरपी कैंडिडेट रोड एवं कंप्रिहेंसिव न्यू कनेक्टिविटी प्रायरिटी लिस्ट (सीएनसीपीएल) के अनुमोदन सहित अन्य बिंदुओं पर चर्चा की जाएगी। बैठक में जनप्रतिनिधि और अधिकारी उपस्थित रहेंगे।

## नगर निगम आयुक्त से मिले खाजूवाला विधायक, जयपुर रोड की सभी वंचित कॉलोनियों को निगम में शामिल करने की रखी मांग

जयपुर टाइम्स

**बीकानेर(निसं.)।** खाजूवाला विधायक डॉ. विश्वनाथ मेघवाल ने बुधवार को नगर निगम आयुक्त मयंक मनीष से मुलाकात की और नगर निगम की सीमा में शामिल होने से वंचित जयपुर रोड की समस्त कॉलोनियों को नगर निगम में शामिल करने की पैरवी की। उन्होंने कहा कि बीकानेर शहर सहित खाजूवाला विधानसभा के प्रत्येक क्षेत्र में सभी आधारभूत सुविधाएं हों, इसके लिए वे सदैव प्रयासरत रहते हैं। इस दौरान जयपुर रोड स्थित विभिन्न कालोनियों के निवासी साथ रहे। उन्होंने कहा कि निगम में शामिल होने से इन कालोनियों में आधारभूत सुविधाएं बढ़ेंगी, जो कि क्षेत्र वासियों के लिए लाभदायक रहेंगी। इसके मद्देनजर उन्होंने जयपुर रोड की सभी वंचित कॉलोनियों को निगम में शामिल करने का पुनर्विचार के लिए नियमानुसार कार्यवाही करने के लिए कहा।

## चतरपुरा गांव को सिरियासरकलां पंचायत में बनाए रखने की मांग

### ग्रामीणों ने किया कलेक्ट्रेट पर विरोध-प्रदर्शन



जयपुर टाइम्स

**मण्डावा/झुंझुनूं (निस)।** पंचायत परिसीमन के तहत चतरपुरा ग्राम को ग्राम पंचायत सिरियासर कलां से हटाकर ग्राम पंचायत भारू में शामिल करने के प्रस्ताव के विरोध में मंगलवार को ग्रामीणों ने कलेक्ट्रेट परिसर में प्रदर्शन कर जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने मांग की है कि चतरपुरा को वर्तमान पंचायत सिरियासर कलां में ही यथावत रखा जाए, अन्यथा वे आगामी चुनावों का बहिष्कार करेंगे। प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे ग्रामीण कैप्टन शुभकरण महला ने बताया कि यह प्रस्ताव गांव के हित में नहीं है और इससे ग्रामीणों को अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने बताया कि पंचायत राज अधिनियम के अनुसार किसी भी ग्राम पंचायत के अंतर्गत आने वाले गांवों की सीमाएं एक-दूसरे से जुड़ी होनी चाहिए, जबकि चतरपुरा की सीमा भारू ग्राम पंचायत के किसी भी गांव से नहीं जुड़ती। ग्रामीणों ने बताया कि चतरपुरा का भारू से कोई सीधा मार्ग नहीं है, जिससे लोगों को भारू जाने के लिए हेतमसर होकर लगभग 10 किलोमीटर की दूरी तय करनी पड़ती है, जबकि वर्तमान पंचायत मुख्यालय सिरियासर कलां मात्र 3 किलोमीटर दूर है और वहां से चतरपुरा का पक्की सड़क से जुड़ाव भी है। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि चतरपुरा ग्राम की लगभग 70 प्रतिशत आबादी ढाणियों में निवास करती है, जिनके लिए भारू पंचायत मुख्यालय तक पहुंचे और भी कठिन हो जाएगा। ग्रामीणों ने प्रशासन को चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों को अनदेखा किया गया और चतरपुरा को सिरियासर कलां से हटाकर भारू में नहीं शामिल किया गया तो समस्त ग्रामवासी आगामी पंचायत व अन्य चुनावों का पूर्ण बहिष्कार करेंगे।

## जीण माता मंदिर पुजारियों से दुर्व्यवहार मामले में कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

जयपुर टाइम्स



**झुंझुनूं(निस)।** सीकर जिले में स्थित जीण माता मंदिर के पुजारियों के साथ प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों की ओर से दुर्व्यवहार व जनेऊ तोड़ने के मामले में कठौर कार्रवाई की मांग को लेकर विप्र फाउंडेशन ने बुधवार को जिलाध्यक्ष कमलकांत शर्मा के नेतृत्व में मुख्यमंत्री के नाम जिला कलेक्टर रामावतार मीणा को ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधि मंडल में विप्र फाउंडेशन के प्रदेश सचिव विकास शर्मा डूमोली, जिला संगठन महामंत्री रामगोपाल महमिया, महामंत्री रमाकांत पारीक, मंत्री सुरेंद्र शर्मा, एडवोकेट अनुपम शर्मा, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रामनिरंजन पुरोहित, सप्त ऋषि मंडल के हरिकिशन शुक्ला, गणेश तिवाड़ी, एडवोकेट कमल शर्मा, चंद्र प्रकाश जोशी सहित विप्र फाउंडेशन के पदाधिकारी मौजूद रहे। जिलाध्यक्ष कमलकांत शर्मा ने पुजारियों के साथ मारपीट कर उनके यज्ञोपवीत तोड़कर ब्राह्मणत्व को भंग करने व मंदिर परिसर में दुर्व्यवहार की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए दोषी पुलिस व प्रशासनिक अधिकारीयों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई कर तुरंत निलंबित करने की मांग की। विप्र फाउंडेशन के प्रदेश सचिव विकास शर्मा डूमोली ने बताया कि जीण माता मंदिर के पुजारियों के साथ दुर्व्यवहार की इस घटना के विरोध में बुधवार को विप्र फाउंडेशन की जिला व तहसील ईकाइयों की ओर से राज्य के सभी जिला व तहसील मुख्यालयों पर ज्ञापन देकर कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने की मांग की गई है।

## भाजपा बालाजी ग्रामीण मंडल की नई कार्यकारिणी का सम्मान समारोह

जयपुर टाइम्स



**झुंझुनू /बड़ागांव(निसं.)।** नाडी वाली ढाणी के कटारिया अतिथि भवन में भाजपा ग्रामीण मंडल की नई कार्यकारिणी का सम्मान समारोह हुआ। मुख्य अतिथि उदयपुरवाटी के पूर्व विधायक शुभकरण चौधरी रहे। उन्होंने कहा कि संगठन को मजबूत बनाने के लिए हर कार्यकर्ता को संगठन को मजबूत बनाना जरूरी है। केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं को हर घर तक पहुंचाना कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है। समारोह की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष बनवारी लाल सैनी ने की। उन्होंने कहा कि भाजपा को विधानसभा से लेकर बूथ स्तर तक सक्रिय बनाना होगा। तभी कांग्रेस को जवाब दिया जा सकेगा। जब तक कार्यकर्ता बूथ, मंडल और विधानसभा क्षेत्र में मजबूत नहीं होंगे, तब तक जनता की समस्याओं का समाधान नहीं हो पाएगा। मंडल अध्यक्ष राजेंद्र मेघवाल ने कहा कि बालाजी मंडल जिले में सर्वोपरि बनेगा। मंडल संयोजक रामस्वरूप खेदड़ ने रागिनी के माध्यम से केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी दी। विशिष्ट अतिथि उदयपुरवाटी प्रधान माया देवी, जिला परिषद सदस्य अजय भालोठिया रहे। इस दौरान पटवारी मोतीलाल सैनी, बजरंग लाल सैनी, जीएसएस अध्यक्ष सुरेश सैनी, श्रीराम किरोड़ीवाल, हरिराम जांगिड़ सोहनलाल नाटास और महीपाल सिंह महला ने अतिथियों का स्वागत किया। मंच संचालन प्रवीण जांगिड़ ने किया। नवनिर्वाचित मंडल अध्यक्ष राजेंद्र मेघवाल, हरिसिंह, राकेश झाझड़िया, कजोड़मल, कैलाश महला, वीरेंद्र रेपस्वाल, कैप्टन ओमप्रकाश महला, प्र चौथमल कश्यप, राजवीर खेदड़, महीपाल भाटीवाड़, सुमित खटकड़, नरेंद्र गढ़वाल, धर्मपाल खीचड़, बंटी बजावा, संयोजक रामस्वरूप खेदड़, स भूपेन्द्र चौधरी राकेश नाटास और रामजीलाल कटारिया का दुपट्टा पहनाकर सम्मानित किया गया।

## परिवादों का यथासंभव समाधान करें सभी अधिकारी- जिला कलक्टर




### जिला कलक्टर ने की पंचायत समिति बसेड़ी में जनसुनवाई

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निसं.)।** उपखंड स्तरीय जनसुनवाई के साथ अटल जन सेवा शिविर का आयोजन जिले के सभी उपखण्डों पर हुआ। जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी की अध्यक्षता में बसेड़ी उपखण्ड के पंचायत समिति सभागार में अटल जन सेवा शिविर का आयोजन किया गया। उन्होंने सभी परिवादों का यथा संभव समाधान किए जाने हेतु निर्देशित किया जिससे अधिकतम परिवादी संतुष्ट हो सकें। उन्होंने कहा कि जनसुनवाई के दौरान लंबित चल रहे दर्ज प्रकरणों का प्राथमिकता से निस्तारण करते हुए समय पर रिपोर्ट भिजवाना सुनिश्चित करें। जिला कलक्टर ने कृष्णा कॉलोनी में सीसी खरंजा निर्माण कराने के संबंध में अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका को समुचित कार्यवाही हेतु निर्देशित किया। उन्होंने परिवादी संत सिंह के राशन आवंटन में आ रही समस्या के निस्तारण हेतु जिला रसद अधिकारी को निर्देश दिए। वहीं नगर पालिका क्षेत्र के भवनपुरा में विद्युत पोल एवं तारों को दुरस्त कराए जाने के संबंध में जेवीवीएनएल को त्वरित कार्यवाही हेतु निर्देश दिए ताकि किसी भी प्रकार की दुर्घटना को रोका जा सके। उन्होंने परिवादी भूरी सिंह के खातेदारी भूमि पर अतिक्रमण के मामले में उपखण्ड अधिकारी बसेड़ी को समुचित कार्यवाही हेतु निर्देशित किया। उन्होंने सभी अधिकारियों से कहा कि आमजन से प्राप्त शिकायतों के निस्तारण में अविलम्ब और प्राथमिकता के साथ कार्यवाही करें तथा उनके निस्तारण के संबंध में की गयी कार्यवाही की सूचना भी परिवादी को देना सुनिश्चित करें। जनसुनवाई के दौरान बसेड़ी विधायक संजय कुमार, उपखण्ड अधिकारी सुधारानी मीना सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

## प्रस्तावित नहरबंदी के दौरान जल संरक्षण और इसके सदुपयोग में सहयोग दें आमजन

जयपुर टाइम्स

**बीकानेर(निसं.)।** प्रस्तावित नहरबंदी के दौरान पेयजल उपलब्धता में कमी के मद्देनजर जलदाय विभाग के अधीक्षण अभियंता खेमचंद सिंगारिया ने उपभोक्ताओं से पानी की बचत और जल संरक्षण में योगदान की अपील की है। उन्होंने कहा है कि आमजन छोटी-छोटी बातों का ध्यान रख और अपनी आदतों में बदलाव कर जल संरक्षण कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि यदि किसी घर में टपकता हुआ नल हो, तो इसे ठीक करवाएं क्योकि एक टपकता नल दिनभर में करीब अस्सी लीटर पानी बर्बाद करता है। नहाते वक्त शॉवर की बजाय बाल्टी में पानी भरकर नहाएं। ऐसा करके प्रतिदिन एक परिवार तकरीबन सौ लीटर पानी की बचत कर सकता है। उन्होंने कहा शेव करते समय मग में पानी लेकर प्रयोग करें, जिससे नल से बहते हुए पानी को रोका जा सके। कूलर में उतना ही पानी प्रयोग करें, जितनी जरूरत हो। उन्होंने कहा कि आमतौर पर देखा गया है कि लोग गर्मी में अपने घर की छतों और घर के बाहर अनावश्यक पानी छिडकाव करते हैं। ऐसा न करके हम प्रतिदिन सैकडों लीटर पानी की बचत कर सकते हैं। इसी तरह सार्वजनिक पानी स्टैण्ड, पीएसपी का भी उचित प्रयोग करें और वहां बहता पानी न छोडकर, बहते जल का नल बंद कर दें। अपने शौचालयों में भी पानी का प्रयोग मितव्ययता से करें। घरों में आरओ से निकले अनुपयोगी पानी को अपने शौचालयों में प्रयोग कर जल बचत कर सकते हैं। इस तरह आमजन विभाग का सहयोग करें तो नहरबंदी के दौरान जल संकट के हालात पैदा नहीं होंगे और लीकेज की समस्या को तुरंत अवगत करवाएं, जिससे समय रहते दुरूस्त किया जा सके। उन्होंने विश्वास जताया कि आमजन पानी के प्रति सजग रहकर नहरबंदी के दौरान विभाग का सहयोग करेंगे। उन्होंने कहा कि जल के अपव्यय को रोकने तथा पेयजल से संबंधित समस्या के निदान हेतु विभाग का कंट्रोल रूम 24 घण्टे लगातार कार्य कर रहा है।

## अवैध खनन गतिविधियों के खिलाफ 7 दिन, 314 कार्रवाई, 152 वाहन मशीनरी जब्त

**जयपुर(कासं.)।** खान विभाग द्वारा अवैध खनन गतिविधियों के खिलाफ प्रदेशभर में ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए 2 अप्रेल से 8 अप्रेल के दौरान गत सात दिनों में अवैध खनन, खनिज परिवहन और खनिज भण्डारण के खिलाफ 314 कार्रवाई को अंजाम देते हुए 152 वाहन मशीनरी जब्त की है। इस दौरान समूचे प्रदेश में 24 हजार 461 टन से अधिक अवैध भण्डारित खनिज जब्त किया गया है वहीं अलग अलग पुलिस थानों में 43 एफआईआर दर्ज कराई गई है और 26 गिरफ्तारी हुई है। खान विभाग के प्रमुख शासन सचिव श्री टी. रविकान्त ने बताया कि मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने 2 अप्रेल को खान विभाग की समीक्षा बैठक के दौरान अवैध खनन गतिविधियों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति पर कार्य करने के निर्देशों में कार्रवाई जारी हैं। मुख्यालय स्तर पर अतिरिक्त निदेशक विजिलेंस श्री पीआर आमेटा को नोडल अधिकारी बनाया गया है। निदेशक माइंस श्री दीपक तंवर ने बताया कि समूचे प्रदेश से अवैध खनन गतिविधियों के खिलाफ कार्रवाई जारी है। उन्होंने बताया कि कार्रवाई के दौरान 4 करोड़ 30 लाख रुपए के जुर्माने के साथ ही 1 करोड़ 89 लाख 44 हजार रु. वसूल कर राजकोष में जमा कराये गये हैं। गत 7 दिवस में की गई कार्रवाई में खनि अभियंता ब्यावर श्री जगदीश मेहरावत ने प्रदेश में सर्वाधिक 7513 टन अवैध भण्डारित खनिज को जब्त किया है। कुल 9 कार्रवाई में 92 लाख 16 हजार का जुर्माना लगाया है।

राजस्थान जयपुर टाइम्स

जयपुर, गुरूवार 10 अप्रेल, 2025

## आकाशवाणी और दूरदर्शन (नई दिल्ली के उपमहानिदेशक आरबी राम ने किया आकाशवाणी केन्द्र का निरीक्षण



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** आकाशवाणी और दूरदर्शन (उ.क्षे.) नई दिल्ली के उपमहानिदेशक (अभि.) आरबी राम ने बुधवार को जिला मुख्यालय स्थित आकाशवाणी केन्द्र का निरीक्षण किया। इस दौरान कलस्टर प्रमुख उपमहानिदेशक (अभि.) रामजीलाल असवाल ने आरबी राम का माला व साफा पहनाकर स्वागत किया। केन्द्र कार्यक्रम प्रमुख सहायक केन्द्र निदेशक कमलेश मीना ने अतिथियों का स्वागत किया। आरबी राम ने कार्यक्रमों की लिसनिंग बढ़ाने के लिए रेडियो सेटो का वितरण किया और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'एक पेड़ मां के नाम' के तहत पौधरोपण किया। इसके बाद उपमहानिदेशक (अभि.) आरबी राम ने कार्यालय का निरीक्षण कर ट्रांसमीटर, फायर सेफ्टी, स्वच्छता, एसी प्लांट व अन्य आधारभूत संरचनाओं की व्यवस्थाएं देखी व आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर केन्द्र पर अभियांत्रिकी प्रमुख रामजीलाल मीना, बाबूलाल मीना, विजयदीप, निरंजन शर्मा, सूर्यप्रकाश, जगदीश प्रसाद व अन्य कार्मिक मौजूद रहे।

## टाइमलाइन निर्धारित कर परिवेदनाओं का करें निस्तारण- बिजेंद्र सिंह




जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा के निर्देशानुसार चूरू एसडीएम बिजेन्द्र सिंह ने बुधवार को चूरू पंचायत समिति सभागार में अटल जन सेवा शिविर में आमजन के परिवाद सुने और अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि परिवेदनाओं का टाइमलाइन निर्धारित कर निस्तारण करें। अधिकारी परिवादियों की समस्याओं के प्रति संवेदनशील रहते हुए गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें। इस मौके पर एसडीएम ने सभी ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों को अपने विभाग की योजनाएं आमजन तक पहुंचाने के निर्देश दिए। बिजेन्द्र सिंह ने बैठक में अधिकारियों, कर्मचारियों को अपने विभाग की योजनाओं और सेवाओं का समुचित प्रचार-प्रसार करने और संपर्क पोर्टल, सीएमओ-पीएमओ प्रकरण, जनसुनवाई में प्राप्त होने वाली परिवेदनाओं का समय पर निस्तारण करने के लिए निर्देशित किया। अटल जन सेवा शिविर में राजस्व, नगरपरिषद, बिजली, पानी से संबंधित कुल 12 परिवेदनाएं प्राप्त हुई, जिनमें से 8 का मौके पर ही निस्तारण किया गया। इस मौके पर तहसीलदार अशोक गोरा, बीडीओ महेन्द्र कुमार भार्गव, सीबीईओ ओमदत्त सारण, प्रोग्रामर इद्राज सिंह, सीडीपीओ शिवराज सिंह, पशुपालन से डॉ विश्वजीत, आयुर्वेद से डॉ कविता, पीए सुरेश कुमार, पीएचडी एक्सईएन प्रेम कुमार, विद्युत विभाग से वीएल सैनी, मेडिकल से ओमप्रकाश, सीमा, रघुवीर सिंह, चंचल, पूजा मीणा आदि उपस्थित रहे।

## एएसपी सिंह ने किया सेवानिवृत्त पुलिस कल्याण संस्थान का उदघाटन



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** सेवानिवृत्त पुलिस कल्याण संस्थान चूरू का उद्घाटन बुधवार को एसएसपी सतपाल सिंह ने फीता काटकर किया। ज्ञात रहे कि एसएसपी जय यादव ने पूर्व में एक संगठन को क्वार्टर ऑफिस अलॉटमेंट किया था, जिसकी संपूर्ण मेजर रिपेयरिंग करवाने के बाद बुधवार को इसका विधिवत् उद्घाटन किया गया। एएसपी सतपाल सिंह के मुख्य आतिथ्य में हुए कार्यक्रम की अध्यक्षता सीआई शिवचंद प्रसाद ने की। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि संभाग संरक्षक से. एएसपी मोहम्मद अयूब व से. एएसपी अंतर सिंह रहें। इस अवसर पर संगठन के पदाधिकारियों ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष गोवर्धन दास, जिला सचिव गनी मोहम्मद खान, रतनगढ़ तहसील अध्यक्ष उम्मेद सिंह, तहसील अध्यक्ष राजगढ़ मांगेराम, तहसील अध्यक्ष तारानगर सुरजाराम, चूरू तहसील अध्यक्ष राधेश्याम, सुजानगढ़ तहसील अध्यक्ष गोपाल राम, जिला उपाध्यक्ष किशोर सिंह व जिले के सभी अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## तेज आंधी से उड़ा सोलर प्लांट, मुआवजा देने की मांग

**चूरू(निस)।** गत दिनों आई तेज आंधी से ऊंटवालिया गांव की रोही में सोलर प्लांट उड़ गए और कई पेड़ टूट गए। इससे किसानों को काफी नुकसान हुआ है। चूरू निवासिनी मंजू देवी ने बताया कि खेत में लगा उनका सोलर प्लांट पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त हो गया है। इसी प्रकार अन्य किसानों को भी काफी नुकसान हुआ है। स्थानीय किसानों ने सरकार व प्रशासन से मुआवजा देने की मांग की है।

### आमजन के परिवादों का हो गुणवत्तापूर्ण निस्तारण- सुराणा

# जिला कलक्टर ने अटल जन सेवा शिविर में सुने जन अभाव -अभियोग, अधिकारियों को दिए निर्देश

जयपुर टाइम्स




**चूरू/रतनगढ(निस)।** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने गुरुवार को जिले के रतनगढ़ उपखंड मुख्यालय पर पंचायत समिति के वीसी सभागार में अटल जन सेवा शिविर में आमजन के अभाव-अभियोग सुने और अधिकारियों को समुचित निस्तारण के निर्देश दिए। जिला कलक्टर सुराणा ने कहा कि आमजन से प्राप्त होने वाले परिवादों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए। किसी भी परिवाद की शिकायत मिलते ही उसमें नियमानुसार व समुचित कार्यवाही हो। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मंशा के अनुकूल लोगों की समस्याओं का बेहतरीन व समयबद्ध समाधान किया जाना चाहिए। राज्य सरकार आमजन की समस्याओं के समाधान को लेकर अत्यंत गंभीर है और इसी क्रम में त्रिस्तरीय जन सुनवाई की व्यवस्था की गई है। सुराणा ने आगामी बरसात व गर्मी के मौसम को देखते हुए अभी से ही सभी व्यवस्थाएं दुरूस्त रखें। अधिकारी कार्मिक व व्यवस्था प्रबंधन करें ताकि एनवक्त पर किसी प्रकार की परेशानी न हो। बरसात के दौरान जल भराव के लिए चिन्हित क्षेत्रों के लिए माकूल व्यवस्थाएं रखें। अधिकारी क्षेत्र की समस्याओं की मॉनीटरिंग करें व समस्याओं का समाधान कर आमजन को राहत दें। इस मौके पर जिला कलक्टर ने विभागीय गतिविधियों व सम्पर्क पोर्टल पर दर्ज प्रकरणों की समीक्षा की और जनसुनवाई के दौरान बिजली आपूर्ति, पेयजल, पंचायत पुनर्गठन आपत्ति सहित प्राप्त कुल 6 परिवादों में संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। इस दौरान एडीएम मंगलाराम पूनिया, एएसपी दिनेश कुमार, एसडीएम रामकुमार वर्मा, डीवाईएसपी अनिल, डिस्कॉम एसई आरपी वर्मा, सांख्यिकी उपनिदेशक डॉ आरजी सेपट, बीडीओ जगदीश प्रसाद व्यास, बीसीएमओ डॉ मनीष तिवाड़ी, नायब तहसीलदार मुरारीलाल सहित ब्लॉक स्तरीय अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहे। इस मौके पर जिला कलक्टर ने रतनगढ़ उपखंड मुख्यालय पर प्रस्तावित कथा वाचन को लेकर निर्देश दिए कि सभी संबंधित अधिकारी सेवाओं व व्यवस्थाओं का समुचित प्रबंधन करें। पुलिस प्रशासन ट्रैफिक व सुरक्षा व्यवस्था का बेहतरीन प्रबंधन करें। इसी के साथ आयोजक पर्याप्त मात्रा में स्वयंसेवक नियुक्त करें ताकि आमजन को परेशानी न हो। उन्होंने इस दौरान रतनगढ़ - सरदारशहर रोड़ स्थित नंदीशाला में कथा वाचन स्थल का अवलोकन कर व्यवस्थाएं देखीं और आवश्यक निर्देश दिए। एसडीएम रामकुमार वर्मा ने व्यवस्थाओं से अवगत करवाया।

## गोवर्धन साक्षात श्रीकृष्ण का ही स्वरूपः मनमोहन कृष्ण महाराज

जयपुर टाइम्स



**सरदारशहर(निस)।** शहर के काका कॉलोनी में तंवर परिवार की ओर से चल रही संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के पांचवें दिन पंडित मनमोहन कृष्ण महाराज ने भक्तों को गिरिराज अवतरण, गोवर्धन पूजा, रासलीला, उद्धव ज्ञान, कृष्ण-रुक्मिणी विवाह सहित कई दिव्य प्रसंगों का श्रवण कराया। पंडित मनमोहन कृष्ण महाराज ने कहा कि गोवर्धन साक्षात श्रीकृष्ण का ही स्वरूप हैं। भगवान के दाहिने वक्षस्थल से गोवर्धन प्रकट हुए और बाएं वक्षस्थल से श्रीराधा जी। जब ब्रजवासियों ने श्रीकृष्ण के कहने पर इंद्र की पूजा करना छोड़ दिया तो इंद्र ने क्रोधित होकर मूसलधार वर्षा कर ब्रज को जलमग्न करने का प्रयास किया। तब भगवान श्रीकृष्ण ने अपनी कनिष्ठिका (छोटी उंगली) पर सात दिन-सात रात तक गोवर्धन पर्वत उठाकर ब्रजवासियों की रक्षा की। जब इंद्र को ज्ञात हुआ कि स्वयं नारायण गोवर्धन को उठा रहे हैं तो ऐरावत हाथी पर सवार होकर भगवान के चरणों में क्षमा मांगने आए। कथा में महाराज ने कंस वध, मथुरा विजय, जरासंध से संघर्ष एवं द्वारका की स्थापना की कथा विस्तार से सुनाई। इस दौरान महाराज ने कहा कि आज की युवा पीढी धन कमाने में लगी हुई है। लेकिन अपना कुल धर्म और मर्यादा का पालन बहुत कम कर रहे हैं। उन्होंने आज की युवा पीढी को भगवान श्री कृष्ण से संस्कार की सीख लेने की बात कही। जिसमें उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण स्वयं जानते थे कि वह परमात्मा हैं। उसके बाद भी वह अपने माता पिता के चरणों को प्रणाम करने में कभी संकोच नहीं करते थे। कथा में बड़ी संख्या में महिलाओं ने कथा का श्रवण कर पुन्य का लाभ कमाया।

## फटकारो मोरछड़ी को कार्यक्रम 13 को, पोस्टर का विमोचन

### शीष का दान व ड्राईफ्रूट का श्रृंगार रहेगा आकर्षण का केन्द्र




जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** श्रीश्याम अखंड ज्योत पाठ समिति चूरू की ओर से स्थानीय नागवानों के नोहरे में भव्य श्याम अखंड ज्योत पाठ का 11वां उत्सव फटकारो मोरछड़ी को कार्यक्रम रविवार को आयोजित किया जायेगा। नेपाली थीम पर मथुरा-वृंदावन से बाबा श्याम का दरबार बनाया गया है और ड्राई फ्रूट की मालाओं से बाबा का अलौकिक श्रृंगार सभी के आकर्षण का केन्द्र रहेगा। श्री श्याम अखंड ज्योत पाठ समिति के पवन जालान ने बताया कि दो दिवसीय आयोजन के तहत 12 अप्रैल शाम चार बजे श्याम बाबा को नगर भ्रमण करवाया जाएगा, जो सफेद घंटाघर के पास स्थित भारतीय स्टेट बैंक के पास वाली गली से भ्रमण के लिये रवाना होगा। नगर भ्रमण में निशान यात्रा सभी के आकर्षण का केन्द्र होगी। समिति के सदस्यों ने बुधवार को स्थानीय जैन गेस्ट हाउस में प्रेस वार्ता में पोस्टर का विमोचन कर जानकारी दी कि आयोजन को लेकर सभी तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि 13 अप्रैल को श्याम अखंड ज्योत पाठ फटकारो मोरछड़ी को कार्यक्रम होगा। उन्होंने बताया कि इस बार नेपाली थीम पर श्याम बाबा का दरबार मथुरा-वृंदावन से बनवा कर मंगवाया गया है, जिसकी लंबाई 60 फीट और ऊंचाई 25 फिट होगी। इसके साथ ही चूरू में पहली बार ड्राई फ्रूट की मालाओं से बाबा का भव्य श्रृंगार होगा। पाठ के रचयिता श्रीचंद शर्मा व खाटू धाम के महंत मोहनदास महाराज के सानिध्य में होने वाले कार्यक्रम में कोलकाता के पाठ वाचक विनोद पाठ का संगीतमय वाचन करेंगे। 13 अप्रैल को प्रातः 9.15 बजे बाबा श्याम की दिव्य ज्योत प्रज्ज्वलित की जाएगी, प्रातः 10.15 बजे श्री श्याम अखंड ज्योत पाठ का शुभारम्भ होगा। रात 9.15 बजे महाआरती होगी। इस दौरान कोलकाता के कलाकारों की ओर से नृत्य नाटिकाओं की प्रस्तुति दी जाएगी। इस दौरान शिव आराधना, बारात स्वागत, भीम विवाह, कन्यादान, श्याम जन्मोत्सव, बधाई गीत, बधाई वितरण व शीश का दान आदि प्रसंगों का मंचन किया जाएगा। इस अवसर पर छप्पन भोग, इत्र वर्षा, अखंड ज्योत व बाबा का अलौकिक दरबार आकर्षण का केंद्र रहेगा। पदाधिकारियों ने बताया कि कार्यक्रम को लेकर सभी पदाधिकारियों को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गई है।

## रोडवेज बस की टक्कर से स्कूटी सवार युवक घायल

जयपुर टाइम्स



**चूरू(निस)।** रोडवेज डिपो के पास बुधवार दोपहर रोडवेज बस ने स्कूटी को टक्कर मार दी। हादसे में स्कूटी सवार युवक जाकिर खान घायल हो गया। घटना के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने सड़क पर जाम लगा दिया। उन्होंने रोडवेज प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी और प्रदर्शन किया। सूचना मिलते ही सदर और कोतवाली थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। वार्ड पार्षद शाहरुख के अनुसार वार्ड 38 निवासी जाकिर खान अस्पताल में ड्यूटी के लिए जा रहा था। इसी दौरान कलेक्ट्रेट की तरफ से आई रोडवेज बस ने उसे टक्कर मार दी। बस कंडक्टर ने घायल को अस्पताल पहुंचाने की बजाय गाली-गलौज की, जिससे भीड़ आक्रोशित हो गई। यह इस स्थान पर पांच दिनों में दूसरी दुर्घटना है। तीन अप्रैल की रात को भी एक रोडवेज बस ने बाइक को टक्कर मार दी थी, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई थी। उस घटना के बाद प्रशासन ने रोडवेज डिपो के पास व्यवस्था में सुधार का आश्वासन दिया था, लेकिन कोई बदलाव नहीं आया। स्थानीय लोगों का कहना है कि रोडवेज बस ड्राइवरों की लापरवाही से आए दिन हादसे हो रहे हैं, लेकिन रोडवेज प्रशासन इसकी जिम्मेदारी लेने को तैयार नहीं है।

### नेता प्रतिपक्ष जूली पर अमर्यादित टिप्पणी का विरोध

## जिला कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति ने किया विरोध-प्रदर्शन

जयपुर टाइम्स



**चूरू(निस)।** जिला मुख्यालय पर चूरू जिला कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति के एक प्रतिनिधिमंडल की ओर से जिला कलेक्ट्रेट के आगे राजस्थान विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली के गत 6 अप्रैल को रामनवमी के दिन मंदिर में पूजा-अर्चना करने पर भाजपा नेता ज्ञानदेव आहूजा की ओर से नेता प्रतिपक्ष जूली पर अमर्यादित व अपमानजनक टिप्पणी करने के विरोध में बुधवार को भाजपा नेता ज्ञानदेव आहूजा का पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया गया और राज्यपाल के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन में कानूनी कार्यवाही करने व भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति नहीं होने की मांग की गई व ज्ञानदेव आहूजा पर शीघ्र सख्त कानुनी कार्यवाही नहीं किए जाने पर चूरू में बड़े स्तर पर विरोध प्रदर्शन की चेतावनी दी गई। विरोध प्रदर्शन करने वालों में चूरू जिला कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग के जिलाध्यक्ष विद्याधर मेघवाल, मोहनलाल आर्य, सोहनलाल मेघवाल, राम प्रताप कांटीवाल, डॉ. प्यारेलाल मेघवाल, राजेंद्र घांघू, भूरामल भाटिया, कन्हैयालाल चंदेल, श्रवण बसेर, लक्ष्मणराम सातडा, एडवोकेट सद्दाम हुसैन, पालाराम मेघवाल, चंद्राराम श्यामपुरा, रामलाल, भादरराम मेघवाल, सुशील स्वामी, अल्ताफ रंगरेज, राजकुमार सहित बड़ी संख्या पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## पूर्व नेता प्रतिपक्ष राठौड़ का जन्मदिन धूमधाम से मनाने को लेकर बैठक

जयपुर टाइम्स






**सरदारशहर(निस)।** शहर के मीणा कुएं पर स्थित पींचा गेस्ट हाउस में भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित हुई। बैठक में चूरू विधायक हरलाल सहारण ने आगामी 21 अप्रैल को राजेंद्र राठौड़ के जन्मदिवस के उपलक्ष में अधिक से अधिक संख्या में कार्यकर्ताओं से चूरु आने का आव्हान किया। विधायक हरलाल सहारण ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि राजस्थान की राजनीति के कद्दावर नेता जो सभी छोटे-बड़े कार्यकर्ताओं के लिए दिन-रात तत्पर रहते हैं। जिन्होंने चूरू जिले की माटी के लिए अपना जीवन समर्पित कर रखा है। ऐसे नेता के जन्मदिन के उपलक्ष में पुलिस लाइन चूरू में 21 अप्रैल को आयोजित होने वाले कार्यक्रम में हम सभी कार्यकर्ताओं को अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाना है। पूर्व विधायक अशोक पींचा ने कहा कि चुरू जिले को मरुस्थलीय जिला घोषित करवाने के लिए राजेंद्र राठौड़ ने अथक प्रयास किया है। जिसके परिणाम स्वरूप आज चूरू को राज्य सरकार की ओर से सैकड़ो सौगातें मिलनी शुरू हुई है। मरुस्थलीय जिला घोषित होते ही डार्क जोन से ट्रांसफर और राज्य सरकार की ओर से जिले के विकास के लिए और अधिक कार्य किए जाएंगे। हमारा दायित्व बनता है कि हम सब इस बार राजेंद्र राठौड़ के जन्म दिवस पर चूरू चलकर उनके मरुस्थलीय जिला घोषित करवाने के लिए आभार व्यक्त करें। पंचायत समिति प्रधान प्रतिनिधि मधुसूदन राजपुरोहित ने कहा कि राजेंद्र राठौड़ जमीन से जुड़े हुए नेता है और चूरू जिले के विकास में उनका सदैव ही अहम योगदान रहा है। हमारा सौभाग्य है कि ऐसे कद्दावर और दिग्गज नेता सरदारशहर जिनकी जन्मभूमि है। हमें उनका जन्म दिवस मनाने का सौभाग्य मिला है। इस बार हुए परिसीमन में सरदारशहर को मिली 3 नई पंचायत समिति तथा 20 नई ग्राम पंचायत राठौर की ही देन है। नगर परिषद सभापति राजकरण चौधरी ने कहा कि 36 कौम के नेता राजेंद्र राठौड़ के जन्म दिवस पर इस बार सरदारशहर से रिकॉर्ड संख्या में कार्यकर्ता चूरू जाकर उनका जन्म दिवस मनाएंगे। कार्यक्रम को पूर्व जिला उपाध्यक्ष पदम सिंह राठौड़, पूर्व प्रधान भैरोसिंह राजपुरोहित, विधानसभा संयोजक राजेंद्र सोनी, ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष मुरलीधर सैनी, भूमि विकास के चेयरमैन ईश्वरराम डूडी, मंडल अध्यक्ष राजेंद्र सिंह छाजूसर, मुकेश भामा, राजवीर सिंह, दीपक शर्मा, अश्विनी मकवाना, ओमप्रकाश नायक आदि ने संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन जिला परिषद सदस्य गिरधारी लाल पारीक ने किया। इस अवसर पर पूर्व मंडल अध्यक्ष मूलचंद दूगड़, राधेश्याम भार्गव, अमरचंद मीणा, गौरीशंकर शर्मा, अविनाश पारीक, हीरालाल बैनीवाल, रामनिवास पारीक, दुन्नीचंद जोशी, राकेश टाक, मनोज दर्जी, बाबूलाल प्रजापत, अजीज गौरी, प्रमोद राजपुरोहित, निरंजन धानका, प्रशांत स्वामी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

स्वात्वाधिकारी, कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामेश्वरलाल जाट द्वारा कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि., सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर में मुद्रित एवं सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर -302013 से प्रकाशित।
सम्पादक : नीतू चौधरी, सी-588, 4सी स्कीम, न्यू लोहा मण्डी रोड, जयपुर-302013 मो. : 7014217770, E-Mail : jaipurtimes2007@gmail.com *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार, समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर।